RNI-MPHIN/2005/14721
Po.-Malwa Division/244/2013-2016
Despatch Date - 02 December, 2016

अंक - 6 (मासिक) वर्ष - 12 दिसम्बर, 2016 मूल्य 30/-

अपनों के लिए-अपनी पत्रिका

# श्री माहेश्वरी टाईम्स

## अ.भा. माहेश्वरी महासभा

# सहमति की सम्पत्ति

## 14 में से 10 पदों पर बनी सर्वसम्मति














म.प्र. पश्चिमी सभा के बने नायक
**राजेन्द्र इनाणी**




**श्री माहेश्वरी मेलापक**
लोकार्पित



परम्पराओं की चितेरी
**सीमा मोदानी**


ADITYA BIRLA GROUP
Every building is your style statement
Build beautiful
Every structure you build is an everlasting testament to your expertise and effort. Make it a tribute to your creativity; a hallmark of your imagination; a statement of your aesthetic style. When you build to last forever, why build ordinary. Build beautiful.
UltraTech
CEMENT
The Engineer's Choice

अपनों के लिए अपनी पत्रिका

# श्री माहेश्वरी टाईम्स

RNI-MPHIN/2005/14721

▶▶ अंक-6 ▶▶ दिसम्बर, 2016 ▶▶ वर्ष-12

प्रेरणास्रोत
स्व. श्री बंशीलाल बाहेती
स्व. श्री मदनलाल पलौड़

प्रबंध सम्पादक एवं निदेशक
श्रीमती सरिता बाहेती

सम्पादक
पुष्कर बाहेती

संरक्षक
पद्मश्री बंशीलाल राठी (चैन्नई)
श्री नेमीचन्द तोषनीवाल (कोलकाता)
श्री बनवारीलाल जाजू (इन्दौर)

अतिथि सम्पादक
रमेश मर्दा (मुम्बई)

परामर्शदाता
दिनेश माहेश्वरी (भूतड़ा) मुम्बई/इन्दौर
घनश्याम करनानी (कोलकाता)

कला निदेशक
अक्षय आमेरिया

विधि सलाहकार
राजेन्द्र ईनाणी, एडव्होकेट (बागली)

सम्पादकीय सलाहकार
गोविन्द मालू (इन्दौर)
बाबूलाल जाजू (भीलवाड़ा)
बंशीलाल भूतड़ा 'किरण' (इन्दौर)

कार्यालय-
90, विद्या नगर (टेड़ी खजूर दरगाह के पीछे),
साँवेर रोड, उज्जैन-456010 (म.प्र.)
Phone : 0734-2526561, 2526761
Mobile : 094250-91161
e-mail : smt4news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती सरिता बाहेती द्वारा ऋषि ऑफसेट, श्री माहेश्वरी भवन, गोलामण्डी, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

▸ श्री माहेश्वरी टाईम्स में प्रकाशित सभी लेखों के विचारों पर सम्पादक/प्रकाशक की सहमति हो, यह आवश्यक नहीं है।
▸ सभी प्रसंगों का न्यायक्षेत्र उज्जैन (म.प्र.) होगा।

Bank A/c Detail-
Sri Maheshwari Times
■ PNB A/c. No. : 0459002100043471
IFSC- PUNB0045900

Tariff of Membership
Rs. 800/- for Three years
Rs. 3100/- for Life Time (12 Years)







इस बार बनेगी 'मन की महासभा' 27
पश्चिमी म.प्र. की बागडोर सम्भालेंगे एड. राजेन्द्र ईनाणी 9
असाध्य नहीं अस्थमा 61
परम्पराओं की चितेरी सीमा मोदानी 51
क्यों जरूरी है अर्थव्यवस्था में कठोर कदम 55
सम्मान स्वाभिमान का समर मानवाधिकार 57

विचार क्रान्ति

## बदलाव

जिन्दगी में बहुत सारे अवसर ऐसे आते हैं जब हम बुरे हालात का सामना कर रहे होते है और सोचते है कि क्या किया जा सकता है क्योंकि इतनी जल्दी तो सब कुछ बदलना संभव नहीं है, लेकिन हर बदलाव की शुरुआत बहुत ही बेसिक ढंग से होती है। कई बार तो सफलता हमसे बस थोड़े ही कदम दूर होती है कि हम हार मान लेते हैं जबकि अपनी क्षमताओं पर भरोसा रख कर किया जाने वाला कोई भी बदलाव छोटा नहीं होता और वो हमारी जिन्दगी में एक नीव का पत्थर भी साबित हो सकता है। चलिए एक कहानी के द्वारा समझने में आसानी होगी कि छोटा बदलाव किस कदर महत्वपूर्ण है।

एक लड़का सुबह सुबह दौड़ने को जाया करता था। आते जाते वो एक बूढी महिला को देखता था। वो बूढी महिला तालाब के किनारे छोटे छोटे कछुवों की पीठ को साफ़ किया करती थी। एक दिन उसने इसके पीछे का कारण जानने की सोची। वो लड़का महिला के पास गया और उनका अभिवादन कर बोला ' नमस्ते आंटी! मैं आपको हमेशा इन कछुवों की पीठ को साफ़ करते हुए देखता हूँ आप ऐसा किस वजह से करते हो?' महिला ने उस मासूम से लड़के को देखा और इस पर लड़के को जवाब दिया' मैं हर रविवार यंहा आती हूँ और इन छोटे छोटे कछुवों की पीठ साफ़ करते हुए सुख शांति का अनुभव लेती हूँ'। क्योंकि इनकी पीठ पर जो कवच होता है उस पर कचरा जमा हो जाने की वजह से इनकी गर्मी पैदा करने की क्षमता कम हो जाती है इसलिए ये कछुवे तैरने में मुश्किलका सामना करते है। कुछ समय बाद तक अगर ऐसा ही रहे तो ये कवच भी कमजोर हो जाते है इसलिए कवच को साफ़ करती हूँ।

यह सुनकर लड़का बड़ा हैरान था। उसने फिर एक जाना पहचाना सा सवालकिया और बोला 'बेशक आप बहुत अच्छा काम कर रहे है लेकिन फिर भी आंटी एक बात सोचिये कि इन जैसे कितने कछुवे है जो इनसे भी बुरी हालत में है जबकि आप सभी के लिए ये नहीं कर सकते तो उनका क्या क्योंकि आपके अकेले के बदलने से तो कोई बड़ा बदलाव नहीं आयेगा न।

महिला ने बड़ा ही संक्षिप्त लेकिन असरदार जवाब दिया कि भले ही मेरे इस कर्म से दुनिया में कोई बड़ा बदलाव नहीं आयेगा लेकिन सोचो इस एक कछुवे की जिन्दगी में तो बदलाव आयेगा ही न, तो क्यों हम छोटे बदलाव से ही शुरुआत करें।

# सम्मति ( सहमति ) के सिरमौर

अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के केंद्रीय पदों ही नहीं अधिकांश आंचलिक पदों पर भी सहमति से हुआ निर्वाचन इस दौर की अभूतपूर्व घटना से कम नहीं है। वस्तुतः मैं यहाँ सहमति की जगह सम्मति शब्द का इस्तेमाल करने के पक्ष में हूँ। इसलिए कि सहमति एक समझौता हो सकती है, लेकिन सम्मति विचारवान आशय है। यानी यह किसी मजबूरी या दबाव में लिया फैसला नहीं, विवेक और दिली भावनाओं का नवनीत है। समाज और संस्था के प्रति उन सबके समर्पण, सद्भाव और संबद्धता की प्रतिबद्धता का प्रतिफल है, जो हवा के रुख को बदल देने की ताकत और सामर्थ्य रखते हैं। मैं कहना यह चाहता हूँ कि सहमति की जो गंगधारा सबने मिलकर अवतरित की है, निश्चित ही आज यह अंतिम छोर तक पावन भावना का संप्रेषण करने में कहीं-न-कहीं अवरुद्ध हुई हो, लेकिन इसकी अकाट्य पावनता का असर उन सारे बंधनों को तोड़ देगा, जो किसी कारण इसकी राह में आ खड़े हुए हैं। मेरा इशारा अंचलों की सीटों के कर्णधारों की ओर भी है, जिनमें से कुछ ने सहमति की जगह चुनाव में सहमति का नया इतिहास बनने से रोक दिया। यदि अंचलों के सभी पदों पर भी इस तरह की सम्मति आ जाती तो आज महासभा के स्वर्णिम पृष्ठों में एक और का इजाफा हो जाता।

केंद्रीय पदों पर चयनित अध्यक्ष श्याम सोनी, महामंत्री संदीप काबरा, कोषाध्यक्ष आर एल काबरा, संगठन मंत्री अजय काबरा व समस्त चयनित आंचलिक पदाधिकारी निश्चित ही बधाई और शुभकामनाओं के पात्र हैं जिन्होंने समाज के सामने आदर्श स्थापित किया। उनसे भी ज्यादा पद्मश्री बंशीलाल राठी सहित वे सभी साधुवाद के पात्र हैं, जिनके सहयोग के बिना यह संभव नहीं था। उत्तरांचल और मध्यांचल में भी नया इतिहास रचा गया। कसक यह रह गई कि अब गंगा किनारे कोलकाता की सरजमीं पर 18 दिसंबर को चार पदों के लिए नौ प्रत्याशियों के बीच वही सब होगा जो सम्मति के लिए आघात से कम नहीं। चुनावी विद्रुपताओं से समाज और संस्था को बचाने के लिए सहमति पर समाज की एकजुटता का परचम लहराने वाली भावना कहीं दूर खड़ी उन लोगों पर तंज कस रही होगी, जिन्होंने सम्मति का मार्ग भंग करने में अपनी सफलता देखी, समाज का हित विरोध हित कर दिया। क्या समाज ऐसे लोगों को माफ कर सकेगा? इस सवाल का जवाब मेरे जेहन में भी आ रहा है। आपके मन मस्तिष्क में यदि कोई जवाब है, तो 'श्री माहेश्वरी टाईम्स' को प्रतिक्रिया बतौर लिख भेजें ताकि वे सबक ले सकें, जो भविष्य में इस कार्य के पक्ष में रहने का विचार भी रखते हों। अब देखना भर यह है कि महासभा से निकली इस पवित्र भावना का असर संगठन में कहां तक होता है? विश्वास यही है कि सभी संगठन सम्मति (सहमति) से फैसले करेंगे।

यह अंक आपके हाथ में है। हमेशा की तरह हमने आपकी अपेक्षा के अनुसार इस ढालने की कोशिश की है। अंक आपको कैसा? लगा अपनी प्रतिक्रिया से अवगत कराना न भूलें।

जय महेश।



**पुष्कर बाहेती**
सम्पादक

# समाज संगठन में सर्वसम्मति ही अधिक उचित

*समाज में प्रखर वक्ता व प्रेरक गुरु तथा महासभा के 27वें सत्र के मुख्य चुनाव अधिकारी के रूप में ख्यात श्री रमेश मर्दा (मुंबई) का जन्म राजस्थान के चूरू नामक शहर में ख्याति प्राप्त स्वतंत्रता सेनानी व शिक्षाविद् स्व. श्री भागीरथप्रसाद मर्दा के यहाँ हुआ। बी.कॉम. व एल.एल.बी. की शिक्षा पूरे राजस्थान में तीसरा स्थान प्राप्त कर पूर्ण की। शिक्षा के दौरान बेस्ट स्काउट ऑफ बीकानेर डिवीजन चुने जाने पर तत्कालीन राष्ट्रपति वी.वी. गिरी द्वारा सम्मानित किये गये। छात्र युनियन के अध्यक्ष के रूप में अपनी नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। आप माहेश्वरी प्रगति मंडल मुंबई के अध्यक्ष रह चुके हैं। निष्ठा के साथ आपने माहेश्वरी युवा संगठन को लगातार 8 वर्ष तक राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में सेवा देकर अपनी संगठन दक्षता एवम् विशिष्ट कार्यशैली का परिचय देते हुए युवाओं में नई जागृति का संचार किया। आप गुरुकुल विद्यालय, चूरू के ट्रस्टी तथा नवजागृति संस्था, मुंबई के संस्थापक अध्यक्ष भी हैं। सामाजिक क्षेत्र में पिछले 35 वर्षों से लगातार कार्यशील हैं व इस दौरान आपने सैकड़ों व्याख्यान, विचार गोष्ठी, सेमिनार व टॉक शोक प्रस्तुत किये हैं। इस संदर्भ में आपकी दो पुस्तकें मंथन और उड़ान अत्यंत लोकप्रिय व सराहनीय रही। आपके प्रखर सामाजिक चिंतन एवं स्नेहिल वाणी के पूरे देश में अनेकानेक प्रशंसक हैं। 'लाईफ ट्रांसफार्मिंग' क्षेत्र में सामाजिक संदर्भों के साथ "सपने और अपने" वर्कशॉप भी प्रस्तुत करते रहे। परिवार में जीवन संगीनी श्रीमती रेशमा दो पुत्रियाँ व एक पुत्र है। आजीविका के तौर पर पारिवारिक व्यवसाय से सम्बद्ध है। अ.भा. माहेश्वरी महासभा के लगातार 33 वर्ष से कार्यकारी मंडल सदस्य हैं। इस दौरान वे दो बार कार्य समिति के पदेन सदस्य रहे। महासभा विधान संशोधन समिति के संयोजक व महासभा चुनाव समिति के मुख्य चुनाव अधिकारी रहे।*



प्रजातांत्रिक पद्धति में चुनाव एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। बहुमत के आधार पर नेतृत्व प्राप्त होता है व इसी आधार पर निर्वाचित व्यक्ति अपनी कार्ययोजनाओं को आगे बढ़ाता है। जातीय सामाजिक संस्थाओं में भी यही पद्धति प्रचलित है अर्थात् किसी व्यक्ति विशेष अथवा कुछ लोगों द्वारा एकाधिकार की मनोवृत्ति के स्थान पर बहुमत पर आधारित व्यक्तियों द्वारा ही कार्य किया जाना चाहिये।

चुनाव की पद्धति श्रेष्ठ होते हुए भी इसके अपने अनेक गुण दोष हैं। विशेष रूप में जातीय संगठनों में तो इसके लाभ के साथ ही नुकसान के अनेक बिंदु भी स्पष्ट रूप से सामने आते हैं। चुनाव में खड़ा हुआ व्यक्ति जब येन-केन प्रकारेण चुनाव जीतना चाहता है, तब वास्तव में संगठन व समाज हार जाते हैं। कारण आपसी मतभेद-मनभेद बन जाते हैं। खर्च खाते होड़ की तरह बढ़जाते हैं, आत्मीयता बैर भाव में बदल जाती है। जीतने वाला सत्ता पक्ष और हारने वाला विपक्ष में बदल जाता है। हर छोटी-मोटी बात, विचार और कार्य में मत-मतांतर सामने आने लगते हैं। राजनीति में तो यह स्थिति ठीक हो सकती है, लेकिन समाज में कतई उचित नहीं है।

चुनाव के स्थान पर कुछ प्रबुद्ध अग्रणीय समाज बंधु, संपूर्ण परिस्थितियों को समझते हुए एकमत बनाते हुए उपयुक्त कार्यकर्ताओं में से नेतृत्व देने हेतु यदि चयन करें तो इस पद्धति से संगठन और समाज को अनेकानेक लाभ मिल सकते हैं।

संयोगवश महासभा के आगामी सत्र हेतु जोधपुर में कार्य समिति कार्यकारी मंडल की बैठकों में इस तरह का प्रस्ताव आया और सदन ने इसे सर्वानुमति से स्वीकार भी किया। समस्त सदस्यों व संपूर्ण माहेश्वरी समाज ने इसे सराहनीय कदम बताया। महासभा में प्रत्यक्ष चुनाव चर्चा के विषय रहे हैं। चर्चा इसकी श्रेष्ठता को लेकर नहीं, इसके खर्च खातों, व्यवस्थाओं, यात्राओं व आपसी मत-मतांतरों को लेकर रही। अतएव आगामी सत्र हेतु एक समिति का निर्माण हुआ। समिति ने महासभा के राष्ट्रीय पदों पर ही नहीं अनेक आंचलिक पदों पर भी निर्विरोध चयन करवा दिये। समाज ने इस कार्य से बड़ी राहत महसूस की है। हालांकी अभी भी कुछ आंचलिक पदों पर चुनाव की स्थिति बनी हुई है।

इस चयन प्रक्रिया पर सकारात्मक विचार तो मिले ही है, कुछ प्रश्न भी खड़े हुए हैं। प्रश्नों का उठना स्वाभाविक है, क्योंकि समिति का निर्माण व समिति द्वारा अपनाई गई कार्य पद्धतियाँ दोनों ही स्व स्फूर्ति से बनी है। इसके पीछे कोई गहन चिंतन नहीं हुआ था। मेरी व्यक्तिगत राय में समिति ने परिस्थितियों के अनुरूप उचित कार्य किया है। भविष्य में महासभा के चुनाव कार्य समिति- कार्यकारी मंडल की बैठकों में गहन विचार-विमर्श के बाद तय किये गये मार्गदर्शनों पर आधारित होने चाहिये। इसमें समिति का निर्माण, इसकी सदस्यता, प्रत्याशियों की पात्रता, चुनाव समिति की भूमिका, आंचलिक स्तर पर चुनाव इत्यादि अनेक विषयों पर चर्चा करके निर्णय लिए जाने चाहिये। यथा संभव चुनाव टालने चाहिये उसके स्थान पर मिल बैठकर चयन की पद्धति ही अपनानी चाहिए।

**रमेश मर्दा**
अतिथि सम्पादक
Mo. 98210 98196 | e-mail : marda_ramesh@yahoo.com

# श्री फलौदी माताजी



**हेड़ा, धूपड़, जाजू, समदानी, खटोड़, तुलावटिया, कयाल, मालानी, लोसल्या, गाँधी और टुवाणी आदि खाँप की कुलदेवी फलौदी माता**

माताजी का मंदिर राजस्थान के जोधपुर जिले से लगभग 105 किमी दूर मेड़ता रोड नामक छोटे से गाँव में स्थित है।मंदिर का निर्माण राजा नाहड़ राव परिवार द्वारा करवाया गया। उस समय फलौदी गाँव में फलौदी माता का एक कच्चा स्थान बना हुआ था। राजा ने उस कच्चे स्थान को एक छोटे मंदिर का रूप दे दिया जिसके पास ही, एक तालाब व एक बावड़ी भी खुदवाई जो आज भी मौजूद है।

## अनूठा तौरण द्वार

विक्रम संवत् 1013 में मंदिर बनवाने के पश्चात शीघ्र ही उस मंदिर में माँ फलौदी ब्रह्माणीजी की प्रतिष्ठा विक्रम संवत् 1013 में कराई, उस वक्त प्रतिष्ठा के लिए रत्नावली (रूण) नगरी से भोजक केशवदासजी के पुत्र लंकेसरजी को लेकर यहाँ आए और यहाँ प्रतिष्ठा कराई तथा बाल भोग के लिए उस वक्त राजा नाहड़ राव ने 52 हजार बीघा जमीन माताजी के नाम अर्पण की, जिसका सम्पूर्ण अधिकार लंकेसरजी को सौंपा।जिस वक्त राजा ने मंदिर की प्रतिष्ठा कराई, उसी दौरान एक तोरण द्वार यादगार के रूप में मंदिर के बाहर बनवाया गया जो कि प्राचीन संस्कृति एवं कलात्मकता का एक अद्‌भुत नमूना था। इसमें 9 चरणों में बँटा हुआ एक विशाल स्तम्भ दिखाई देता था। उसकी ऊँचाई उस वक्त 85 फुट थी। बाद में इस तोरण स्थान का उपयोग विशाल द्वीप स्तम्भ के रूप में किया जाने लगा। आसपास के इलाके के राजा, महाराजा अपने किलों (गढ़) के ऊपर खड़े होकर विशाल दूरबीनों की सहायता से नवरात्रि पर्व के समय माताजी की ज्योत के दर्शन करते थे जो इस तोरण के सबसे ऊपरी हिस्से पर दर्शन हेतु रखी जाती थी।

## काले खां का सबक

विक्रम संवत् 1014 को भोजक केशवदासजी, किरतोजी, बलदेवजी व सुमेरजी आदि ने मिलकर वैशाख सुदी तीज सोमवार को कुलदेवी फलदायनी के नाम से फलौदी नाम का गाँव बसाया जो आज मेड़ता रोड कहलाता है। विक्रम संवत् 1633 में बादशाह अकबर की फौज फलौदी (मेड़ता रोड) से होकर गुजरी। फौज के सूबेदार काले खाँ की नजर दूर से ही मंदिर के पास बने कलात्मक व 85 फीट ऊँचे भव्य तोरण पर पड़ी। काले खाँ स्वयं मंदिर के अंदर गया तथा मंदिर जिन चार प्रमुख खम्भों पर खड़ा था उनको तुड़वाना शुरू किया। तीन खम्भे तोड़े जा चुके थे। तब काले खाँ ने माताजी की मूर्ति तोड़ने की नीयत से गर्भगृह में प्रवेश करना चाहा उसी समय माँ भवानी फलदायिनी स्वयं प्रकट होकर क्रोध से दहाड़ उठीं और उन्होंने काले खाँ को जहाँ खड़ा था, वहीं जमीन से चिपका दिया। काले खाँ अपनी पूरी ताकत लगाकर हार गया उसने निराश होकर माँ भवानी के चरणों में अपना शीश झुकाकर स्वयं को मुक्त करवाने हेतु प्रार्थना की। तब माताजी ने उसे लूटपाट व मारकाट बंद करवाने को कहा। जब काले खाँ के आदेश से लूटपाट बंद हुई तब तक तोरण द्वार का मात्र एक हिस्सा बचा रह गया जो आज भी अपनी जगह विद्यमान है और इसी तरह मंदिर के अन्दर भी एक ही स्तम्भ सुरक्षित रहा जो आज भी स्थित है। मंदिर प्रांगण में ही ठहरने के लिए 15 कमरे बने हुए हैं। भोजन प्रसाद की भी अच्छी व्यवस्था है।

## नवरात्रि उत्सव

इस मन्दिर में नवरात्रि पर्व का अपना विशिष्ट स्थान है। वर्ष में दो बार यहाँ नवरात्रि पर्व चैत्र अमावस्या से प्रारम्भ होकर सप्तमी तक चलता है। द्वितीय नवरात्रि पर्व आसोज अमावस्या से लेकर सप्तमी तक चलता है। इस दौरान अमावस्या से लेकर छट तक किसी प्रकार का भोग व प्रसाद माताजी को नहीं चढ़ता। सप्तमी के दिन माताजी को भोग लगता है। इस मन्दिर में भारत के कोने-कोने से यात्री व भक्त आते हैं और माँ के दरबार में मन माँगी मुरादें पूरी पाते हैं। नवरात्रि पर्व के समय यह मन्दिर एक मेले का रूप ले लेता है। वर्तमान समय में कुछ उत्साही युवकों द्वारा सही मार्गदर्शन कराने से यात्रियों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है तथा मन्दिर विकास कार्य भी तीव्र गति से प्रारंभ हुए हैं।,

## कैसे पहुंचें

ग्राम मेड़ता रोड (फलौदी) जोधपुर से 105 किमी, बीकानेर से 162 किमी तथा अजमेर से लगभग 95 किमी दूर स्थित है। ट्रेन द्वारा जोधपुर, बीकानेर या अजमेर पहुँचकर यहाँ से बस, किराए या स्वयं के चौपहिये वाहन द्वारा यहाँ पहुँचा जा सकता है।

**पत्र व्यवहार का पता -** व्यवस्थापक, ब्राह्मणी माता मंदिर, मेड़ता रोड, नागौर, फोन-01591-276285

हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाओं सहित...

# JAMANA TRADING CO.

**Post Asop Dist. Jodhpur (Raj)**
**Mob: 9413062186**
**(S.N Heda)**

## M/s MAHESH INDUSTRIES

**Manufacture of R.C.C Hume Pipe**
**A.T Road - Lahowal**
**Post : Dibrugarh (Assam)**
**Mob : 94350 33753**
**(J.P Heda)**

## M/s MARBLE CENTRE

**Dealer in Marble Granite Italian Import**
**Rajhat P.O. Dibrougarh (Assam)**
**Mob : 99371 89391**
**(Raja Heda)**

## M/s COMMERCIAL MARBLES

**NH By Pass Junction**
**Edappally, Cochin - 24**
**Mob : 94470 35810**
**(B.G Heda)**


Srinivas


J.P. Heda


B.G. Heda


Raja Heda

*With Best Compliments from*

**Balkrishan Bang**
9461434230

**Ramprakash Bang**
9388605053

**Rameshwarlal Bang**
9414496331

**DR. Vijay Bang**
8129272101

**Bharat bang**
9495932910

**Vinay Bang**
7300145696

**Bang Krshi Farm**
Paladi Ranwata,
Dist. Jodhpur (Raj.)

**Bang Property**
Kachery Choraya,
Jodhpur (Raj.)

**Bang Krshi Farm**
Rampuriya
Dist. Bara (Raj.)

# MARBLE CENTRE

**Wholesale Dealer Of Granite, Tiles ,Marble, Ceramic Tiles**

**Ramprakash Bang**
(Secretary Maheshri Sabha Cochin)

**Pramila Bang**
(Vice Prasident MMM. Cochin)

32/1476, Palarivattom Bye Pass, Near Asianet, Palarivattom, Cochin - 682025, Kerala.
PH. 0484 2340122, 2340583, E-mail:- vijaybang1989@yahoo.com




# NATURAL MARBLES

**— VARAPUZHA (KOCHI) —**

DEALERS IN VITRIFIED TILES AND GRANITES.

having company products of SOMANY AGL CERA JOHNSON Simpolo ZEALTOP etc.

# पश्चिमी मप्र की बागडोर राजेंद्र ईनानी के हाथ

## विवादों में उलझे फैसले को विधान ने सुलझाया, उनका निर्वाचन ही सही

**बागली।** पश्चिमी मप्र प्रादेशिक सभा का अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व बागली (जिला देवास) निवासी ख्यात एडवोकेट व समाजसेवी राजेंद्र इनानी संभालेंगे। विवादों में उलझे इस पद का फैसला आखिरकार केंद्रीय चुनाव समिति ने भी श्री ईनानी के पक्ष में ही सुनाया है।

**हुआ क्या था**

पश्चिमी मप्र प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के चुनाव गत 23 अक्टूबर को सम्पन्न हुए थे। इसमें जय महेश पेनल ने एकतरफा जीत हासिल की। अध्यक्ष पद हेतु जय महेश पेनल से राजेंद्र ईनानी (बागली) व विकास पैनल से ईश्वर बाहेती (इंदौर) एवं निर्दलीय के रूप में ओमप्रकाश भराणी (घाटा बिल्लौद) उम्मीदवार थे। मतगणना में राजेंद्र ईनानी व ईश्वर बाहेती को समान 91-91 मत व ओमप्रकाश भराणी को 88 मत प्राप्त हुए थे। श्री ईनानी व श्री बाहेती को बराबर मत प्राप्त होने पर देररात तक निर्णय नहीं हुआ व विधान की समीक्षा होती



रही। निर्वाचन अधिकारी श्री मोदानी ने विधान की मंशा का पालन करते हुए अध्यक्ष का एक अतिरिक्त मत लेकर उसे विधिवत सील करके केंद्रीय निर्वाचन समिति से निर्देश प्राप्त कर फैसला करने का निर्णय लिया।

**क्यों हुआ उनके पक्ष में फैसला**

प्रदेशाध्यक्ष पद के इस विवाद में केंद्रीय चुनाव समिति ने अंतिम रूप से श्री ईनानी के पक्ष में फैसला सुना ही दिया। श्री माहेश्वरी टाईम्स ने तो पूर्व में ही इसी फैसले पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया था। कारण यह है कि विधानुसार श्री ईनानी का निर्वाचन ही उचित था। जब इस चुनाव में अध्यक्ष का मत लिया जा चुका था तो फैसले को न माना विधान विरुद्ध था। अध्यक्ष के मत के अंतिम रूप से श्री ईनानी ही विजेता घोषित किए गए। विधान में स्पष्ट है कि समान संख्या में मत प्राप्त होने पर अध्यक्ष को एक अतिरिक्त मत देने का अधिकार होगा अथवा चिट्ठी निकालकर भी निर्णय लिया जा सकेगा। इससे स्पष्ट है कि यदि किन्हीं कारणवश अध्यक्ष अपना एक अतिरिक्त मत देने में असमर्थ हो या अनुपस्थित हो, तो ही द्वितीय विकल्प में चिट्ठी डालकर निर्णय लिया जा सकता है।

**एक नज़र...**

## समर्पित समाजसेवी हैं
# श्री ईनाणी

बागली (मप्र) में प्रख्यात एडवोकेट स्व. श्री रामगोपाल ईनाणी के यहां 24 मार्च 1951 को जन्मे एडवोकेट राजेंद्र ईनाणी न सिर्फ कानूनविद हैं, बल्कि ऐसे समर्पित समाजसेवी भी हैं, जिन्होंने अपने जीवन के लगभग 30 वर्ष समाज की सेवा को समर्पित किये हैं। श्री ईनाणी 40 वर्षों से एडवोकेट के रूप में सेवा दे रहे हैं। साथ ही अपनी 30 वर्षों की इस समाजसेवा में पश्चिमी मप्र माहेश्वरी युवा संगठन में अध्यक्ष तथा पश्चिमांचल माहेश्वरी सभा में उपाध्यक्ष रहे। अभा माहेश्वरी महासभा में 2 सत्रों तक कार्यकारिणी सदस्य भी रहे हैं।

### ईनाणी परिवार अर्थ 'एडवोकेट फैमिली'

समाज में ईनाणी परिवार की प्रतिष्ठा विशेष रूप से एडवोकेट फैमिली के रूप में है। कारण परिवार के अधिकांश सदस्यों का इसी क्षेत्र में अग्रसर होना है। श्री ईनाणी के पिता स्व. श्री रामगोपाल ईनाणी स्वयं ख्यात एडवोकेट थे। श्री ईनाणी 6 भाई रहे हैं। सबसे बड़े भाई श्री सतीशचंद्र ईनाणी भी एडवोकेट थे। इसके साथ ही कांग्रेस से सक्रिय राजनीति में रहते हुए उन्होंने विधानसभा चुनाव भी लड़ा था। शेष भाइयों में से भी केवल एक मुख्य चिकित्सा अधिकारी रहे हैं। इनके अलावा बाकी सभी भाई ही नहीं बल्कि भतीजे व स्वयं की धर्मपत्नी व दोनों पुत्र भी एडवोकेट ही हैं।

### समाजसेवा की राह पर भी धर्मपत्नी

श्री ईनाणी की धर्मपत्नी एडवोकेट राजकुमारी ईनाणी भी समाजसेवा के पथ पर उनका कंधे से कंधा मिलाकर साथ दे रही हैं। वे देवास जिला माहेश्वरी महिला मंडल से लंबे समय से सक्रिय सदस्या के रूप में सम्बद्ध हैं। इस दौरान जिला महिला मंडल की सचिव रहीं और वर्तमान में जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही हैं।

### क्या करना चाहते हैं नवागत प्रदेशाध्यक्ष

नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष श्री ईनाणी का सपना प्रदेश के कोने-कोने अर्थात दूरदराज के क्षेत्र तक संगठन को पहुँचाकर समाज को प्रतिष्ठित करवाना है। महासभा व प्रदेश संगठन की विभिन्न योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाना ही उनका प्रमुख लक्ष्य रहेगा। उक्त जानकारी देते हुए चर्चा में श्री ईनाणी ने बताया कि बाहर से प्रदेश में आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधानुरूप आवास उपलब्ध करवाना भी लक्ष्य रहेगा। इसके लिये संगठन सिंहस्थ नगरी उज्जैन में निर्मित हो रहे भव्य भवन ''महेश धाम'' में तो सहयोगी बनेगा ही, साथ ही ओंकारेश्वर में भी अभा माहेश्वरी सेवा सदन के माध्यम से भवन निर्माण करवाने का प्रयास किया जाएगा। समाज के आर्थिक विकास के लिये उद्यमियों व युवाओं को नवीन तकनीकों से जोड़कर प्रदेश में उद्योग स्थापना के लिये प्रोत्साहित करेंगे। इसके साथ ही समाज के उद्योगों में समाज के युवाओं को रोजगार के अवसर विशेष रूप से प्राप्त हों, इसका पूर्ण प्रयास होगा। वर्तमान में वैवाहिक सम्बंध तय करने में आ रही परेशानियों को सामाजिक स्तर पर ही निराकृत करने की सर्वसम्मति योजना से बनाएँगे।



## विवाह बन्धन में 'ख्याति-पीयूष'

**इन्दौर। ख्यात वास्तुविद् के.सी.आर. तोषणीवाल व सरोज तोषणीवाल की सुपुत्री ख्याति गत दिनों इन्दौर में आयोजित विवाह समारोह में त्रिभुवन-उमा लड्ढा के सुपुत्र पीयूष के साथ विवाह बन्धन में बन्ध गईं।**

## दीपावली मिलन समारोह



**दुर्ग.** जिला माहेश्वरी सभा के आतिथ्य में श्री माहेश्वरी पंचायत दुर्ग द्वारा प्रदेशस्तरीय दीपावली मिलन समारोह गत 6 नवंबर को आयोजित किया गया। इसमें प्रदेशाध्यक्ष विठ्ठल भूतड़ा, महामंत्री नारायण राठी, संगठन मंत्री राजकुमार राठी, उपाध्यक्ष विजय दम्मानी, अशोक राठी, नरेंद्र लोहिया, संयुक्त मंत्री सुरेश मूंदड़ा, रामकिशोर केला व राधेश्याम राठी के निर्वाचन पर अभिनंदन किया गया। श्री माहेश्वरी पंचायत दुर्ग अध्यक्ष ओमप्रकाश टावरी ने अतिथियों का अभिनंदन किया। जिला माहेश्वरी सभा अध्यक्ष राजकुमार गांधी ने भी संबोधित किया। आभार सचिव राजकुमार केला ने माना।

## परिवार प्रतिवेदन समिति की हुई बैठक



**जैसलमेर.** स्थानीय संगठन द्वारा परिवार परिवेदना निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें पुनर्विवाह, रोजगार सहित विधिक समस्याओं पर चिंतन किया गया। प्रखर समाजसेवी शिव शाह का इस अवसर पर अभिनंद किया गया। श्री शाह ने गत दो माह में निरंतर प्रयास कर दो विधवाओं का दो विधुर के साथ परिणय करवाया है। कार्यक्रम संयोजक, साहित्यकार हरिप्रकाश राठी थे। विमला गट्टानी, आशा फोफलिया, कवयित्री स्वाति'सरु' जैसलमेरिया, शशि बिड़ला, एडवोकेट नंदकिशोर चांडक, उद्योगपति ओमप्रकाश फोफलिया आदि मौजूद थे।

## रंगोली स्पर्धा में भरे सपनों के रंग

**उज्जैन.** माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा माहेश्वरी भवन में दीपावली मिलन समारोह मनाया गया। इस अवसर पर सदस्यों के लिए रंगोली स्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रथम आशा मंत्री, द्वितीय नर्बदा सारड़ा, तृतीय उषा सोडानी रहीं। विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये। माधुर राठी, उषा भट्टड़, मनीषा राठी, सरिता बाहेती, पुष्पा बाहेती, पुष्पा मंत्री आदि उपस्थित थीं।

## मोहता को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार



**नागपुर.** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन के दशम सत्र की अंतिम कार्यकारिणी सभा 15 अक्टूबर हरिद्वार में आयोजित सभा में राष्ट्रीय 10 समितियों में से सर्वश्रेष्ठ प्रथम पुरस्कार महिला अधिकारी समिति की संयोजिका कमला मोहता नागपुर को दिया गया। इस दशम सत्र के कार्यों को सर्वश्रेष्ठ कार्य करने हेतु प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। यह पुरस्कार राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशीला काबरा, महामंत्री कल्पाना गगडानी एवं पूर्व अध्यक्ष मनोरम लड्ढा, लता लाहोटी, गीता मूंधड़ा, विमला साबू तथा शोभा सादानी के हाथों प्रदान किया गया।

## दीपावली अन्नकूट महोत्सव

**नागदा.** माहेश्वरी समाज नागदा दीपावली मिलन व अन्नकूट महोत्सव माहेश्वरी भवन पर मनाया। इस मौके पर नवनियुक्त पश्चिमांचल समाज अध्यक्ष राजेंद्र ईनानी, जिला समाज अध्यक्ष डॉ. वासुदेव काबरा, सचिव गोपाल मोहता व पूर्व जिलाध्यक्ष जिला युवा अध्यक्ष बसंत मालपानी, सचिव प्रियेश मोहता, जिला महिला मंडल सचिव हेमा मोहता आदि मौजूद थे। इस मौके पर माहेश्वरी समाज महिला मंडल का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। इसमें देवरानी-जेठानी रेम-वाक स्पर्धा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन-समाज सचिव घनश्याम राठी द्वारा किया गया। समाज ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंद मोहता, गोपाल मोहता, अशोक बिसानी, महेंद्र बिसानी, गोरधनलाल सर्राफ, गिरीराज मालपानी, ओमप्रकाश मोहता, प्रशांत राठी, गिरीराज राठी, महिला मंडल अध्यक्ष ज्योति गगरानी, ज्योति मोहता आदि मौजूद थीं।

"अब कहां दुआओं में
वो बरकतें,
वो नसीहतें वो हिदायतें,
अब तो बस जरूरतों का
जुलूस है,
मतलबों के सलाम हैं।"

# सेवल्या माताजी का हुआ रात्रि जागरण

**बागोर.** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्तिक शुक्ल सप्तमी पर सोनी व कोठारी परिवार की कुलदेवी सेवल्या माताजी का रात्रि जागरण सम्पन्न हुआ। बागोर निवासी रामजस सोनी ने बताया कि 7 नवंबर सायं को भजन गायिका सुमन सोनी की भजन संध्या हुई। प्रातः 8 नवंबर सुबह वार्षिक साधारण सभा व कार्यसमिति की बैठक सुनीता कोठारी के सान्निध्य में आयोजित हुई। बैठक का संचालन कैलाशचंद्र कोठारी व जीतू भाई कोठारी ने किया। इस बैठक में राजेंद्र कोठारी भीलवाड़ा, दिलीप सोनी औरंगाबाद, सुरेश सोनी, राजाराम सोनी हैदराबाद, नंदलाल सोनी निजामाबाद के अलावा बाहर से आए कई सोनी व कोठारी बंधु उपस्थित थे। इस बैठक में मंदिर के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया एवं इसके लिए दानदाताओं ने सहयोग दिया। इस अवसर पर नये ट्रस्टी बनने पर शांतिलाल कोठारी अहमदाबाद व किशोर बड़गांव का मेवाड़ी पगड़ी व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। साथ ही भजन गायिका श्रीमती सोनी व बालमुकुंद सोनी का भी सम्मान किया गया। कैलाशचंद्र कोठारी द्वारा आभार व्यक्त किया। महाप्रसादी का आयोजन भी हुआ। इसमें पूर्व सभापति रामपाल सोनी सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद थे।




**आस्था के अजब नजारे**

माताजी के प्रति लोगों में इतनी अटूट श्रद्धा है कि अनेक व्यक्ति बीमार होते हुए भी इस रात्रिजगा में आए। इसमें दाहोद से आई भारती सोनी भी थीं, जिनके हाथ में फ्रैक्चर था। सूरत से आए देवीलाल सोनी को ऑक्सीजन गैस सिलेंडर लगा हुआ था। अहमदाबाद से आये शांतिलाल कोठारी कार्यक्रम से तीन दिन पहले ही आईसीयू में भर्ती थे। भीलवाड़ा निजी कार्यक्रम में आये श्याम सोनी व पुष्कर सेवा समिति के मंत्री कैलाश कोठारी भी माताजी के दर्शनार्थ यहाँ पहुँचे। अतिथियों का स्वागत समिति द्वारा किया गया।

# कोटा के सर्वसम्मति से हुए चुनाव



**कोटा.** अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के सर्वसम्मति से आगामी सत्र के निर्वाचित अध्यक्ष श्याम सोनी (नागपुर) एवं महामंत्री संदीप काबरा (जोधपुर) का कोटा आगमन पर माहेश्वरी प्रगति मंडल दादाबाड़ी भवन में कोटा नागरिक सहकारी बैंक एवं श्री माहेश्वरी समाज कोटा के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला एवं माहेश्वरी समाज की सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों के द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्वी प्रदेश राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष बालकृष्ण बांगड़, मंत्री घनश्याम लाठी एवं कोटा जिले के गणमान्य समाजबंधु उपस्थित थे। इसी अवसर पर कोटा जिला माहेश्वरी सभा के चुनाव राजेशकृष्ण बिरला तथा चुनाव अधिकारी किशनलाल काबरा, रामस्वरूप चौधरी, सुरेंद्र बहेड़िया की देखरेख में सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए। इसमें अध्यक्ष किशनदास मोहता, मंत्री ओम गट्टानी और कोषाध्यक्ष प्रमोद कासट को पुनः निर्विरोध चुना गया। इसके साथ ही कृष्णकुमार गगरानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सत्येंद्र बहेड़िया उपाध्यक्ष कोटा, कन्हैयालाल सांभरिया उपाध्यक्ष कैथून व रामरतन अजमेरा दिगोद उपाध्यक्ष ग्रामीण, अशोक नुवाल संयुक्त मंत्री कोटा, एनके माहेश्वरी रामगंजमंडी एवं गजानंद आगीवाल मंडाना संयुक्त मंत्री ग्रामीण और ललिता बाहेती संगठन मंत्री चुने गये।

कविता -
सौ. सुमिता राजकुमार मूंधड़ा



## पचपन में बचपन दोहराओ

बचपन तो शिक्षा- दीक्षा में बीता ,
अनुशासन- संस्कारों को सीखा ।
युवावस्था में कदम रखा जब ,
दायित्व भरी थी गृहस्थ - गीता ।

बूढ़े माँ -बाप का बनकर सहारा,
बच्चों की खुशियों को निभाया ।
जीवनसाथी संग कदम मिलाकर,
जिम्मेदारियों को पार लगाया ।।

अब आई है बूढ़ापे की बारी ,
मन बोझिल तन भी है भारी ।
मुरझाने लगी जीने की क्यारी,
बस यादें लगती सबसे प्यारी।।

समय बहुत विकट है आया ,
जबसे बुढ़ापा है मंडराया ।
सांसो पर भी है संकट छाया ,
इस डर ने दुःख को गहराया ।।

सोच बदल दो यह तुम सारी ,
पूरी हो गई है सब जिम्मेदारी ।
आकांक्षाए पूरी कर लो सारी ,
आई फिर से है जीने की बारी ।।

खुलकर जीओ और मुस्कुराओ ,
लोक-लाज ना दिल से लगाओ,
तन्हाई को निकट ना लाओ ।
बुढ़ापे को खुशी से अपनाओ।।

जो पल पीछे छोड़ हैं आयें ,
भागदौड़ में जो स्वप्न भुलायें ।
उन्हीं पलों को फिर से जीने ,
पचपन में बचपन दोहरायें।।

7/8 अचल प्लाजा, 60 फीट रोड, मालेगांव, नाशिक ( महाराष्ट्र ), मो. 7798955888

"जलो वहाँ
जहाँ जरूरत हो..
उजालों में
चिरागों के
कोई मायने नहीं होते।"

## माहेश्वरी को भारत गौरव रत्न अवॉर्ड



**जयपुर.** गत दिनों ख्यात समाजसेवी व व्यवसायी विट्ठल माहेश्वरी (तोषणीवाल) को इंडियन आर्गेनाइजेशन फॉर कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा पणजी-गोवा में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिष्ठित ''भारत गौरव रत्न अवॉर्ड'' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में देश के राजनयिक डॉ. वी.बी. सोनी, दमन व दीव के सांसद नेमीचंद जैन, सेंट्रल बैंक लि. के अध्यक्ष करतमराम बाबू सहित देश की कई हस्तियाँ उपस्थित थीं। उल्लेखनीय है कि श्री माहेश्वरी जयपुर माहेश्वरी समाज, एमसीसीए गर्ल्स होस्टल सहित कई संस्थाओं से सम्बद्ध होकर अपनी सेवाएँ दे रहे हैं।



## बाल मेले का हुआ आयोजन

**नागपुर.** त्रिनयन माहेश्वरी महिला संगठन, पश्चिम नागपुर द्वारा बाल मेले 'आओ तुम्हे चाँद पर ले जाये' का आयोजन किया गया। श्रद्धानंद अनाथ आश्रम के सभी 75 बच्चों को ट्रैफिक पार्क में सुबह 9 से शाम 4 बजे तक तरह-तरह के मनोरंजन के साथ विविध स्टॉल पर खान-पान और गेम्स रखे गए। इस उपक्रम की संकल्पना, संगठन सदस्य तारा नबीरा एवं कंचन चांडक द्वारा की गई। आशा सारड़ा, अर्चना मोहता, रंजू चांडक, सुषमा चांडक और किरण मूंदड़ा का सहयोग रहा। अध्यक्ष कांता सारड़ा, सचिव मंगला भूतड़ा, पद्म राठी, किरण राठी, इंद्रा मंत्री, आशा चांडक ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## मराठवाड़ी ऑयडल का हुआ आयोजन

**औरंगाबाद.** सकल मारवाड़ी युवा मंच द्वारा गत दिनों कार्यक्रम मराठवाड़ी ऑयडल का आयोजन किया गया। इसमें 14 वर्ष से कम आयु समूह में प्रथम प्रथमेश करवा व द्वितीय सिद्धांत झँवर तथा 14 वर्ष से अधिक आयु समूह में प्रथम विशाखा राठी, द्वितीय मयूर पाटणी,



तृतीय ईश्वर शर्मा व शीतल सारड़ा रहीं। निर्णायक बॉलीवुड फेम श्रेयस पुराणिक मुंबई, दीपमाला लोहाड़े (पुणे) व पं. विश्वनाथ दशरथ औरंगाबाद थे। अतिथि के रूप में डॉ. पुरुषोत्तम दरक, महावीर पाटनी, अनिल सोनी सहित ब्राह्मण, पुरोहित, सेन, राजपूत, खंडेलवाल, सोनार, जाट आदि कई समाजों के अध्यक्ष उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन आशीष मेहता ने किया। प्रकल्प प्रमुख आशीष सोमानी, आशीष मेहता, अनूप काबरा, विकास पाटनी आदि मौजूद थे।

## सोमानी अध्यक्ष, कोठारी सचिव



राजकुमारी सोमानी



शकुंतला कोठारी

**आलीराजपुर.** जिला माहेश्वरी सभा के चुनाव विदर्भ प्रादेशिक महिला सभा की चुनाव पर्यवेक्षक सरोज सोनी धार की उपस्थिति एवं निर्मला काबरा आलीराजपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुए। इसमें अध्यक्ष पद पर राजकुमारी श्यामसुंदर सोमानी एवं सचिव पद पर शकुंतला सत्यनारायण कोठारी निर्विरोध चुनी गईं।

## उपलब्धियाँ

### हर्ष बिहानी बने सीए



**हावड़ा.** फरीदाबाद महिला मंडल सचिव बिनोद बिहानी के भतीजे हर्ष सुपुत्र पवन-बिंदु बिहानी ने सीए की अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण की हर्ष सीएस भी हैं और वर्तमान में बेंगलुरु में कार्यरत हैं।

### यशस्वी का ग्रेंट मेडिकल कॉलेज में प्रवेश



**जैसलमेर.** माहेश्वरी समाज की बेटी यशस्वी राठी पुत्री दिनेश राठी ने AIPMT 2016 की परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रतिष्ठित 'ग्रेंट मेडिकल कॉलेज मुम्बई' में प्रवेश प्राप्त किया है। यशस्वी भविष्य में कार्डियोलॉजिस्ट बनने का लक्ष्य रखती हैं।

> मन में जो है
> साफ-साफ
> कह देना चाहिए
> क्योंकि
> सच बोलने से फैसले होते हैं
> और
> झूठ बोलने से फासले।

## सेवा सदन में दम्माणी



**बीकानेर.** माहेश्वरी समाज की शीर्ष संस्था श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन (पुष्कर) की वर्तमान प्रबंध कारिणी समिति में बीकानेर शहर से प्रतिनिधि के रूप में नारायणदास दम्माणी का चयन किया गया है। इस नियुक्ति पर बीकानेर माहेश्वरी समाज ने हर्ष व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि श्री दम्माणी वर्तमान में बीकानेर जिला सभा में महामंत्री व बीकानेर शहर की पारिवारिक संस्था श्री प्रीति क्लब में महासचिव पद भी संभाल रहे हैं।

## सोनी बने समाज व्यवस्थापक



**आंगूचा.** गत 24 अक्टूबर को माहेश्वरी भवन में आयोजित समाज की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि समाज का कार्यभार संभालने वाला व्यक्ति समाज का अध्यक्ष न होकर व्यवस्थापक होगा। इस बार यह जिम्मेदारी समाज के वरिष्ठ सदस्य परसराम सोनी को दी गई। इससे पूर्व के कार्यकाल में कन्हैयालाल सोनी ने समाज का कार्यभार संभाल रखा था।

## कोठारी ने मारी बाजी



**मेरठ.** इनरव्हील क्लब द्वारा मुजफ्फनगर जिले में एक प्रादेशिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें ज्योत्सना कोठारी मेरठ ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर संपूर्ण माहेश्वरी समाज व मेरठ का नाम रोशन किया है।

## पनपालिया बने संचालक



**आर्णी.** पवन पनपालिया कृषि उपज मंडी के निर्विरोध संचालक चुने गये। श्री पनपालिया यवतमाल जिला माहेश्वरी संघटन के संगठन मंत्री भी हैं। उनक इस उपलब्धि पर समस्त स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

> जब तक तुम्हारे पास पैसा है,
> दुनिया पूछेगी भाई तू कैसा है।

## 'श्री माहेश्वरी भवन' के हॉल का लोकार्पण



**श्रीगंगानगर.** गत 4 नवंबर को श्री माहेश्वरी सेवा समिति, श्रीगंगानगर (राजस्थान) द्वारा संचालित "श्री माहेश्वरी भवन" के द्वितीय तल पर समिति के भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. श्री प्रो. शंकरलाल बिहाणी तथा भूतपूर्व सहसचिव स्व. श्री जगदीशप्रसाद मूंधड़ा परिवारों के सौजन्य से संयुक्त रूप से 34 बाय 45 के हॉल का निर्माण किया गया है। श्री माहेश्वरी युवा सेवा समिति, श्री गंगानगर द्वारा आयोजित दीपावली स्नेह मिलन समारोह में स्व. श्री शंकरलाल बिहाणी के ज्येष्ठ पुत्र मनोज बिहाणी तथा स्व. श्री जगदीशप्रसाद मूंधड़ा की धर्मपत्नी श्रीमती सुमनलता के कर-कमलों द्वारा इस नवनिर्मित हॉल का उद्घाटन किया गया। नवनिर्मित हॉल के निर्माण में सहयोग देने हेतु श्री बिहाणी तथा श्रीमती मूंधड़ा को शॉल तथा चाँदी का श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुकेश बिहाणी, महेश बिहाणी, मनीष बिहाणी, संदीप मूंधड़ा, संजीव मूंधड़ा, चंदन मूंधड़ा तथा उनके परिवारों के अन्य सदस्यों का समिति अध्यक्ष मोहनलाल चितलांग्या, उपाध्यक्ष भगवानदास चांडक, कोषाध्यक्ष घनश्याम बिन्नाणी तथा योजना एवं क्रियान्वयन मंत्री अनिल होलाणी ने माल्यार्पण कर आभार व्यक्त किया।

## स्थानीय माहेश्वरी मंडल द्वारा अन्नकूट छप्पनभोग




**आर्णी.** स्थानीय माहेश्वरी मंडल ने इस वर्ष साईं मंदिर में समाज के सभी परिवारों के लिए दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन अन्नकूट के साथ किया। साईं मंदिर में भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी तथा बाल गोपाल की मूर्ति की भव्य सजावट की गई थी। आर्णी कृषि उपज मंडी में संचालक के तौर निर्विरोध चुने गए पवन पनपालिया का पूर्व जिला संयोजक धनराज चांडक के हाथों शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सफलता हेतु मंडल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सहमहिला मंडल पदाधिकारियों व सदस्यों ने प्रयास किये। कार्यक्रम में समाज के सभी परिवारों के छोटे-बड़े सदस्य मौजूद थे।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी ने ली पद की शपथ

**जगदलपुर.** छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के सप्तम सत्र की प्रथम कार्यकारिणी बैठक "संकल्प" बेमेतरा माहेश्वरी मंडल के आतिथ्य में गत 20 नवंबर को सम्पन्न हुई। नई अध्यक्षा आशा डोडिया, सचिव शशि गट्टानी एवं अन्य पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलवाकर उनका सम्मान किया गया। कल-आज और कल व स्लोगन प्रतियोगिता बचपन बचाओ का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शोभा सादानी एवं विशेष अतिथि ज्योति राठी राष्ट्रीय उपाध्यक्षा थी। जानकारी रूपा मूंधड़ा ने दी।

# करवा चौथ का हुआ सामूहिक उद्यापन



**उदयपुर.** स्थानीय महेश महिला सोसायटी की ओर से करवा चौथ का सामूहिक उद्यापन सेक्टर 13 स्थित विश्वनाथ मंदिर पर रखा गया। इसमें माहेश्वरी समाज के 111 जोड़ों ने भाग लिया। सामूहिक मेहंदी कार्यक्रम, पूजन व कहानी के साथ सभी जोड़ों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष मंजू मूंदड़ा ने बताया कि इस अवसर पर शंकरलाल भदादा, मुरलीधर गट्टानी, विजयराज गादिया, राकेश मूंदड़ा, बृजगोपाल चांडक, नारायण देवपुरा, अनिल देवपुरा, प्रमोद राठी सहित समाज के कई गणमान्यजन मौजूद थे।

# राठी (केकड़ीवाल) होंगे माहेश्वरी ऑफ डिकेड से सम्मानित



**थाणे.** ख्यात एन्जाईम वैज्ञानिक व आध्यात्मिक उद्योगपति के रूप में पहचान बनाने वाले चंद्रकांत-लक्ष्मीनारायण राठी को माहेश्वरी एकता, राजस्थान द्वारा "माहेश्वरी ऑफ डिकेड 2016" के लिए नामांकन स्वीकृति पत्र माहेश्वरी महासभा थाना जिला से "प्रथम माहेश्वरी भूषण" से सम्मानित वरिष्ठ चाँदमल शारदा के हाथों प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री राठी को बधाई देते हुए मारवाड़ी महासभा के संस्थापक महेशबाबू केकड़ीवाल ने "आर्ट ऑफ लिविंग" के विश्वव्यापी प्रचार प्रसार के लिये अपने गुरुजी को एडवांस एन्जाइम्स के पचास करोड़ रुपये के शेयर उनके चरणों में रखने को प्रेरक बताया।

# युवा संगठन ने करवाया रक्तदान शिविर का आयोजन



**भीलवाड़ा.** विजय सिंह पथिक नगर माहेश्वरी युवा संगठन के तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें युवा वर्ग और महिलाएँ पूरे जोश से रक्तदान करने पहुंचे। इसमें रामस्नेही ब्लड बैंक की टीम द्वारा 131 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। युवा संगठन अध्यक्ष प्रकाश गंदोड़िया ने बताया कि शिविर के शुभारंभ कार्यक्रम में रामपाल सोनी पूर्व सभापति अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा, राधेश्याम सोमाणी प्रदेशाध्यक्ष दक्षिणांचल माहेश्वरी महासभा, पूर्व नगर परिषद सभापति ओम नरानीवाल, जिलाध्यक्ष जगदीप्रसाद सोमाणी, मंत्री कृष्णगोपाल जागेटिया, पूर्व नगर अध्यक्ष कैलाश कोठारी, पूर्व नगर मंत्री देवेंद्र सोमाणी, नगर अध्यक्ष केदार जागेटिया, नगर मंत्री केदार गगरानी, युवा संगठन प्रदेशाध्यक्ष लोकेश आगाल, समाजसेवी ओम कालिया, सत्यनारायण डाड, रामकुंवर जागेटिया आदि मौजूद थे।



# जिला सभा की नवीन कार्यकारिणी गठित

**नांदेड़.** नांदेड़ जिला माहेश्वरी सभा की नवीन कार्यकारिणी का गठन गत दिनों सर्वसम्मति से किया गया। इसमें ख्यात उद्योगपति द्वारकादास साबू, कोषाध्यक्ष रामदेव बंग सर्वसम्मति से चुने गए। उपाध्यक्ष, सहसचिव तथा संगठन प्रमुख पद पर चुनाव प्रक्रिया की जरूरत पड़ी। इसमें उपाध्यक्ष नारायण बजाज (उर्फ मुन्नाभाई बजाज), संतोष मानधने और गोपाल सारडा चुने गए। सहसचिव रवि भराड़िया और संगठन प्रमुख अरुण काबरा चुने गए।


**जिला-यवतमाल (महा.) में**

**'श्री माहेश्वरी टाईम्स'**

में समाचार के लिए सम्पर्क करें-



**प्रेमरतन राठी**

क्षेत्रीय प्रतिनिधि

**मो. 99226-61585**


# अन्नकूट महोत्सव मनाया

**कन्नौद (देवास).** स्थानीय समाज द्वारा परम्परागत रूप से अन्नकूट महोत्सव श्रीराम वल्लभ मंदिर में श्रद्धा, भक्ति तथा उत्साह के साथ मनाया गया। भगवान को 56 भोग लगाकर समाज बंधुओं ने सपरिवार प्रसाद ग्रहण किया गया।

"अपनी सफलता का रौब
माता-पिता को
मत दिखाओ
उन्होंने
अपनी जिंदगी को
हार के ही
आपको जिताया है।"

## राष्ट्रीय सहकारी संघ प्रशिक्षण समिति में बंग



**हैदराबाद.** सहकारी आंदोलन की नईदिल्ली स्थित शीर्षस्थ संस्था भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ के अध्यक्ष संसद सदस्य चंद्रपालसिंह ने दक्षिण भारत में सहकारिता क्षेत्र में बहुराज्यीय अनुसूचित बैंकों की अग्रणी श्रेणी में आने वाली महेश बैंक के चेयरमैन इमीरेट्स रमेशकुमार बंग को राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण समिति में सदस्य मनोनीत किया है। उल्लेखनीय है कि श्री बंग नईदिल्ली स्थित नेशनल फेडरेशन ऑफ को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक्स के निदेशक भी हैं।

## चांडक हुए सम्मानित




**धामणगांव रेलवे.** लायंस क्लब धामणगांव एलीट के सेवा सप्ताह के अंतर्गत समाज के लिये उल्लेखनीय कार्य करने वाले वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर चिंचपुर ग्राम के सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नागरिक डॉ. खुशाल चांडक का सत्कार आयोजकों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ. विनायकराव ने की। प्रमुख अतिथि मधुकरराव चतारे थे।

> "दुनिया में सबसे ज्यादा सपने
> इस बात ने तोड़े हैं
> कि लोग क्या कहेंगे..
> जब लोग अनपढ़ थे तो
> परिवार एक हुआ करते थे
> मैंने टूटे परिवारों में अक्सर
> पढ़े-लिखे लोग देखे हैं।"

## उड़ान उत्सव का किया आयोजन





**पुलगांव.** स्थानीय श्री रामदेवबाबा मंदिर प्रांगण में माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा वैष्णो ज्वेलर्स उड़ान 2016 पारिवारिक उत्सव (द्वितीय) का दो दिवसीय आयोजन किया गया। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य "जल ही जीवन है" पर आधारित था। कार्यक्रम की संरचना को मॉडल के रूप में संदीप हातेवार व उनकी टीम ने प्रस्तुत किया। इस में विभिन्न प्रकार के रोजमर्रा की आवश्यक वस्तु के स्टॉल, खेलकूद, मनोरंजन एवं आनंद मेले का आयोजन भी किया गया। शुभारंभ ब्रिगेडियर संजय राठी, सीएडी पुलगांव के हाथों गिरीश राठी, माहेश्वरी युवा संगठन अध्यक्ष तथा संयोजक शरद मूंधड़ा की उपस्थिति में हुआ। समापण समारोह अंतिम दिवस को श्यामबाबू सोनी महामंत्री अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा व ब्रिजरतन भट्टड़ संचालक गिमाटेक्स इंडस्ट्रीज हिंगणघाट चांडक वर्धा जिला माहेश्वरी मंडल अध्यक्ष तथा नटवरलाल मोकाती, माहेश्वरी मंडल पुलगांव अध्यक्ष की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की सफलता हेतु गिरीश राठी, भूषण गांधी, तुषार टावरी, पलाश चांडक, ब्रिजमोहन मोहता, आशीष गांधी, शरद मूंधड़ा, मोहन मालपानी, योगेश भट्टड़, गौरव चांडक आदि समस्त सदस्यों का सहयोग रहा।

## गमले युक्त पौधे वितरित कर मनाया जन्मोत्सव



**भीलवाड़ा.** जन्मदिन पर जहां आमतौर पर केक काटने, खिलाने और उपहार लेने की परम्परा है। मगर राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए अपने पोते अबीर सुपुत्र गौरव-प्रिशिता जाजू के प्रथम जन्मदिन पर गमले युक्त पौधे वितरित कर पर्यावरण के हित में जन्मोत्सव को यादगार बना दिया। इस मौके पर जाजू दम्पत्ति ने आमजन से भी अपील की है कि इस तरह के आयोजन में पौधा वितरण करने की परम्परा को विकसित करें। हाईकोर्ट न्यायाधीश दिनेश सोमानी, कलेक्टर महावीरप्रसाद शर्मा, पूर्व प्रधान वन संरक्षक अभिजीत घोष, जिला वन अधिकारी जी.पी. पारिक, उद्योगपति रामपाल सोनी, यूआईटी चेयरमेन चित्तौड़गढ़ निर्मल काबरा, पूर्व न्यास अध्यक्ष एन.एन. डाड सहित अनेक अतिथियों ने आगंतुकों को पौधेयुक्त गमले भेंटकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## समाज सेवक बागड़ी का हुआ सम्मान



**नागपुर.** भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक आघाड़ी, कलादालन फाउंडेशन, रेवती एसोसिएट व जयका मोटर्स द्वारा गीत गायन स्पर्धा का आयोजन सायंटिफिक हॉल आठ रास्ता चौक में किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा शहर महामंत्री संदीप जोशी थे। इस अवसर पर नागपुर शहर महामंत्री संदीप जोशी द्वारा शॉल-श्रीफल से समाज सेवक शरद बागड़ी का सत्कार कर उन्हें समाजसेवा के लिये अति विशिष्ठ "समाजसेवा गौरव" पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## पूर्व मंत्री की पुत्री के विवाह में मूंदड़ा



**रायपुर.** सीएसआईडीसी अध्यक्ष छगनलाल मूंदड़ा बैंगलुरु प्रवास के दौरान उद्योगपति एवं पूर्व मंत्री जनार्दन रेड्डी की पुत्री के विवाह के उपलक्ष्य में आयोजित संगीत समारोह में शामिल हुए व नवदंपत्ति को आशीर्वाद दिया।

## महाराष्ट्र प्रदेश में थाना जिला का वर्चस्व



**जालना.** महाराष्ट्र प्रदेश माहेश्वरी सभा के गरिमामय ढंग से निर्विरोध चुनाव संपन्न हुए। इसमें थाना जिला के डोम्बिवली निवासी मधुसूदन गांधी अध्यक्ष, पूर्व थाना जिलाध्यक्ष सुरेंद्र मानधने उपाध्यक्ष, महेश नागरी पतसंस्था कल्याण अध्यक्ष दिनेश सोमाणी अर्थमंत्री, डोम्बिवली से श्रीवल्लभ लाहोटी सहमंत्री, भिवंडी के अनिल कलंत्री संयुक्त मंत्री सर्वानुमति से चुने गये। सभी महानुभावों का गृहनगर पहुंचने पर आत्मीय स्वागत किया गया।

## श्री नगर माहेश्वरी सभा के कार्यालय का शुभारंभ



**भीलवाड़ा.** स्थानीय इंद्रप्रस्थ टॉवर के बेसमेंट में श्रीनगर माहेश्वरी सभा के कार्यालय का शुभारंभ रामपाल सोनी (पूर्व सभापति अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी सभा) एवं आर.एल. नौलखा (उपसभापति अखिल भारतीय वर्षीय माहेश्वारी सभा पश्चिमांचल) के आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर श्री सोनी ने अपील की कि महासभा की योजना का पात्र समाजजनों को ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलावें। श्रीनगर माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा के मंत्री केदार गगरानी ने बताया कि इस अवसर पर राधेश्याम सोमानी, देवकरण गग्गड़, जगदीश सोमानी, राधेश्याम चेचाणी, कैलाश मूंदड़ा, अनिल बांगड़, देवेंद्र सोमानी, लोकेश आगाल, क्षितित सोमानी आदि मौजूद थे। इस समारोह में निर्णय लिया गया कि 8 जनवरी 2017 को नगर परिषद् के टाउन हॉल में कैरियर सेमिनार आयोजित किया जाएगा।


हार्दिक शुभकामनाओं सहित...



लक्ष्मीनारायण ओमप्रकाश काकाणी

(क्षेत्रीय प्रतिनिधि, श्री माहेश्वरी टाईम्स)

M. 0939 007 3380

काकाणी परिवार

मकरेड़ा (अजमेर, राज.)। किशनगढ़।

। हैदराबाद। कोचिन (केरल)।


"दुनिया के दो असम्भव काम–
माँ की ममता और पिता की क्षमता का
अंदाजा लगा पाना।"

# सेवा सदन के नवीन नेतृत्व ने ली पद की शपथ



**पुष्कर.** श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन के सत्र 2016-19 हेतु नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ-ग्रहण समारोह 1008 जगद्‌गुरु निम्बार्काचार्य श्री राधासर्वेश्वरदेवाचार्यजी महाराज के पावन सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। स्वामीजी ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों जुगलकिशोर बिड़ला (अध्यक्ष), शिवरतन मानधना (व. उपाध्यक्ष), अमृतलाल मूंदड़ा, प्रहलाद शाह राठी, कैलाश मूंदड़ा, मुरलीधर झँवर (उपाध्यक्ष), रमेशचंद्र छापरवाल (महामंत्री), दिनेश माहेश्वरी (कोषाध्यक्ष), सोहनलाल मूंदड़ा, कैलाश सोनी, जयकिशन बल्दुवा, श्रीभगवान बंग (मंत्री) एवं राधेश्याम मणिया (प्रचार मंत्री) को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। समारोह की अध्यक्षता रामपाल सोनी (पूर्व सभापति-महासभा) ने की। प्रमुख वक्ता बी.डी. राठी (न्यायाधीश-उच्च न्यायालय इंदौर) तथा विशिष्ट अतिथि शिवशंकर हेड़ा (अध्यक्ष-अजमेर विकास प्राधिकरण), जोधराज लड्ढा (सभापति-महासभा), दामोदरलाल बंग (पूर्व अध्यक्ष एवं मार्गदर्शक सेवा सदन), किशनगोपाल कोगटा (मुख्य चुनाव अधिकारी), हेमराज भराड़िया, नथमल बिड़ला, रामस्वरूप जैथलिया, राधामोहन सोनी, नंदनलाल काबरा (मार्गदर्शकगण सेवा सदन), श्यामसुंदर सोनी (पूर्व महामंत्री-महासभा) एवं भामाशाह नथमल डालिया आदि उपस्थित थे।





> "इस दुनिया में
> कोई किसी का
> हमदर्द नहीं होता,
> लाश को श्मशान में रखकर
> अपने लोग ही पूछते हैं
> और कितना
> वक्त लगेगा।"

# मालानी बनीं जिलाध्यक्ष



**आगर/शाजापुर.** जिला माहेश्वरी महिला संगठन के चुनाव सुसनेर में प्रदेश संगठन से आईं पर्यवेक्षक द्वय उषा सोढ़ानी एवं गीता तोतला के मार्गदर्शन में सर्वानुमति से हुए। वर्तमान जिला सचिव वंदना विनय मालानी-आगर को नया जिलाध्यक्ष चुना गया। जिला सचिव चंद्रकला बांगड सुसनेर, उपाध्यक्ष भारती लखोटिया नलखेड़ा व मायाजी डांगरा मो. बड़ोदिया, कोषाध्यक्ष किरण मोदानी, संगठन मंत्री साधना गिलडा आगर और किरण बांगड सुसनेर, सहसचिव सुशीला राठी, रजनी हुरकट व सरिता माहेश्वरी शाजापुर, प्रचार मंत्री रानू लड्ढा सुसनेर चुनी गईं। पूर्व जिलाध्यक्ष शिरोमणि गिलडा को संरक्षक मनोनीत किया गया।

**पुसद, जिला-यवतमाल ( महा. ) में**

**'श्री माहेश्वरी टाईम्स'**

में समाचार के लिए सम्पर्क करें-



**विनोदकुमार पनपालिया**

(बी.कॉम., एलएलबी)

क्षेत्रीय प्रतिनिधि

**मो. 94234 35693**

*With Best Compliments from*

**KWALITY MARBLES**

33/2147-A1, Near E.M.C. Hospital, N.H. Bye Pass, Palarivattom, Kochi-28
Ph. 0484-2805127, Fax : 0484-4036903

**KRISHNA MARBLES**

32/1950, Near Hotel Highway Garden, N.H. Bye Pass, Edappally, Kochi-24
Fax : 0484-4036903

| Manmohan - 93886 02971 | Dhamodar - 90371 67230 | Vithal - 93884 88502 |

**E-mail :** krishnamarble2@gmail.com, **Web :** www.krishnamarblescochin.com

**W/S Dealers of : Marble, Granite, Ceramics, Sanitaryware, Gum & Designing Tiles**

## बाहेती का हुआ राष्ट्रस्तर पर सम्मान



**अकोला.** गत दिनों हरिद्वार (उत्तराखंड) में अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन के दशम सत्र की अंतिम बैठक आयोजित हुई। इसमें विदर्भ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन अध्यक्ष ज्योति देवकिशन बाहेती को श्रेष्ठ प्रदेशाध्यक्ष के रूप में उत्कृष्ट कार्य गौरव सम्मान से नवाजा गया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्तर पर विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायोडाटा संकलन में सर्वाधिक योगदान के लिये भी श्रीमती बाहेती को पुरस्कृत किया गया था। राष्ट्रीय महिला संगठन द्वारा गंगा बचाओ अभियान अंतर्गत "नमामी गंगे पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता अंतर्गत विभिन्न प्रदेशों से पोस्टर आमंत्रित किए गए थे। इसमें विदर्भ प्रदेश भी सहभागी था। इसमें मंगरुलपीर की वर्षा असावा ने श्रीमती बाहेती के मार्गदर्शन में पोस्टर व स्लोगन तैयार कर प्रस्तुत किया, जिसे प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

## डांडिया गरबा का हुआ आयोजन



**जलगाँव.** नंदनवन कॉलोनी मित्र मंडल द्वारा डांडिया गरबा रास 2016 का आयोजन किया गया। इसमें विनर ऑफ दी विनर फाइनल राउंड में प्रकाशकुमार लाठी व पीयूष न्याती को डांडिया किंग, अंजलि तिवारी व मिनल धूप्पड़ को डांडिया क्वीन से सम्मानित किया गया।

## नाथद्वारा में होगा परिचय सम्मेलन

**राजसमंद.** जिला माहेश्वरी सभा द्वारा आगामी 8 जनवरी 2017 को अखिल भारतीय सेवा सदन नाथद्वारा में विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष नवनीतलाल मंत्री ने बताया कि 25 दिसंबर तक ही पंजीयन किये जा सकेंगे। आयोजन हेतु विभिन्न समिति गठित की गई है। सम्मेलन के संयोजक विष्णुगोपाल सोमानी, सह प्रभारी सत्यप्रकाश काबरा, सहसंयोजक केजी माहेश्वरी एवं कार्यक्रम प्रभारी इंदरमल छापरवाल बनाए गए हैं। जिला सचिव भगवतीलाल असावा ने बताया कि पंजीयन हेतु युवक-युवती एवं दो अभिभावक सहित कुल चार सदस्यों हेतु 500 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। उक्त जानकारी मुरलीधर गट्टानी ने दी।

## माहेश्वरी महिला मंडल ने लगाया 56 भोग



**राजोद.** माहेश्वरी महिला मंडल राजोद द्वारा नरसिंह मंदिर में अन्नकूट के उपलक्ष्य में 56 भोग लगाया गया। सभी समाजजन इस अवसर पर मौजूद थे।


**सभासदाराकरीता आकर्षक ठेव/कर्ज योजना**

**संस्थेच्या ठेव योजना व त्याचे ब्याजदर**

| ठेवीचा प्रकार | मुदत | ब्याजदर |
|---|---|---|
| बचत ठेव | - | 5 प्रतिशत |
| दैनंदिन ठेव | 6 महीने व 1 वर्ष | 3 प्रतिशत |
| मासिक आवर्त ठेव | 12 महीने | 5 प्रतिशत |
| अल्प मुदत ठेव | 30 दिवस ते 180 दिवस | |
| | 181 दिवस ते 394 दिवस | 7 प्रतिशत |
| मुदत ठेव | 13 महीने ते 36 महीने | 8.50 प्रतिशत |
| | 36 महीने ते 60 महीने | 9 प्रतिशत |
| मासिक प्राप्ति ठेव | 13 महीने ते 36 महीने | 8.50 प्रतिशत |
| दाम दुप्पट | 75 महीने | - |

**महेश लखपती ठेव योजना**

| दर माह भरावयाची रक्कम | मुदत महीने | मुदती नंतर मिळणारी रक्कम |
|---|---|---|
| 6100 | 16 | 101115 |
| 5000 | 20 | 104474 |
| 3200 | 30 | 102429 |
| 1700 | 54 | 103086 |

ज्येष्ठ नागरीक, महीला, धार्मिक संस्था, सामाजिक संस्था, अपंग यांना मुदत ठेवीवर 0.5 प्रतिशत जास्त ब्याजदर राहील.

ज्या सभासदांची सभासद रक्कम 500 पेक्षा कमी असतील त्यां सभासदांनी आपले सभासद रक्कम 500 रु. करुन घ्यावी।

संस्थेत आपले नवीन पत्ते, फोन नं., नोदवणे।

दिनांक 01.06.2016 पासुन कर्जाचे ब्याजदर-

**1.** महेश वैयक्तिक कर्ज रु. 1,00,000/-300 प्रति दिवस 365 दिवस साठीए **2.** वैयक्तिक कर्ज- 15 प्रतिशतए **3.** कॅश क्रेडिट 15 प्रतिशत, **4.** नजरगहाण कर्ज- 15 प्रतिशतए 5. घर बांधणी कर्ज-15 प्रतिशत, **6.** वाहन कर्ज- 15 प्रतिशत, 7. F.D. DRD. RD तारण कर्ज।

**संस्थेचे वैशिष्ठ-1.** मुदत ठेवीवर 80 प्रतिशत त्वरीत कर्ज पुरवठा, **2.** पिग्मी ठेववीर आकर्षक ब्याज दर, **3.** पिग्मी खातेदाराना दैनंदिन कर्ज पुरवठा, **4.** आरडी खाते उघडण्यासाठी घरपोच सेवा, **5.** घर बांधणी व व्यवसायासाठी कर्ज पुरवठा।


"गलती कबूल करने और गुनाह छोड़ने में
कभी देर ना करना,
क्योंकि सफर जितना लंबा होगा
वापसी उतनी ही मुश्किल हो जाती है।"

## भट्टड़ बने एसोसिएशन अध्यक्ष



**दिग्रस.** स्व. श्री नारायणदास भट्टड़ के सुपुत्र व कर सलाहकार श्यामबाबू भट्टड़ यवतमाल टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के सर्व सम्मति से अध्यक्ष चुने गए। समस्त स्नेहीजनों ने इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया है।

> "दुनिया में सब चीज
> मिल जाती है
> केवल अपनी गलती
> नहीं मिलती है।"

## सोमानी अध्यक्ष व समदानी मंत्री



**गंगापुर.** तहसील माहेश्वरी सभा की बैठक नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में आयोजित हुई। बैठक में तहसील स्तर पर विभिन्न पदों पर निर्विरोध चयन किया गया। अध्यक्ष पद के लिए मनोहरलाल सोमाणी गंगापुर, उपाध्यक्ष रामधन सोमाणी महेंद्रगढ़, सचिव सुरेश समदाणी गंगापुर, जिला प्रतिनिधि के लिए जगदीशप्रसाद झंवर, राम काबरा, प्रहलाद जागेटिया, पवन सोमाणी, चतुर्भुज काकाणी, मदन गोपाल बहेड़िया के नाम पर सहमति बनी। इस दौरान पर्यवेक्षक रामेश्वरदयाल काबरा, कृष्णगोपाल जागेटिया, राजेंद्र बिड़ला, प्रमोद डाड आदि मौजूद थे।


दीपावली एवं नववर्ष की सभी माहेश्वरी बन्धुओं को हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएँ

# श्री नगर माहेश्वरी सभा, भीलवाड़ा

इन्द्र प्रस्थ टॉवर, मुखर्जी उद्यान के पास, नई शाम की सब्जी मण्डी, भीलवाड़ा (राज.), फोन : 01482-234858
E-mail : nagarmaheshwarisabha.bhl@gmai.com



केदारमल जागेटिया
अध्यक्ष
98292-42323

केदार गगराणी
मंत्री
98290-45291

बंसीलाल सोडानी, संरक्षक
अनिल बांगड़, संरक्षक
राधेश्याम सोमानी, व. उपाध्यक्ष
श्रीलाल कोगटा, उपाध्यक्ष
सुरेश बिड़ला, उपध्यक्ष
शंभुप्रसाद काबरा, उपाध्यक्ष
गोपाल नराणीवाल, कोषाध्यक्ष
अतुल राठी, संगठनमंत्री
राजेंद्र पोरवाल, संयुक्त मंत्री
अनिल झंवर, संयुक्त मंत्री
दिनेश कोगटा, संयुक्त मंत्री
मनोज नवाल, संयुक्त मंत्री
कृष्णगोपाल राठी, कार्यालय मंत्री
ओमप्रकाश कोगटा, प्रचार प्रभारी
चंद्रप्रकाश काल्या, प्रवक्ता
श्याम बिड़ला, सदस्य
केलाश इनानी, सदस्य
प्रमोद कुमार डाड, सदस्य
कृष्णगोपाल सोमानी, सदस्य
गोपाललाल मेलाना, सदस्य
अभिजीत सारड़ा, सदस्य
दिनेश कचोलिया, सदस्य
बाबूलाल लड्ढा, सदस्य
बद्रीप्रसाद सोड़ानी, सदस्य
दिनेश मालीवाल, सदस्य
गोपाल जागेटिया, सदस्य
अरविंद चांडक, सदस्य
शिव नुवाल, सदस्य
राजेंद्र पोरवाल, सदस्य
बनवारीलाल डाड, सदस्य
मनीष पलोड़, सदस्य
एस.एन. गग्गड़, सदस्य
सुरेशचंद्र कचोलिया, सदस्य
प्रदीप लाठी, सदस्य
विनोद गट्यानी, सदस्य
रमेश राठी, सदस्य
केलाशचंद्र अजमेरा, सदस्य
रामचंद्र मूंदड़ा, सदस्य

समस्त पदाधिकारी, कार्यकारिणी, विशेष आमंत्रित एवं पदेन सदस्यगण.

# सामूहिक रूप से मनाई करवा चौथ



**वाराणसी.** माहेश्वरी महिला संगठन ने पहली बार करवा चौथ का आयोजन सामूहिक रूप से किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम व गरबा का आयोजन हुआ। इसके बाद सामूहिक रूप से सभी महिलाओं ने चांद को अर्घ्य दिया और चलनी में चांद को देखा। सभी कपल के फोटो खींचवा कर फ्रेम में लगाकर उपहार भी दिया। अध्यक्षता भारती करवा ने की। आभार मंत्री रमा काबरा ने माना। संचालन सरोज भरानी ने किया। कोषाध्यक्ष ममता मूंधड़ा भी उपस्थित थी। भुराड़ियाजी, लोकेंद्र करवा, कृष्णकुमार सोमानी, गौरीशंकर नेवर, अजय काबरा, इंदरजी कोठारी, रेखा सोमानी, वंदना कोठारी, कृष्णा कोठारी, शशि नेवर, सुषमा कोठारी आदि मौजूद थीं।

# 'वार्षिक युवा महोत्सव-2016' का हुआ आयोजन



**जयपुर.** प्रतापनगर स्थित माहेश्वरी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड आर्ट्स परिसर में वार्षिक युवा महोत्सव 2016 का चार दिवसीय आयोजन कॉलेज परिसर में हुआ। इसके अंतर्गत विभिन्न स्पर्धाएँ का आयोजन किया गया। इनमें जयपुर के प्रतिष्ठित स्कूलों के करीब 550 विद्यार्थियों ने भाग लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दी एजुकेशन कमेटी ऑफ दी माहेश्वरी समाज के पूर्व अध्यक्ष बालकिशन सोमानी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आर.के. लांबा उपस्थित रहे। माहेश्वरी कॉलेज की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ महिला सशक्तीकरण विषय पर फैशन शो प्रस्तुत किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। सभी विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की गई। दी एजुकेशन कमेटी ऑफ दी माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष सत्यनारायण काबरा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। आभार कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मदान ने व्यक्त किया।

# समान नागरिक संहिता पर सेमिनार का हुआ आयोजन



**कोलकाता.** गत 22 अक्टूबर को माहेश्वरी औद्योगिक शिक्षण केंद्र द्वारा समान नागरिक संहिता पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न प्रश्नों के उत्तर ख्यात कानूनविद् विनीत कोठारी व समाजसेवी तपन घोष ने दिये। केंद्र अध्यक्ष मुख्य अतिथि चाँदरतन बिन्नानी थे। अध्यक्षता देवकिशन मोहता ने की। केंद्र के उपाध्यक्ष सीताराम डागा तथा संयुक्त सचिव अरुण सोनी सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

# हेड़ा बने ब्यावर उद्योग मंडल के चेयरमैन



**ब्यावर.** ब्यावर उद्योग मंडल लि. में शहर के जाने-माने वरिष्ठ समाजसेवी व उद्यमी मानकरण हेड़ा को वर्ष 2016-17 के लिये पुनः सर्वसम्मति से चेयरमैन चुना गया है। श्री हेड़ा के नाम पर निदेशक मंडल की बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया। उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली एवं व्यवहार के से कारण यह दायित्व उन्हें पुनः सौंपा गया है। श्री हेड़ा उपभोक्ता कल्याण समिति एवं उत्सव मंच ब्यावर के संरक्षक हैं। मंदिर मूर्ति श्री महावीरजी ट्रस्ट के श्री विगत 25 वर्षों से सचिव हैं। माहेश्वरी समाज ब्यावर, आर्य समाज ब्यावर व दयानंद आर्य बालिका कॉलेज में भी विभिन्न शीर्ष पदों पर रह चुके हैं।

# कोठारी अध्यक्ष व मूंदड़ा सचिव

**उदयपुर.** नगर माहेश्वरी सभा के सत्र 2016-19 के चुनाव में अध्यक्ष रामनारायण कोठारी, सचिव शंकर मूंदड़ा, प्रचार सचिव चंद्रप्रकाश माहेश्वरी व सांस्कृतिक सचिव विनोद मूंदड़ा निर्वाचित हुए। निर्वाचन अधिकारी अशोक गेलड़ा के अनुसार उपाध्यक्ष पद पर विजयराज गदिया एवं राजेंद्र नवाल, संयुक्त सचिव पद पर दामोदर खटोड़, कोषाध्यक्ष पद पर ललित माहेश्वरी, संगठन सचिव पद पर पुरुषोत्तम मंडोवरा एवं क्रीड़ा सचिव पद पर सुरेश तोतला चुने गए। दूसरी तरफ जिला सभा अध्यक्ष मोहनलाल देवपुरा ने बताया कि विधान की धारा 16 के आधार पर नगर सभा के चुनाव निरस्त किए गये हैं। यह जानकारी मुरलीधर गट्टानी ने दी।

"जमाना भी अजीब है,
नाकामयाब लोगों का
मजाक उड़ाता है
और कामयाब
लोगों से जलता है।"

# माहेश्वरी मंडल ने मनाया स्थापना दिवस




**फरीदाबाद.** स्थानीय माहेश्वरी मंडल द्वारा गत 2 अक्टूबर को अपना स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्याम जाजू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा, श्रीमती प्रतिभा जाजू तथा मुख्य अतिथि कैलाश काबरा गुवाहाटी थे। समारोह की अध्यक्षता अशोक सोमानी रेवाड़ी ने की। महिला मंडल व बच्चों ने डांडिया व सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए तथा मेधावियों को सम्मानित किया। मंडल द्वारा प्रथम बार महिला टेलीफोन डायरेक्टरी प्रकाशित की गई। इसका विमोचन प्रतिभा जाजू ने किया। अ.भा. महिला मंडल की कोषाध्यक्ष आशा लड्ढा को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। पूरे समाज का सहभोज भी आयोजित हुआ। वल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा, सचिव हरियाणा सरकार सीमा त्रिखा, रामानंद माहेश्वरी बहादुरगढ़ के साथ समाज के कमल मालू, रमेश झंवर, राकेश सोनी, संजय राठी, प्रमोद भूतड़ा, महेश गट्टानी, राजीव मोहता, शैलेष मूंधड़ा, मनीष नेवर, अशोक राठी, पंकज जाखेटिया आदि कई गणमान्यजन मौजूद थे। अंत में मंडल अध्यक्ष सुशील नेवर व सचिव बिनोद बिहानी ने सभी का आभार माना।

# 181 प्रतिभाओं को किया सम्मानित




**नोखा.** स्थानीय माहेश्वरी समाज द्वारा तहसील स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 'माहेश्वरी गौरव-2016' का आयोजन किया गया। इसमें नोखा तहसील के प्रतिभागी व अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद थे। युवा संगठन अध्यक्ष राधेश्याम लाहोटी ने बताया कि इसमें समाज की 181 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। तहसील सभा अध्यक्ष सुरेश करवा ने बताया कि मुख्य अतिथि सोहनलाल गट्टानी अध्यक्ष उत्तरी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा, विशिष्ट अतिथि मुरलीधर झँवर उपाध्यक्ष अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन पुष्कर एवं रामेश्वरलाल भूतड़ा अध्यक्ष बीकानेर जिला माहेश्वरी सभा थे। विशेष अतिथि के रूप में राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के पूर्व अध्यक्ष एवं निवर्तमान अध्यक्ष अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन श्यामसुंदर बिड़ला, दामोदरदास बंग, शिवरतन मानधनिया उपस्थित थे। कार्यक्रम में मनोहर सोनी, किशनगोपाल चितलांग्या, आसकरण भट्टड़, सुरेश तापड़िया, राधेश्याम लाहोटी, बजरंग राठी, उमेश राठी, सुरेंद्र भट्टड़, पंकज चांडक, किशन तापड़िया सहित समस्त सदस्यों का योगदान रहा। सुरेंद्र झंवर ने आभार व्यक्त किया।

## पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर

**नागौर.** श्रीमती स्व. कमलादेवी सारड़ा की स्मृति में भामाशाह-राजाराम सारडा की ओर से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन गच्छीपुरा (नागौर) में गत 16 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। इसमें कुल 155 सदस्यों ने रक्तदान किया। इसमें 120 पुरुष व 35 महिलाएँ शामिल थीं। रक्तदान करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहन स्वरूप चांदी के सिक्के दिए गये। इस शिविर में मनोहर सारडा, गोपाल लड्ढा, रामगोपाल लड्ढा, जुगलकिशोर सारडा, दीपक बल्दवा, सुरेश तोतला, नथमल तोषनीवाल, नवल चांडक सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद थे। राजाराम सारडा द्वारा समाज के स्कूलों व अस्पतालों में समय-समय पर सहयोग किया जा रहा है। अतः गत गणतंत्र दिवस पर सरकार की ओर से उन्हें भामाशाह की उपाधि से भी सम्मानित किया जा चुका है।

## किचन का खजाना



### फलूदा रबड़ी

**आवश्यक सामग्री**

1 लीटर दूध, 5 बड़ा चम्मच कॉर्नफ्लोर, 8-10 बर्फ के टुकड़े, 2 कप ठंडा पानी, 2 बड़ा चम्मच मेवा (बादाम, काजू, पिस्ता बारीक कटे हुए), 5 छोटा चम्मच गुलाब जल, 5 छोटा चम्मच केसर सिरप, 5 छोटा चम्मच चीनी, 5 छोटा चम्मच केवड़ा जल, एक छोटा चम्मच इलायची पाउडर.

**विधि**

- सबसे पहले एक बर्तन में दूध में चीनी, केसर सीरप, इलायची और चीनी डालकर उबलने के लिए रखें.
- जब तक दूध उबलरहा है तक तक फलूदा बनाने की तैयारी कर लें.
- एक बर्तन में कॉर्न फ्लोर और 5 छोटा चम्मच पानी मिलाकर घोलबना लें.
- अब एक बर्तन में यह घोलडालकर मध्यम आंच पर पकने के लिए रखें.
- जब मिश्रण गाढ़ा हो जाए तो आंच बंद कर दें.
- एक खुले बर्तन में ठंडा पानी और बर्फ के टुकड़े डालें.
- कॉर्नफ्लोर के तैयार गाढ़े मिश्रण को नमकीन बनाने वाली मशीन में डालकर ठंडे पानी में फलूदा तोड़ लें.
- फलूदा को ठंडे पानी में ही 6-7 मिनट तक रहने दें. (या आजकल बाजार मे रेडी मेड फलुदा मिलता है।)
- दूध जब आधा रह जाए तो आंच बंद कर इसे ठंडा होने दें. रबड़ी तैयार है.
- इसी तरह फलूदा को पानी से निकालकर ठंडा होने के लिए फ्रिज में रख दें.
- एक गिलास में 2 बड़ा चम्मच रबड़ी, एक चम्मच फलूदा सेव, कुछ बूंद गुलाब जल, केवड़ा जल डालें.
- इसके ऊपर फिर से रबड़ी और फलूदा डालें.
- इसके बाद फलूदा रबड़ी के ऊपर मेवे डालकर सर्व करें.



पूनम राठी
M. 099700-57423

"संस्कारों से बड़ी कोई धन दौलत नहीं है।"

# दीपावली के बाद भी स्नेह की मिठास

**महालक्ष्मी के उपासना पर्व दीपावली के बाद भी इस पर्व की खुशियाँ थमी नहीं हैं। समाज संगठनों ने अपनी परम्पराओं के अनुसार 'स्नेह-मिलन' समारोहों का आयोजन किया। इसमें परस्पर स्नेह की मिठास के साथ विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रमों के रंग भी नजर आये।**



**गंगटोक.** सिक्किम माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में गंगटोक में दीपावली मिलन समारोह के साथ बनभोज भी हुआ। गंगटोक से 40 दूर वाटर गार्डन में हुए समारोह में खेलकूद स्पर्धा हुई। सिक्किम माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष रमेश पेड़ीवाल के नेतृत्व में महासचिव राजकुमार थिरानी, महेंद्र मरदा, श्याम लखोटिआ, प्रमोद राठी, राकेश सोमानी, सुभाष डागा का सहयोग रहा। भोजन व्यवस्था में अजित सारडा, अशोक राठी, पुरख मंदड़ा की भागेदारी रही। मोहन सारड़ा, राजीव मिमानी, दिलीप सारड़ा एवं बिनोद पेड़ीवाल का खेलकूद कार्यक्रम में योगदान रहा।





**बेंगलुरु.** स्थानीय माहेश्वरी सभा द्वारा गत 1 नवंबर को पैलेस ग्राउंड स्थित किंग्स कोर्ट में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सभा अध्यक्ष बसंतकुमार सारडा ने समाजजनों का स्वागत किया गया। प्रतिभा सम्मान के अंतर्गत दीया बिहानी, अशोक तोषनीवाल एवं कुशल राठी को भी सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। मेधावी विद्यार्थियों को सरस्वती पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एक्सलेंट एकेडिमक अवॉर्ड के अंतर्गत माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट द्वारा महीन मूंदड़ा एवं हर्षिता माहेश्वरी को पुरस्कृत किया गया।



**वाराणसी.** माहेश्वरी कला संस्कृति द्वारा दीपावली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वायु, भूमि, जल, अग्नि व आकाश की थीम पर नृत्य पेश किया गया। कार्यक्रम में समाज के सभी लोग उपस्थित थे। अध्यक्षता ज्योति चांडक ने की। मंत्री लक्ष्मी लड्ढा, ज्योति झंवर मौजूद थे। माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष भारती करवा आदि समस्त पदाधिकारी व सदस्याएँ भी मौजूद थीं।

**उदयपुर.** समाज की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसी क्रम में माहेश्वरी पंचायत शहर का दीपावली मिलन समारोह समाज भवन में संस्था अध्यक्ष जानकीलाल मूंदड़ा के निर्देशन में 6 नवंबर को आयोजित हुआ। इसी तरह महेश सेवा समिति सेक्टर 4 के संस्था भवन में भी समारोह 6 नवंबर को आयोजित हुआ। इसी क्रम में महेश सोसायटी सेक्टर 11 से 14 का और महेश सेवा समिति धानमंडी का आयोजन हुआ। माहेश्वरी पंचायत हिरण मगरी द्वारा बिना नफा-नुकसान के मिठाई का वितरण किया गया।

**हैदराबाद.** सिंकदराबाद माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन पीजी रोड स्थित एक होटल में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मंजू बल्दवा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सुमित्रा बंग उपस्थित थीं। आंगुतकों का स्वागत महिला मंडल अध्यक्ष रजनी राठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भव्य तंबोला का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष शोभना भट्टड़, मंत्री सुनीता मंत्री, कोषाध्यक्ष तारा मोदानी, सुनीता आगीवाल, तारा बंग, विजया बंग, शशि सारड़ा, राजू गांधी, उषा बल्दवा, अर्चना मालानी, संतोष झँवर, सीमा ईनानी, गौरी चौकड़ा तथा किरण बजाज सहित कई सदस्याएँ मौजूद थीं। कलावती जाजू, रेनू सारडा तथा उर्मिला साबू को उनकी उपलब्धियों के लिये सम्मानित किया गया।







**पिपरिया.** माहेश्वरी सेवा मंडल, माहेश्वरी महिला परिषद व माहेश्वरी युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में समाज के मेधावियों का सम्मान नवरस पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम टॉकशो के साथ हुआ। साथ ही राघव व विभा झँवर का प्रथम वैवाहिक वर्षगांठ पर सम्मान किया गया। माहेश्वरी महिला परिषद की राजश्री राठी, जिला सचिव आशा मालपानी के मार्गदर्शन, नीलम भूतड़ा, डॉ. प्रीति भूतड़ा के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन गिरधर मल्ल ने किया।



**रायपुर.** माहेश्वरी सभा का दीपावली मिलन समरोह गोपाल मंदिर में हुआ। इसमें माहेश्वरी महिला समिति ने रायपुर से चुने गए सभी प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के पदाधिकारियों का सम्मान किया व उन्हें आगामी वर्ष के लिये शुभकामनाएँ दीं। ज्योति राठी को अ.भा. माहेश्वरी समिति संगठन मध्यांचल में उपाध्यक्ष चुनी गईं। उषा मोहता छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला समिति को सर्वश्रेष्ठ सचिव, माहेश्वरी सभा के वर्तमान अध्यक्ष विजय दम्मानी को छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी सभा में उपाध्यक्ष, नारायण राठी को छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी सभा का सचिव तथा राजकुमार राठी को प्रदेश संगठन मंत्री एवं सुरेश मूंधड़ा का छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के महामंत्री चुने जाने पर अभिनंदन किया गया। अध्यक्ष राशि बागड़ी व कार्यकारिणी के द्वारा सहयोग राशि विजय दम्मानी को प्रदान की गई। समाज के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।



**निजामाबाद.** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी निजामाबाद जिला माहेश्वरी सभा, माहेश्वरी महिला मंडल तथा माहेश्वरी युवा मंच के संयुक्त तत्त्वावधान में दीपावली स्नेह सम्मेलन का आयोजन स्थानीय माहेश्वरी भवन में किया गया। मुख्य अतिथि परभणी निवासी डॉ. विवेक नावंदर व विशेष अतिथि दामोदरदास मालाणी एवं संस्था के पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथि स्वागत संस्था अध्यक्ष रामस्वरूप डालिया ने किया। संस्था के मंत्री कमलकिशोर इन्नाणी ने अतिथिगणों का आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के संयोजक सुनील इन्नाणी व उपसंयोजक जगदीश मालू थे।



**बरेली.** स्थानीय माहेश्वरी महिला समिति द्वारा दीपावली सद्भावना मिलन का कार्यक्रम पिकनिक के रूप में स्थानीय पार्क में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति की अध्यक्ष प्रभा मूना द्वारा किया गया। मीनू काबरा व दिव्या झँवर द्वारा विभिन्न गेम खिलाए गए। कार्यक्रम का समापन सहभोज के साथ हुआ। निशि चांडक, कुमकुम काबरा, संगीता मालपानी एवं ललिता परवाल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में समिति सचिव शशि साबू ने सभी महिलाओं का आभार माना।

**भीलवाड़ा.** स्थानीय शास्त्रीनगर माहेश्वरी सभा द्वारा गत 3 नवंबर को दीपावली स्नेह मिलन समारोह एवं स्नेह भोज कार्यक्रम "रामेश्वरम्" हरिणी महादेव रोड पर आयोजित किया गया। मंत्री संजय जागेटिया ने बताया कि समारोह में अ.भा. माहेश्वरी महासभा के निवर्तमान अध्यक्ष रामपाल सोनी, अभा माहेश्वरी महासभा के पश्चिमांचल उपाध्यक्ष रतनालाल नौलखा, महिला संगठन पश्चिमांचल उपाध्यक्ष ममता मोदानी, प्रदेशाध्यक्ष शिखा भदादा, अ.भा. पुष्कर सेवा समिति के उपाध्यक्ष कैलाश मूंदड़ा, दक्षिणांचल प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम सोमाणी, उद्योगपति लादूलाल बांगड़, श्रीगोपाल राठी, जिला सभा, नगर सभा, समस्त क्षेत्रीय सभा के अध्यक्ष व मंत्री सहित समाज के कई गणमान्यजन मौजूद थे। शास्त्रीनगर सभा अध्यक्ष फतेहलाल जैथलिया ने सभी आंगतुकों का अभिनंदन किया।

> "काबिल लोग न तो किसी को दबाते हैं
> और न ही किसी से दबते हैं।"




**नागपुर.** नगर माहेश्वरी सभा ने दिवाली स्नेह मिलन कार्यक्रम गत 6 नवंबर को सात आयोजित किया। डॉ. अमित माहेश्वरी (प्रख्यात कार्पोरेट व बिजनेस ट्रेनर, नई दिल्ली) मुख्य अतिथि थे। श्यामसुंदर सोनी (निवर्तमान महामंत्री, अ.भा.मा. महासभा) व शिवरतनजी गांधी (अध्यक्ष, नागपुर जिला माहेश्वरी सभा) भी मंच पर उपस्थित थे। बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गई। इसमें सैनिकों के प्रति सम्मान दर्शाया गया। कार्यक्रम प्रभारी रमेश मंत्री, संयोजक गिरिराज बियाणी, सहसंयोजक अशोक मूंधड़ा, महिला संयोजक ज्योति कोठारी व सहसंयोजिका वीणा गट्टाणी थीं। कार्यक्रम का समापन अन्नकूट के साथ हुआ।




**सिकंदराबाद.** माहेश्वरी सेवा संघ सिकंदराबाद का दीपावली मिलन व अन्नकूट कार्यक्रम बांठिया गार्डन सिख विलेज में सम्पन्न हुआ। संघ के अध्यक्ष गोपाललाल बंग ने सभी समाजजनों का स्वागत अभिनंदन किया। संघ मंत्री पी.डी. जाखोटिया ने सभी को दीपावली की शुभकामनाऐं दी। मुख्य अतिथि गोपाल बल्दवा व विशेष अतिथि पुरुषोत्तम मानधना थे। कृष्णचंद्र बंग ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी समाज बंधुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सत्यनारायण सोमानी, रामस्वरूप बंग, घनश्यामलाल बंग, गिरधारीलाल अटल, जमनालाल बंग, बजरंगलाल बजाज, हरिकिशन बंग, मुन्नालाल बंग, रामेश्वरलाल बंग, बालाप्रसाद नावंधर, राकेश बंग, रमेश सारडा, चंद्रप्रकाश बियानी, नंदकिशोर मूंदड़ा आदि कई गणमान्यजनों की उपस्थिति रही।



**ब्यावर.** श्री माहेश्वरी पंचायत बोर्ड के तत्वावधान में दीपावली स्नेह मिलन समारोह व अन्नकूट महोत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। प्रमुख संयोजक जुगलकिशोर मणियार ने बताया कि दीपावली के बाद प्रथम रविवार को माहेश्वरी छात्रावास में यह आयोजन हुआ। समाज बंधु सज-धजकर समारोह में पहुंचे व एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं। अन्नकूट प्रसाद से पूर्व शिव परिवार की मूर्ति का विधिवत पूजन कर स्थापना भी की गई तथा भजन कार्यक्रम रखा गया। अन्नकूट प्रसाद सभी ने प्रेमपूर्वक ग्रहण किया। समारोह का संचालन राजेंद्र काबरा ने किया।



**नीमच.** स्थानीय माहेश्वरी समाज द्वारा वीर पार्क रोड स्थित माहेश्वरी भवन में उत्साह के साथ दीपावली मिलन समारोह मनाया गया। समारोह विधायक दिलीपसिंह परिहार के मुख्य आतिथ्य तथा नपाध्यक्ष राकेश जैन, जनपद पंचायत अध्यक्ष जगदीश गुर्जर, माहेश्वरी समाज के जिलाध्यक्ष राजकुमार मुच्छाल के आतिथ्य में आयोजित हुआ। समाज अध्यक्ष ओ.पी. मंत्री ने समाज की गतिविधियों एवं समाज के नवनिर्माण की प्रगति पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में सुनील गगरानी, उपाध्यक्ष पश्चिमांचल मप्र माहेश्वरी सभा का सम्मान किया गया। भवन निर्माण में समाज के मदनलाल नवलखा ने 21 हजार, सत्यनारायण सोनी ने 51 हजार, श्रद्धा मंडल ने 21 हजार, प्रगति महिला मंडल ने 21 हजार एवं कृष्णकुमार गट्टानी ने कमरा निर्माण हेतु 2 लाख 11 हजार रुपये की राशि दान देने की घोषणा की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष परमेश्वर नवाल, दिनेश लोढ़ा, आतिश तोतला, मनमोहन गट्टानी, युवा संगठन अध्यक्ष मनीष नवाल, महिला मंडल अध्यक्ष वंदना मंत्री, जावद माहेश्वरी समाज अध्यक्ष दिलीप बांगड़ सहित समाज के कई गणमान्यजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मनोज नवाल एवं कमलेश मंत्री ने किया। आभार सचिव रमेशचंद्र सोनी ने माना। अंत में अन्नकूट भी आयोजित हुआ।






**ब्यावर.** भारत विकास परिषद ब्यावर शाखा द्वारा अजमेर रोड स्थित फतेहपुरिया बगीची पर दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सचिव अनिल भराड़िया ने बताया कि शुभारंभ के मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष दिनेश कोगटा, विशिष्ट अतिथि कैलाश अजमेरा, प्रांतीय सचिव व जिलाध्यक्ष गोविंद अग्रवाल, संरक्षक लक्ष्मणदास गुरनानी, अध्यक्ष राजेंद्र बड़गोती, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रमेशचंद शर्मा ने भारत माता व विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की। सभी सदस्य परिवार सहित रंग-बिरंगे वस्त्र, सजधज कर समारोह में शिरकत की। बच्चों से लेकर बड़ों तक ने नृत्य किया। कंपल गेम मनोरंजन के साथ खिलाए गये। एकल गायन, ग्रुप डांस, एकल नृत्य पर सभी ने खूब मजा किया। गेम व डांस में विजेता रहे लोगों को पुरस्कार दिए गए।

**भीलवाड़ा.** जिला दरगड़ परिवार महिला मंडल ट्रस्ट एवं सतीमाता ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। शुरुआत 56 भोग के कार्यक्रम से हुई तथा वरिष्ठों का सम्मान किया गया। अनेक प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं। परिवार में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वालों बच्चों को पारितोषिक दिये। समारोह को सफल बनाने में रमेश, कैलाश, राजेश, शकुंतला, रेखा, आशा व सुमन दरगड़ का विशेष सहयोग रहा। महिला मंडल ट्रस्ट की अध्यक्ष सुमित्रा दरगड़ व राधेश्याम दरगड़ ने आभार व्यक्त किया।







**बीकानेर.** माहेश्वरी समाज की प्राचीन संस्था श्री प्रीति क्लब का दीपावली प्रीति मिलन समारोह स्थानीय जस्सूसर गेट के बाहर स्थित माहेश्वरी सदन में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। मीडिया प्रभारी पवन राठी ने बताया कि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुरलीधर झँवर उपाध्यक्ष श्री अखिल भारतवर्षीय पुष्कर सेवा सदन, सोहनलाल गट्टानी अध्यक्ष उप्रा राजस्थान, मगनलाल चांडक संरक्षक प्रीति क्लब व घनश्याम कल्याणी अध्यक्ष प्रीति क्लब थे। संस्था के महामंत्री नारायणदास दम्माणी ने स्वागत उद्बोधन दिया। क्लब की ओर से प्रिया झँवर व वृंदा डागा के निर्देशन में तैयार, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम का संचालन बीकानेर जिला माहेश्वरी युवा संगठन मंत्री पवन राठी ने किया। जगदीश कोठारी, सुशील थिराणी, किसनगोपाल सोमाणी, भवानी राठी अध्यक्ष राधाकृष्ण मंडल, सौरभ चांडक, मोहित चांडक, किसनकुमार दम्माणी, लालजी राठी, मोहनलाल चांडक सहित कई गणमान्यजन मौजूद थे।

"जन्मों-जन्मों से टूटे रिश्ते भी जुड़ जाते हैं,
बस सामने वाले को आपसे काम पड़ना चाहिए।"



**वरंगल.** माहेश्वरी समाज वरंगल का दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम मूंदड़ा भवन में हुआ। इस अवसर पर 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए टेलेंट शो, दंपतियों के लिए भारतीय संस्कृति एवं पारंपरिक वेशभूषा कार्यक्रम और सभी के लिए महा तंबोला आदि आयोजित किये गये। स्नेह मिलन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रमुख समाजसेवी एवं महेश विद्या भवन के निदेशक नंदगोपाल भट्टड़, अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा कार्यकारी मंडल के सदस्य एवं महेश बैंक के डायरेक्टर किशनगोपाल मणियार, छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की नवनिर्वाचित अध्यक्षा आशा हनुमानदास डोडिया उपस्थित थे। इनके साथ मंच पर माहेश्वरी समाज वरंगल के अध्यक्ष प्रहलाद सोनी, मंत्री संपतकुमार लाहोटी, वरंगल जिला माहेश्वरी सभा अध्यक्ष श्रीगोपाल तोषनीवाल, मंत्री बृजगोपाल लाहोटी, आंध्र प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के उपाध्यक्ष रमेशचंद बंग, आंध्र प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की नवनिर्वाचित उपाध्यक्षा इंद्रा प्रहलाद सोनी, माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्षा सुनीता कमालकिशोर मालाणी, दीपावली स्नेहमिलन कार्यक्रम के संयोजक रामकिशोर मणियार एवं डॉ. विष्णुकुमार बल्दवा आसीन थे। शहीद भारतीय सेना के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। विशिष्ट अतिथियों के साथ आंध्र प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की नवनिर्वाचित उपाध्यक्षा इंद्रा प्रहलाद सोनी का भी समाज की ओर से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नवल मनियार, जितेंद्र मूंदड़ा, दामोदर लाहोटी, नंदू लाहोटी, गोपीकिशन लाहोटी, राजगोपाल सोमानी, राजेश सोनी, नवल मूंदड़ा आदि का सहयोग रहा।



**बूंदी.** श्री माहेश्वरी पंचायत संस्थान के तत्वावधान में जैतसागर रोड स्थित माहेश्वरी भवन में अन्नकूट व दीपावली स्नेह मिलन व नवनिर्मित भवन का लोकार्पण समारोह श्यामसुंदर सोनी पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री व संदीप काबरा संगठन मंत्री अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के आतिथ्य में हुआ। स्वागत भाषण श्री माहेश्वरी संस्थान के अध्यक्ष जगदीश जैथलिया ने दिया। अतिथियों का साफा बांध, शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न देकर जिलाध्यक्ष रेवती बिड़ला, सचिव विजेंद्र माहेश्वरी, द्वारकाप्रसाद जाजू, घनश्याम लाठी, आयोजन मंत्री संजय मंडोवरा व संजय लाठी ने सम्मान किया। समारोह का संचालन मनीष मंत्री ने किया।



**हैदराबाद.** माहेश्वरी मंडल हैदराबाद (उत्तर), माहेश्वरी महिला समिति एवं माहेश्वरी युवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में दीपावली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट प्रसादी का आयोजन गत 5 नवंबर को मध्याह्न 3 बजे से सनतनगर स्थित हनुमान मंदिर देवस्थानम ग्राउंड (हिंदू पब्लिक स्कूल के पास) में किया गया। निजामाबाद के कालाणी बंधु द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पारायण किया गया। सायं 6.30 बजे आरती के पश्चात दीपावली स्नेह मिलन, के साथ सामूहिक दीपोत्सव द्वारा सैनिकों का आभार प्रकट कर अन्नकूट प्रसाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुरलीधर झँवर के नेतृत्व में आर्मी वेलफेयर फंड हेतु सहयोग राशि एकत्र की गई, जिसे संबंधित संस्था को भेजा जाएगा। मुख्य संयोजक सूरजकरण मर्दा, सहसंयोजक श्यामसुंदर तोष्णीवाल, जगदीश झँवर, संजय मोदाणी, मनोजकुमार बंग, लक्ष्मीकांत झँवर, गोविंदप्रसाद भक्कड़, गणेशचंद्र सोनी, जयप्रकाश सोमाणी आदि का विशेष सहयोग रहा। मंडल अध्यक्ष राजेंद्रस्वरूप माहेश्वरी, मंत्री शिवप्रसाद चांडक, उपाध्यक्ष लोकनाथ मारू, सुरेशचंद्र भक्कड़, प्रचार मंत्री शिवकुमार बंग, मंडल के संस्थापक अध्यक्ष ओमप्रकाश झँवर, संस्थापक मंत्री ओमप्रकाश मूंदड़ा, पूर्वाध्यक्ष श्यामसुंदर लाहोटी, पूर्व मंत्री कमलकिशोर मर्दा तथा विजय राठी आदि मौजूद थे। जानकारी प्रचार मंत्री शिवकुमार बंग ने दी।



**जयपुर.** श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर का दीपावली स्नेह मिलन समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव भक्ति संध्या के साथ गत 6 नवंबर को शाम 6 बजे से माहेश्वरी विद्यालय तिलक नगर प्रांगण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीनाथजी की 56 भोग की भव्य झांकी सजायी गई व सायंकाल 6.30 बजे महाआरती का आयोजन किया गया। समाज अध्यक्ष सत्यनारायण काबरा ने समारोह के मुख्य अतिथि प्रमुख उद्योगपति एवं समाजसेवी सीए संजय माहेश्वरी (झँवर), विशिष्ट अतिथि प्रमुख समाजसेवी व उद्योगपति सत्यनारायण मोदानी एवं



सुरेंद्रकुमार बजाज तथा प्रमुख समाजसेवी एवं व्यवसायी घनश्याम भूतड़ा का स्वागत किया। अन्नकूट प्रसादी में लगभग 5 हजार लोगों की उपस्थिति रही तथा आंगतुकों ने कार्यक्रम स्थल पर पृथक ब्लॉक्स में टेबल-कुर्सी पर बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायिका वीणा मोदानी, संजय रायजादा, राजेंद्र माहेश्वरी द्वारा भक्ति रचनाओं की भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ दी गईं। समाज महामंत्री संजय माहेश्वरी ने भी अपनी अनुपम भक्तिमय प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अन्नकूट महोत्सव संयोजक विनोद मूंदड़ा एवं कोषाध्यक्ष रामस्वरूप अजमेरा सहित पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



**कामठी.** माहेश्वरी मंडल कामठी कन्हान का दीपावली मिलन समारोह स्थानीय निम्बाजी सभागृह में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संतोष लखोटिया ने की। नागपुर जिला माहेश्वरी सभा सचिव दिनेश राठी प्रमुख अतिथि थे। विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं के निर्णायक स्मिता दिनेश राठी थीं। मंच पर मंडल कोषाध्यक्ष राजेश मूंधड़ा एवं संस्थापक अध्यक्ष कमलकिशोर करवा भी मौजूद थे। अंत में बच्चों के लिये फटाखे शो का भी आयोजन किया गया। आभार धन्यवाद मंडल सचिव सीए राजेश झंवर ने माना। शिवरतन लाखोटिया, नंदलाल धूत, डॉ. घनश्याम मूंधड़, संजय राठी, चंद्रमोहन लखखानी, रमन गाँधी, प्रेमरतन लखोटिया, गजानन राठी सहित समाज के कई गणमान्यजन मौजूद थे।

# इस बार बनेगी 'मन की महासभा'

## इन पर बनी सर्वसम्मति

सभापति



श्याम सोनी

महामंत्री



सन्दीप काबरा

अर्थमंत्री



आर.एल. काबरा

संगठनमंत्री



अजय काबरा

उत्तरांचल — उपाध्यक्ष



अशोक सोमानी

मध्यांचल — उपाध्यक्ष



मोहन राठी

मध्यांचल — संयुक्त मंत्री



शरद गट्टानी

उत्तरांचल — संयुक्त मंत्री



कौशलकिशोर पल्तानी

दक्षिणांचल — संयुक्त मंत्री



सतीश चरखा

पश्चिमांचल — संयुक्त मंत्री



श्याम सुन्दर मंत्री

**लम्बे समय से हर समाजजन के मन में था कि खर्चीले चुनाव की जगह बने आम सहमति से महासभा। "देर आए पर दुरुस्त आये" की तर्ज पर इस बार समाज का यह सपना साकार होने जा रहा है। महासभा के कुल 14 में से 10 पदों पर चुनाव की जगह केवल सर्वसम्मति से होगा, पदाधिकारियों का चयन।**

इस बार अभा माहेश्वरी महासभा फिर इतिहास लिखने जा रही है, आपसी सद्भाव से सर्वसम्मति से प्रत्याशियों का चयन करके। यह वह होने जा रहा है, जो बीते कई दशकों में नहीं हुआ। महासभा में 4 केंद्रीय व 10 आंचलिक सहित कुल 14 पद हैं और यह बहुत बड़ी उपलब्धि ही मानी जा सकती है कि इन 14 में से 10 पदों पर बिना मतदान के सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया जा चुका है। शेष बचे 4 पदों के लिये ही चुनाव होंगे। यह सब महासभा के समस्त सदस्यों की दृढ़ इच्छाशक्ति, समाज की भावना का सम्मान तथा समन्वय समिति के समर्पित प्रयासों का नतीजा ही है, अन्यथा ऐसा हो पाना आसान नहीं था। प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि तक कई बार टकराव की स्थिति बनी। ऐसा लगा कि सर्वसम्मति का सपना, सपना ही रह जाएगा। लेकिन आखिरकार यह साकार हो रहा है। बस, अब आगामी 18 दिसंबर को महासभा की होने वाली चुनावी बैठक में वैधानिक रूप से चुनाव अधिकारी द्वारा घोषणा करना ही शेष बचा है।

### चारों केंद्रीय पदों पर आम सहमति

महासभा अपने चारों शीर्ष केंद्रीय पदों पर आम सहमति से प्रत्याशी चयन करने में सफल हो चुकी है। अब स्थिति स्पष्ट है कि समन्वय समिति के प्रयासों से सर्वसम्मति से निर्विरोध रूप से चयनित उम्मीदवार ही नये पदाधिकारी होंगे। इसके अनुसार महासभा के 28वें सत्र के लिये सभापति श्यामसुंदर सोनी, महामंत्री संदीप काबरा, कोषाध्यक्ष आरएल काबरा तथा संगठन मंत्री अजय काबरा होंगे। समन्वय समिति के प्रयासों का ही यह प्रतिफल है कि सभापति पद के लिये जहाँ चार उम्मीदवारों के चुनाव मैदान में उतरने की संभावना थी, वहाँ शेष तीनों प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिये। इसमें कुछ प्रत्याशियों के मन में असंतोष भी उत्पन्न हुआ था, लेकिन फिर समाजहित में सभी सहर्ष साथ हो गये।

### अंचल में भी सर्वसम्मति का वर्चस्व

महासभा की संगठनात्मक व्यवस्था में वर्तमान में कुल 5 अंचल हैं और इनमें प्रत्येक में एक उपाध्यक्ष तथा एक संयुक्त मंत्री पद की व्यवस्था है। इस बार सर्वसम्मति की इस परिवर्तन लहर का असर अंचलों में भी भरपूर नजर आ रहा है। अंचलों के इन कुल 10 पदों में से 6 पदों पर सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन हो चुका है। इसमें दक्षिणांचल से संयुक्त मंत्री पद पर सतीश चरखा, मध्यांचल के दोनों पद उपसभापति पर मोहन राठी (भिलाई) व संयुक्त मंत्री पद पर शरद गट्टानी (अहमदाबाद), पश्चिमांचल में संयुक्त मंत्री पद पर श्यामसुंदर मंत्री तथा उत्तरांचल में दोनों पद उपाध्यक्ष पर अशोक सोमानी (रेवाड़ी) व संयुक्त मंत्री कौशलकिशोर पल्तानी (कासगंज) का सर्वसम्मति से चयन किया जा चुका है। अतः अब इनके निर्वाचन की तो 18 दिसंबर को मात्र औपचारिक घोषणा होना ही बाकी बची है।

### यहाँ होगी सेवा के लिये टक्कर

अंचलों के मात्र चार पदों पर सर्वसम्मति नहीं बन पाई। अतः इन पदों पर प्रजातांत्रिक पद्धति से मतदान होगा। इनमें पूर्वांचल में उपसभापति पद हेतु रमेश तापड़िया (नेपाल), कैलाश काबरा (कोलकाता) तथा जयकिशन माहेश्वरी (मालदा प.बं) के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा। इसी अंचल से संयुक्त मंत्री पद हेतु नंदकिशोर लखोटिया (कोलकाता) तथा घनश्याम करनानी (कोलकाता) तथा दक्षिणांचल से केवल उपाध्यक्ष पद हेतु रमेश बंग (हैदराबाद) व अशोक बंग (नासिक) के बीच चुनावी टक्कर होगी। इसी प्रकार पश्चिमांचल से भी केवल उपाध्यक्ष पद हेतु राधेश्याम परवाल (जयपुर) व देवकरण गग्गड़ (भीलवाड़ा) के बीच चुनावी दंगल होना लगभग तय है।



# B Jagjeewan Chandak Memorial Trust

**Chennai**

## दीपावली पर्व एवं नववर्ष के अवसर पर सभी माहेश्वरी बन्धुओं को हार्दिक मंगलकामनाएँ



**गोवर्धनलाल झँवर**
अध्यक्ष-तहसील माहेश्वरी सभा, माण्डलगढ़
मो. 94146-86445



**मानसिंह मून्दड़ा**
अध्यक्ष-नगर माहेश्वरी सभा, माण्डलगढ़
मो. 99835-51400



**केदारमल असावा**
उपाध्यक्ष-नगर माहेश्वरी सभा, माण्डलगढ़
मो. 94617 65400



**हेमन्त तुरकिया**
मंत्री-माहेश्वरी युवा संगठन, माण्डलगढ़
जिला प्रतिनिधि-तहसील माहेश्वरी युवा संगठन,
माण्डलगढ़, मो. 94614-19285



**विनयकुमार झँवर**
संयुक्त मंत्री-भीलवाड़ा जिला
माहेश्वरी सभा
मो. 94146 86446



**इन्द्रादेवी झँवर**
उपाध्यक्ष-नगर माहेश्वरी महिला मण्डल,
माण्डलगढ़
मो. 94624 86446

# केंद्र में ये भी हैं सर्वसम्मत प्रत्याशी



## रामेश्वरलाल काबरा
### कोषाध्यक्ष

इस बार अ.भा. माहेश्वरी महासभा में हुए सकारात्मक परिवर्तन सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के चयन के अंतर्गत महासभा के कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अर्थशास्त्री मुंबई निवासी सीए रामेश्वरलाल काबरा को सौंपी गई है। 18 जून 1951 में चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) में जन्मे 65 वर्षीय श्री काबरा डायरेक्ट लॉ, इंटरनेशनल टैक्स प्लानिंग, कंपनी लॉ, कार्पोरेट टैक्सेशन, पब्लिक व प्राइवेट सेक्टर ऑडिट्स आदि क्षेत्र के एक ऐसे विशेषज्ञ हैं, जिनकी विशेषता का लाभ 35 से अधिक देशों के उनके क्लाइंड ले रहे हैं। इतना ही नहीं देश की कई ख्यात बैंकें ही नहीं बल्कि शासन ने भी उनकी विशेषज्ञता का सम्मान करते हुए आवश्यकता होने पर हमेशा ही उनकी सेवा ली है। उनकी विशेषज्ञता की इस यात्रा की शुरुआती शिक्षाकाल के दौरान प्रतिभा प्रदर्शन में ही नजर आ गयी थी।

### समाज संगठन को सेवा

अपनी तमाम व्यस्तताओं के बावजूद श्री काबरा समाजसेवा में अपना योगदान देने में भी कभी पीछे नहीं रहे। वर्ष 1999-2003 में मेवाड़ माहेश्वरी मंडल मुंबई अध्यक्ष, 2003-05 में ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन रहे। वर्तमान में वर्ष 2006 से अभा माहेश्वरी महासभा में प्रोफेशनल सेल का संयोजक, श्री बांगड़ माहेश्वरी मेडिकल वेलफेयर सोसायटी के उपाध्यक्ष हैं। इसके साथ ही महासभा के होस्टलों को संचालित करने वाले अभा माहेश्वरी एजुकेशनल ट्रस्ट श्री बद्रीलाल सोनी माहेश्वरी शिक्षा सहयोग केंद्र व श्री कृष्णदास जाजू स्मारक ट्रस्ट जैसी महत्वपूर्ण संस्थाओं को ट्रस्टी के रूप में महत्वपूर्ण सेवा दे रहे हैं। मुंबई में वहाँ आने वाले व्यावसायिक विद्यार्थियों के लिये होस्टल का निर्माण करने वाले हैं। ऐसा एक होस्टल समीपस्थ नाईगाँव में "विद्यार्थी गृह" के नाम से संचालित है।

### विशिष्ट सेवाएँ

श्री काबरा रेपीड मेट्रो (गुड़गाँव) लि. रेपीड मेट्रो (गुड़गाँव साउथ) लि. गुड़गाँव व दिल्ली तथा रामकी इन्वायरो इंजी. लि. हैदराबाद जैसी पारिवारिक कंपनियों में स्वतंत्र डायरेक्टर पद की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इसके साथ ही एशियन ऑइल फील्ड लि., बिरला पेरुचिन्न सहित कई कंपनियों को डायरेक्टर के रूप में सेवा दे रहे हैं। व्यावसायिक रूप से ग्लोबल कन्सल्टिंग फर्म के चेयरमैन भी हैं। डायरेक्ट टैक्स, टैक्स प्लानिंग, कंपनी लॉ आदि विषयों पर अपने आलेखों के द्वारा भी श्री काबरा मार्गदर्शन दे रहे हैं। आईसीएआई की विभिन्न समितियों में सदस्य के रूप में भी अपना अतिमहत्त्वपूर्ण योगदान देते रहे हैं।



## अजय काबरा
### संगठन मंत्री

इस बार महासभा ने अपने महत्त्वपूर्ण केन्द्रीय पद संगठन मंत्री के लिए सर्वसम्मति से वर्तमान सत्र में उत्तरांचल के संयुक्त मंत्री रहे भदोही निवासी अजय काबरा का चयन किया है। श्री काबरा समाज संगठन में भी विभिन्न पदों पर रहे हैं, लेकिन फिर भी उनकी विशिष्ट पहचान समाजसेवी से अधिक एक प्रतिष्ठित व्यवसायी के रूप में ही है। महासभा के गत दो सत्रों में श्री काबरा कार्यकारी मंडल सदस्य रहे हैं,लेकिन उनकी सक्रियता सम्भवत उनकी व्यावसायिक जिम्मेदारियों के कारण अधिक नहीं हो पायी। उनकी समाज संगठन में कम सक्रियता होने के बावजूद जब उन्हें संयुक्त मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई, तो उन्होंने बखूबी निभाई। वर्तमान में उनका चयन उनकी इन्हीं सेवाओं का प्रतिफल है।

### समाज सेवा में योगदान

श्री काबरा समाज के विभिन्न संगठनों से सम्बद्ध होकर अपनी तमाम व्यस्तताओं के बावजूद अपना योगदान देने का प्रयास करते रहे हैं। इसके अन्तर्गत श्री काबरा पूर्वी उ.प्र. माहेश्वरी सभा से वर्ष 2007-10 में सचिव तथा श्री महेश सेवा ट्रस्ट से वर्ष 2010-13 में सचिव के रूप में सम्बद्ध रहे हैं। समाज के शीर्ष संगठन अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा से 25 वें सत्र से ही कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सम्बद्ध हैं और 26वें सत्र में भी कार्यकारिणी सदस्य रहे, धर्मपत्नी उषा काबरा पूर्वी उ.प्र. माहेश्वरी महिला संगठन की सचिव रही हैं।

### अन्य उपलब्धियाँ

श्री काबरा माहेश्वरी समाज के साथ-साथ अन्य समाजसेवी गतिविधियों में भी सक्रिय रहे हैं। इसके अन्तर्गत लायन्स क्लब भदोही वरुणा में वर्ष 1987 से चार्टड मेम्बर तथा एमजेएफ मेम्बर है। लायन्स इण्टरनेशनल डिस्ट्रिक्ट-321 ई के वर्ष 200-03 में जोन चेयरपर्सन व वर्ष 2004-05 में रीजन चेयरपर्सन रहे। व्यावसायिक संगठनों के अन्तर्गत वर्ष 2004-06 एवं वर्ष 2006-08 तक दो सत्रों में ऑल इण्डिया कार्पेट यार्न स्पिनर्स एण्ड डीलर्स एसोसिएशन के महासचिव रहे तथा इसी संगठन में वर्ष 2010-12 में उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारियों का निवर्हन किया। धर्मपत्नी श्रीमती काबरा वर्ष 2011-12 में लायन्स क्लब भदोही वरुणा की अध्यक्ष रही हैं। वर्ष 2012-13 में लायन्स इण्टरनेशनल डिस्ट्रिक्ट -321 ई में श्रीमती काबरा जोन चेयरपर्सन रही हैं।




With Best Compliments from

Vinayak Infotechs

Deepak Lakhotia
98950-19420

Vimal Lakhotia
93880-19420

House No. 126, Door No. 55/1218, 55/1218, Canal Road, Giri Nagar, Kadavanthara, Emakulam-682 020 (Kerala)
Tel. : 0484-4073440, 4052440, E-mail : vinayak_infotechs@yahoo.com

Shop No.2, Basement, Shambhu Bhawan, Sanichar Ji Ka Than, Chopasni Road, Jodhpur-342003 (Raj.)
Tel. : 0291-2613573, E-mail : vinayakinfotech1985@gmail.com

COMPLETE INFRASTRUCTURE PROVIDER FOR OPEN AIR EVENTS

With Best Compliments from




With Best Compliments from

RMB EVENT
A Bhattad Group Company

Event Management & Infrastructure Services Provider

20ft Clear Ht. RMB Structure 5,00,000 sq. ft.
AC Capacity 6,500+TR
Roder HTS Structure (130 ft Wide) 1,00,000 sq. ft

104, Bajaj Bhavan,Nariman Point, Mumbai 400 021.
Tel-022-61536400/460. Email : rmbltd@vsnl.com, Web Site : www.rmbevent.com

With Best Compliments from

Triton Trading Company Pvt. Ltd.

Merchantile Chambers, 2nd Floor,
12-J-N, Heredia Marg,
Ballard Estate, Ballard Estate,
Mumbai-400001
Tel. : 22690506-10
E-mail : ttcpl1926@yahoo.co.in

With Best Compliments from

Shrikant G. Mantri

Member : The Stock Exchange, Bombay

Surya Mahal, 2nd Floor, Nagindas Master Road,
Fort, Mumbai-400 001, INDIA

Tel : 022-2261 8384, 2267 2526,
6635 9003, 6635 9004, Fax : 022-2262 3198

E-mail : sgmantri@usa.net

Res. 022-2618 4126, 2614 4933,
M. 98210-26725

# मध्यांचल में पूर्ण सर्वसम्मति



## मोहन राठी

**उपसभापति**

मध्यांचल-उपाध्यक्ष पद के लिये सर्वसम्मति से चुने गये हैं, भिलाई निवासी मोहन राठी। छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के पूर्व अध्यक्ष 60 वर्षीय ख्यात समाजसेवी व उद्यमी श्री राठी केन्द्रीय संगठन में तो अभी तक किसी महत्वपूर्ण पद पर नहीं रहे, लेकिन विभिन्न संगठनों के माध्यम से उनके द्वारा की जा रही सेवा के कारण उनकी समाज में एक अत्यंत उज्ज्वल छवि है। उनकी सबसे बड़ी पहचान एक विशिष्ट प्रतिभा सम्पन्न सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में है। उनकी यह प्रतिभा बचपन से ही प्रदर्शित हो गई थी। वर्धा (महाराष्ट्र) के ग्रामीण पृष्ठभूमि से विषम परिस्थिति से होकर भी उन्होंने भौतिक विज्ञान से एम.एससी. तक उच्च शिक्षा प्राप्त की। श्री राठी प्रारम्भ से ही प्रतिभावान रहे हैं। उन्होंने वर्ष 1969 में मैट्रिक की परीक्षा महाराष्ट्र एवं नाशिक बोर्ड में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर उत्तीर्ण की, जिसके लिये उन्हें मेरिट छात्रवृत्ति भी प्राप्त होती रही। उनकी प्रतिभा के उन्हें जानने वाले समाजजन कायल हैं। युवा वर्ग में भी उनकी विशिष्ट साख है। वर्तमान में आप भिलाई एवं नाशिक में विभिन्न उद्योगों एवं व्यवसाय का संचालन कर रहे हैं।

### समाजसेवा में योगदान

चाहे श्री राठी केन्द्रीय संगठन में किसी भी महत्त्वपूर्ण पद पर न रहे हों, लेकिन वे विभिन्न संगठनों के माध्यम से विगत 30 वर्षों से सतत् रूप से समाज को अपनी निःस्वार्थ सेवा प्रदान कर रहे हैं। इसके अन्तर्गत वर्ष 1983-87 तक माहेश्वरी पंचायत दुर्ग के मंत्री तथा वर्ष 1995-99 तक अध्यक्ष रहे। अपने इस कार्यकाल में उन्होंने समाज भवन निर्माण, कोष वृद्धि आदि जैसे, कई महत्वपूर्ण कार्यों को अंजाम दिया। वर्ष 2002 से 05 तक छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष रहे। जिसके तहत उनके कार्यो मे महासभा एवं पूरे अंचल में छत्तीसगढ़की विशिष्ट पहचान बनीं। वर्ष 2005 से सतत् रूप से अ.भा. माहेश्वरी महासभा को कार्यसमिति सदस्य के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं। महेश एज्युकेशनल एण्ड चेरिटेबल ट्रस्ट भिलाई के प्रबंध न्यासी के रूप में उनके नेतृत्व में सेठ मीठालाल राठी बाईज होस्टल तथा सेठ श्री किशन-रामप्यारी डागा गर्ल्स होस्टल का 5 करोड़ की लागत से 2 वर्ष के रिकार्ड समय में धनसंग्रह कर निर्माण एवं वर्तमान में सफल संचालन के कारण देश-प्रदेश में उनकी लोकप्रिय छवि बनी है।

### अन्य उपलब्धियाँ

प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से श्री राठी कई सेवा गतिविधियों में शामिल रहे हैं। इनके अन्तर्गत चम्पारण में विशिष्ट धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन शामिल है। सदस्यगण-2011 के कार्यक्रम जिसमें कई विद्वान के व्याख्यानों का आयोजन कर समाज को एक नई दिशा दी है। व्यावसायिक संगठनों के अन्तर्गत श्री राठी ऑल इंडिया वाईडिंग वायर मैन्यूफेक्चरिंग एसोसिएशन मुम्बई के वर्किंग कमेटी मेम्बर, सेन्ट्रल एक्साईज कस्टम्स छत्तीसगढ़ सम्भाग के पूर्व सदस्य, छत्तीसगढ़ माईन्स एण्ड मिनरल इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के एक्सीक्यूटिव कमेटी सदस्य, छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ के संस्थापक सदस्य तथा भिलाई एसीलरी इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के सलाहकार समिति सदस्य भी हैं। उनके उद्योग को भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा "परफार्मेंस एक्सीलेंस अवार्ड" तथा छत्तीसगढ़ के लघु उद्योगों में सर्वाधिक राजस्व प्रदान करने पर भी सम्मानित किया जा चुका है। वर्ष 2005-06 में छत्तीसगढ़ लघु उद्योग संघ द्वारा मुख्यमंत्री के हाथों "विशिष्ट तकनीकी उद्यमी" पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। आंचलिक उपसभापति के रूप में उन्होंने अपने चुनावी घोषणा पत्र में अपने पूर्व अनुभव के आधार पर संगठनात्मक, रचनात्मक एवं शिक्षा एवं रोजगार के संम्बध में स्पष्ट रूप से विभिन्न कार्यक्रम घाषित किये हैं।



## शरद गट्टानी

**संयुक्त मंत्री**

मध्यांचल संयुक्त मंत्री पद के चुनाव में अहमदाबाद निवासी ख्यात अर्थशास्त्री सीए शरद गट्टानी निर्विरोध प्रत्याशी हैं। उनके सामने 2 विरोधियों के खड़े होने के कयास लगाये जा रहे थे, लेकिन महासभा की समन्वय समिति के प्रयास रंग लाये ओर परस्पर सहमति बन ही गई। एक सीमेंट कंपनी में एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रहे श्री रामकृष्ण गट्टानी के यहां जन्मे श्री गट्टानी प्रारंभ से ही प्रतिभावान रहे हैं। आपने विशिष्ट योग्यता के साथ ही बीकॉम एमसीए, डीआईएसए तथा डीबीएमएम तक शिक्षा ग्रहण की। 3 वर्ष तक स्टूडेंट यूनियन प्रतिनिधि रहे। इसके साथ कॉलेज के सांस्कृतिक मंत्री तथा यूनियन के मंत्री भी रहे। वर्तमान में श्री गट्टानी एडजेसेंट फैकल्टी के रूप में आईआईटी गाँधीनगर तथा एमबीए प्रोग्राम की विजिटिंग फैकल्टी के रूप में निरमा इंस्टिट्यूट को सेवा दे रहे हैं। अहमदाबाद में पेशेवर चार्टर्ड अकाउंटेंट तथा गट्टानी एंड एसोसिएट्स फर्म के माध्यम से अपना निजी व्यवसाय भी कर रहे हैं।

### समाज संगठन में योगदान

युवा संगठन से साधारण सदस्य के रूप में जुड़ने के बाद अखिल भारत संगठन में कार्यसमिति सदस्य (1994-97) तथा गुजरात प्रांतीय माहेश्वरी युवा संगठन अध्यक्ष (1997-2000) बने। सन् 2002 में गुजरात में आए भूकंप में समाज के भूकंप राहत कोष के संयोजक के रूप में महत्वपूर्ण दायित्व निभाया। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा श्रेष्ठ प्रदेशाध्यक्ष के रूप में सम्मानित भी किया गया। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन के पश्चिमांचल उपाध्यक्ष सन् 2000-2003 में बनें। अखिल भारतवर्षीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण का अहमदाबाद में आयोजन किया। अखिल भारतवर्षीय महासभा के कार्यकारी मंडल की सदस्यता सन् 2003 से ग्रहण की। सन् 2010 में महासभा के अहमदाबाद अधिवेशन के आयोजन की कोर समिति के सदस्य एवं पिछले तीन सत्रों से गुजरात प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी तथा वर्तमान सत्र में भी केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य रहे। अध्यक्ष रामपाल सोनी के नेतृत्व में महासभा की वेबसाइट सेल के सदस्य के रूप में सेवा दी। सन् 2015 में नेपाल में आए भूकम्प की राहत समिति में संयोजक के साथ ही हाल ही में संपन्न अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी सेवा सदन के चुनाव में केंद्रीय चुनाव अधिकारी के रूप में कार्य किया। इसके साथ ट्रस्टी गुजरात माहेश्वरी चेरिटेबल ट्रस्ट, सदस्य श्री आदित्य बिरला मेमोरियल व्यापार सहयोग केंद्र, डोनर मेंबर महेश सेवा ट्रस्ट, ट्रस्टी गुजरात माहेश्वरी चेरिटेबल ट्रस्ट के रूप में भी सेवा दे रहे हैं।

### अन्य विशिष्ट सेवाएँ

श्री गट्टानी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया, अहमदाबाद चैप्टर से सक्रियता के साथ जुड़े हुए हैं और प्रोफेशनल डेवलपमेंट कमेटी के सदस्य, कमेटी फॉर कंटिन्यूइंग प्रोफेशनल एजुकेशन फॉर सीए के संयोजक, विभिन्न समिति एवं सहसमिति के सदस्य के रूप में सेवा दे रहे हैं। गुजरात चेंबर ऑफ कॉमर्स की डायरेक्ट टैक्स समिति के सदस्य व अहमदाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन के संरक्षक सदस्य भी हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी के 'गुजरात फेन क्लब' सहित कई संस्थाओं से सम्बद्ध हैं।

# लड़के-लड़कियों के रिश्ते ढूँढना हुआ बेहद आसान
# हमारी वेबसाइट है
# इसका सही समाधान

High Status,
Middle Status,
NRI, Manglik, Non Manglik,
Biodata MBA, MCA, Doctor,
Engg. Biodata, CA, CS,
ICWA Biodata




Graduate,
Post Graduate Biodata
Professional Biodata
Businessman Biodata
Service Class Biodata

**माहेश्वरी समाज के लिए**
**60 हजार से अधिक**

**जैन समाज के लिए**
**70 हजार से अधिक**

**अग्रवाल समाज के लिए**
**1 लाख से अधिक**

Registration Free

## Website
## www.maheshwari.org
## www.jain2jain.org
## www.agrawal2agrawal.org

Registration Free



## अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें-

**39/1, Old Rajendra Nagar, New Delhi-110060**
**Phones :011-25746867, M. : 093129 46867**

# उत्तरांचल में पूर्ण सर्वसम्मति



## अशोक सोमानी
**उपाध्यक्ष**

उत्तरांचल को इस बार सर्वसम्मत प्रत्याशियों की सौगात मिली है। इनमें उपाध्यक्ष पद हेतु निर्विरोध प्रत्याशी हैं, रेवाड़ी (हरियाणा) निवासी ख्यात व्यवसायी अशोक सोमानी। 28 नवम्बर 1953 को स्व. श्री आर.डी. सोमानी के यहां जन्में अशोक सोमानी क्षेत्र के प्रतिष्ठित स्टोन निर्यातक हैं। इसके साथ ही वे सोमानी पब्लिक स्कूल का संचालन भी कर रहे हैं। समाज में उनकी विशिष्ट पहचान एक ऐसे समर्पित समाजसेवी के रूप में है, जिन्होंने अपने प्रदेश संगठन "हरियाणा-पंजाब-हिमाचल-जम्मू-कश्मीर प्रादेशिक माहेश्वरी सभा, को दो सत्रों में प्रदेश अध्यक्ष के रूप में सेवा दी है।"

### समाज सेवा में योगदान

श्री सोमानी लंबे समय से समाज संगठन से संबद्ध होकर अपनी समर्पित सेवा दे रहे हैं। हरियाणा-पंजाब-हिमाचल-जम्मू-कश्मीर प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के सतत दो सत्र वर्ष 2010-13 तथा वर्ष 2013-16 में प्रदेशाध्यक्ष रहे। इसे उनके सफल कार्यकाल की उपलब्धि ही कहा जा सकता है कि वे दो बार प्रदेशाध्यक्ष बने। वर्ष 2010 से अ.भा. माहेश्वरी महासभा के कार्यसमिति सदस्य हैं। हरियाणा पंजाब प्रादेशिक ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं श्रीमती लीलावती सोमानी एज्युकेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी तथा श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन के ट्रस्टी के रूप में भी अपनी सेवा दे रहे हैं। अन्य समाजसेवी गतिविधियों के अंतर्गत लायंस क्लब 321-ए-1 के चार्टर्ड सदस्य हैं। लायंस क्लब के 2 सत्रों तक अध्यक्ष रहे। वर्तमान में रीजन जोन चेयरमेन की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। संगठन अ.भा. वैश्य महासभा के चीफपर्सन भी हैं।

### अब क्या है लक्ष्य

अंचल के उपाध्यक्ष के रूप में वे समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरना चाहते हैं। उनके प्रमुख लक्ष्य में उत्तरांचल में छात्रावास निर्माण तथा आई.ए.एस. प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना शामिल है। अगर महासभा द्वारा दिल्ली या गुड़गांव में महासभा के कार्यालय अथवा अतिथि गृह का निर्माण होता है तो अंचल द्वारा पूर्ण सहयोग किया जाएगा। युवा वर्ग को व्यापार एवं उद्योग में प्रोत्साहित करने के लिए प्रशिक्षण/सेमीनार का आयोजन करना, सभी को संगठन से जोड़ना, अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा द्वारा आरंभ की गई विभिन्न योजनाओं का लाभ पूरे अंचल में पहुंचे इसका प्रयास करना, पूरे अंचल का भ्रमण, पूरे उत्तरांचल के समाज परिवारों की जनगणना करवाकर निर्देशिका (डायरेक्टरी) जारी करवाना तथा प्रत्येक वर्ष अंचल के पदाधिकारियों का सम्मेलन आयोजित करना प्रमुख रूप से उनके लक्ष्य में शामिल है।



## कौशलकिशोर पल्तानी
**संयुक्त मंत्री**

उत्तरांचल से सर्वसम्मति से संयुक्त मंत्री पद के लिये चयनित निर्विरोध प्रत्याशी हैं, कासगंज निवासी कौशलकिशोर पल्तानी। सर्वसम्मत प्रत्याशी होने से उनका निर्वाचन तो तय ही है, सिर्फ चुनाव अधिकारी द्वारा वैधानिक घोषणा ही शेष है। श्री पलतानी का जन्म स्व. श्री जगदीशप्रसाद पल्तानी एवं श्रीमती ब्रह्मादेवी के यहाँ ज्येष्ठ पुत्र के रूप में 29 जुलाई सन् 1943 को हुआ। पारिवारिक परिस्थितियों के कारण मात्र 19 वर्ष की आयु में ही कॉलेज की पढ़ाई छोड़कर व्यापार का बीड़ा उठाना पड़ा और फिर आवश्यकता के अनुसार पूर्ण रूप से व्यापार में ही रम गए। सन् 1964 में आगरा की मिथलेश कुमारी से जीवन भर का रिश्ता जुड़ गया। वर्तमान में उनके चारों पुत्र भी व्यापार में कुशलतापूर्वक योगदान दे रहे हैं।

### समाज संगठन में योगदान

सन् 1993 में मन में लोक मंगल की भावना लेकर कासगंज के माहेश्वरी समाज के संगठन से जुड़ें और अध्यक्ष बने। अलग-अलग तीन सत्रों में लगभग 11 वर्षों तक कासगंज माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष रहे। इस दौरान अपने समाज की अनेकों समस्याओं को सुगमतापूर्वक सुलझाया। उनके इस सामाजिक सेवा भाव से प्रभावित होकर कासगंज के माहेश्वरी समाज ने समाज रत्न की उपाधि से सम्मानित किया। नगर सेवा की महक प्रदेश तक पहुँची। प्रदेश के ग वर्ग में उपाध्यक्ष चुने गए। इसी दौरान माहेश्वरी समाज की आगरा जिला सभा का चुनाव उनके ही निर्देशन में सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात अलीगढ़ के दी माहेश्वरी समाज के चुनाव में भी चुनाव अधिकारी की भूमिका निभाईं।

### विशिष्ट योगदान

व्यावसायिक व्यस्तता के बावजूद समाज सेवा की भावना थमी नहीं। नगर कासगंज में माहेश्वरी समाज के दो वर्ग है जिनमें एक वर्ग में 700 परिवार तथा दूसरे वर्ग में 200 परिवार हैं। श्री पल्तानी दोनों वर्गों के समस्त 900 परिवारों के साथ मिलकर समाज सेवा के कार्य करने लगे। लगभग 98 प्रतिशत समाजजनों ने एक साथ खड़े होकर समाज हित के अनेकों कार्यक्रम सम्पन्न कराए। सभी परिवार एक-दूसरे के साथ मिल-जुलकर कार्य कर रहे हैं। निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष के रूप में उत्तरप्रदेश में माहेश्वरी समाज के तीनों प्रांत पश्चिमी उत्तर प्रदेश, मध्य उत्तर प्रदेश व पूर्वी उत्तर प्रदेश को मिलाकर लगभग 40 वर्षों बाद वृंदावन में कार्यकारी मंडल की एक ऐतिहासिक बैठक आयोजित की। इसके साथ ही युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन स्वयंवर के रूप में सम्पन्न कराया, जो समाज में विशेष प्रशंसनीय रहा।




# हार्दिक बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ



# कल्पना गगडानी

के अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन में

**अध्यक्ष** मनोनीत होने पर

शुभेच्छु

**गगडानी परिवार**
। डोंबिवली । जलगाँव । लखनऊ ।

**राठी परिवार**
। इन्दौर । गाडरवाड़ा (म.प्र.) ।

**कलंत्री परिवार**
। नासिक ।

**डागा परिवार**
। जयपुर ।

**बांगड़ परिवार**
। भोपाल ।

।। जय महेश ।।

।। जय महेश ।।

'कल्पित', आरएम-23, सुदामा नगर, एमआईडीसी, डोंबिवली (पूर्व), जिला-ठाणे (महा.)

# ये हैं सर्वसम्मत संयुक्त मंत्री



## श्यामसुंदर मंत्री

**पश्चिमांचल**

पश्चिमांचल संयुक्त मंत्री पद के लिये चुनाव में जयपुर के जुगलकिशोर सोमानी द्वारा नाम वापस लेने के बाद एकमात्र निर्विरोध प्रत्याशी के रूप में कुचामन सिटी (राजस्थान) निवासी श्यामसुंदर मंत्री ही मौजूद हैं। अतः उन्हें तो बस निर्वाचित घोषित करना ही बाकी है। 26 नवंबर 1955 को स्व. श्री कल्याणचंद्र व श्रीमती रामेश्वरी देवी मंत्री के यहाँ जन्में श्री मंत्री एक ऐसे ख्यात समाजसेवी हैं, जिन्हें विकलांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिये राष्ट्रपति पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। स्नातक तक शिक्षित श्री मंत्री मार्बल व्यवसाय से सम्बद्ध हैं। धर्मपत्नी शोभा मंत्री व 1 पुत्र व 2 पुत्रियाँ भी उनकी सेवा गतिविधियों में सहयोगी बने हुए हैं। श्री मंत्री को रक्तदान जागरुकता के लिये भी राज्यपाल तथा भास्कर समूह द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

### समाजसेवा में योगदान

श्री मंत्री समाज सहित कई समाजसेवी संस्थाओं से सम्बद्ध होकर अपना योगदान दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश मंत्री मध्य राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा, संयोजक पश्चिमांचल सामाजिक आचार संहिता एवं अनुशासन समिति (महासभा), संयुक्त महामंत्री राजस्थान प्रदेश वैश्य महासम्मेलन, अध्यक्ष नारायण सेवा संस्थान शाखा कुचामन सिटी, अध्यक्ष श्री कुचामन गोशाला, अध्यक्ष श्री जन कल्याण ट्रस्ट, प्रांतीय सभापति जल संरक्षण लायंस प्रांत 323 ई-2, उपाध्यक्ष कुचामन विकास समिति-कुचामन सिटी, ट्रस्टी श्री कुचामन पुस्तकालय, संरक्षक भारतीय संगीत सदन के साथ कार्यकारिणी सदस्य कुचामन महाविद्यालय व जिला सदस्य बंधक श्रमिक सतर्कता समिति नागौर के रूप में भी सेवा देते रहे हैं।

### विशिष्ट योगदान

व्यापार जगत में कामयाबी के पश्चात लायंस क्लब कुचामन सिटी की सदस्यता ग्रहण की एवं नगर एवं क्षेत्र में अंधता निवारण तथा अन्य सेवा प्रकल्पों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्ष 1999 में नारायण सेवा संस्थान की शाखा के संस्थापक अध्यक्ष बने। तदन्तर पोलिया शल्य चिकित्सा के माध्यम से पूरे क्षेत्र को पोलियो मुक्त कराकर ही दम लिया। रक्त का महत्व समझते हुए रक्तदान जागरुकता में विशेष रुचि ली एवं कुचामन नगर को स्वैच्छिक रक्तदान के क्षेत्र में पूरे प्रदेश में एक अलग पहचान दिलाई। वैश्य संगठन एवं माहेश्वरी समाज में वृहद स्तर पर प्रतिभावन छात्रों के सम्मान एवं कॅरियर गाईडेंस शिविर आयोजित किये। वर्ष 2008 से 2013 तक नागौर जिला माहेश्वरी सभा के जिलाध्यक्ष रहे एवं इस अवधि में अनेकों समाज हित के प्रकल्प संपादित किये गये। वर्तमान में मध्य राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के महामंत्री हैं। कुचमान विकास समिति द्वारा संचालित कुचामन महाविद्यालय में विद्यार्थियों के खेल संवर्द्धन हेतु नागौर जिले के प्रथम इंडोर स्टेडियम में अंशदान कर अपने स्व. पिताश्री कल्याणचंद मंत्री के नाम से इंडोर स्टेडियम बनवाया। श्री कुचमान गौशाला के अध्यक्ष के रूप में गौशाला की लगभग 400 बीघा भूमि का निर्माण बाउंड्रीवॉल की एवं लावारिस गायों की पालन संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि की। गर्भस्थ शिशु संरक्षण के लिए अध्यक्ष के रूप में भ्रूणहत्या बंद करवाने के लिए लगातार जन आंदोलन चलाया। अपने जन्म स्थान ग्राम हरिपुरा को आपने लायंस क्लब के माध्यम से गोद लिया हुआ है और पिछले दस वर्षों से आर्थिक सहयोग कर ग्राम के सर्वांगीण विकास में रत हैं। इनके साथ ही कई सेवा गतिविधियों में भी वे तन-मन-धन से सदैव ही सहयोगी बने हुए हैं।


दीपावली एवं नववर्ष की सभी माहेश्वरी बन्धुओं को हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएँ

**शास्त्रीनगर माहेश्वरी सभा**

सी-129, शास्त्रीनगर, भीलवाड़ा (राज.)-311001, दूरभाष : 01482-251371



**फतेहलाल जैथलिया**
अध्यक्ष
94141-10750

।। जय महेश ।।

संरक्षक- रामगोपाल राठी, शंकरलाल समदानी
वरिष्ठ उपाध्यक्ष- प्रहलादराय मण्डोवरा
उपाध्यक्ष- रतनलाल चेचाणी, सुरेशचन्द्र माहेश्वरी
कोषाध्यक्ष- सुशील अजमेरा,
संगठन मंत्री- अशोक चेचाणी, सांस्कृतिक मंत्री- अशोक मुरकिया
संयुक्त मंत्री- रमेशचन्द्र बंग, मनोज जागेटिया
प्रचार प्रसार मंत्री- कमलनयन बाहेती, रमेशचन्द्र अजमेरा, कैलाशचन्द्र न्याती, ओमप्रकाश असावा, रमेश समदानी, सुरेशचन्द्र पोरवाल, उत्तमचन्द बाहेती, रामस्वरूप राठी
आमंत्रित सदस्य-गुलाबचन्द सोनी, गजानन्द बजाज, शिवप्रकाश झँवर, अजय लोहिया, सुनील राठी, नवीन काकानी,
कार्यकारिणी सदस्य- कृष्णगोपाल कोठारी, रमेश मून्दड़ा, मनोज सोनी, देवकरण तोतला, कैलाश काबरा, अनिल सोनी, सन्दीप झँवर, प्रहलाद जागेटिया, भगवान झँवर, रामवल्लभ अजमेरा, श्रीराम सोमानी, सुनील सोडानी, दिनेश लढ़ा, ओमप्रकाश बियानी, मनोज मण्डोवरा, राकेश माहेश्वरी, आशीष पोरवाल, कैलाशचन्द्र लढ़ा, प्रयागचन्द दमानी
जिला सभा सदस्य- प्रहलाद राय अजमेरा, रामगोपाल राठी, राजेन्द्र प्रसाद कोठारी, कृष्णगोपाल तोषनीवाल, ओमप्रकाश काल्या, सुशील मारोठिया, ब्रजबिहारी गुप्ता.
नगर सभा सदस्य- शिवनुवाल, दिनेश पटवानी, राजेश कुमार लड्ढा, राजेन्द्र समदानी, एस.एन. गग्गड़, राजेन्द्र तोषनीवाल, राजेन्द्र कुमार काबरा, कैलाशचन्द्र अजमेरा, अनिल राठी, मनोज कुमार नुवाल, गिरधर गोपाल जैथलिया, सुनील कुमार बियानी, राजेश लड्ढा, ओमप्रकाश कासट, दिनेश पोरवाल.
आजीवन सदस्य- गोपाल कासट, भेरूलाल बाल्दी, ओमप्रकाश कोगटा, सुरेश लड्ढा.



**संजय जागेटिया**
मंत्री
94141-15371

# 'समाज सेवा गौरव' पुरस्कार से सम्मानित शरद गोपीदासजी बागडी (नागपुर) को

## हार्दिक शुभ कामनाएं



**Mr. Sharad Gopidasji Bagdi**
M.Com, DBM, ICWA, CA(Fin)
Financer, Investor & Port-folio Consultant (MOSL,Nag.)
Nagpur-440010. Ph-09890017745/09325656776

## शरद बागड़ी को मिली उपलब्धिया व पुरस्कार

1) रोटरी क्लब के दुर्घटना मुक्त नागपुर कार्यक्रम में परिवहन मंत्री दिवाकर रावते के हाथों शरद बागड़ी का सामाजिक कार्यों में योगदान के लिये विशेष जाहिर सत्कार.
2) महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने परसिस्टंट सिस्टीम लि. मे शरद बागडी का सत्कार किया.
3) केंद्रीय मानवाधिकार संगठन, न्यु दिल्ली द्वारा पुर्व डिस्ट्रीक्ट कोर्ट जज व मराठी फिल्म अभिनेता प्रकाश भागवत के हाथो शरद बागडी को समाज रत्न अवार्ड से सम्मानित किया.
4) डिस्ट्रीक्ट कोर्ट नेशनल लोक अदालत मे शरद बागडी पैनल में सदस्य बनकर शामिल व डिस्ट्रीक्ट कोर्ट से प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित.
5) लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अधिवेशन मे केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी सहित सात केंद्रीय मंत्रीयो व मुख्यमंत्री के साथ शरद बागड़ी संयोजक रुप मे शामिल थे. जिसमे पुरे भारतवर्ष से 1750 लघु व मध्यम उद्योगपती भी शामिल थे.
6) सबसे बडे शेयर ब्रोकिंग हाऊस मोतीलाल ओसवाल द्वारा वेल्थ क्रियेटर ऑफ डिकेड अवार्ड से सम्मानित हुए शरद बागडी.
7) श्री बीकानेरी माहेश्वरी पंचायत द्वारा गणगौर के मौके पर असाधारण उपलब्धियो के लिये गौरव किया.
8) सुराज्य दौड-2015 मे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस व नितीन गडकरी के साथ मुख्य अतिथी के रुप मे शरद बागडी आमंत्रित व भाजपा महामंत्री संदीप जोशी व आ. मिलिंद माने के हाथो सत्कार व पुरस्कार
9) महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा शुरु आपले सरकार पोर्टल की शुरुवात में शरद बागड़ी का सहयोग
11) रोटरी के ट्रैफिक अवेयरनेस सप्ताह मे पोलिस एसीपी राम पठारे व पोलिस डीसीपी भरत तांगडे द्वारा ट्रैफिक पार्क मे जाहिर सत्कार.
12) नागपुर के सबसे बडे पोलिस ट्रेनिंग सेंटर मे 1400 महिला प्रक्षिश [ार्थीयो को मुख्य अतिथी के रुप मे शरद बागडी द्वारा मार्गदर्शन, मोटीवेशनल लेक्चर व ट्रैनिंग प्रोग्राम.
13) वरिष्ठ नागरिक मंडल के सत्कार समारोह मे शरद बागडी का मुख्य अतिथी रुप मे वरिष्ठ नागरिको की तकलिफ पर मार्गदर्शन, विचारमंथन व वरिष्ठ जैन समाज के नागरिको द्वारा शरद बागडी का सत्कार.
14) जेरियेटीक सोसायटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अधिवेशन मे शरद बागडी मुख्य अतिथी. जेष्ठ नागरिको के रिप्रजेंटीव रुप मे पद्मश्री डॉ. हाजरा के साथ प्रेस कान्फ्रेस व जेष्ठ नागरिको की तकलिफ पर चर्चा.
15) अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर महिला परिषद के जैन मंदीर के सम्मेलन मे शरद बागडी का मुख्य अतिथी के रुप मे महिला सशक्तीकरण पर मार्गदर्शन.
16) अंजुमन फलाऊल संस्था द्वारा महिला सशक्तीकरण तहत मदरसा मस्जीद मे महिलाओ के लिये सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम मे मुख्य अतिथी रुप मे मार्गदर्शन कर शरद बागडी का संस्थाद्वारा सत्कार.
17) नागपुर मनपा लक्ष्मीनगर जोन के नगरसेविका व चेयर मैन द्वारा विभिन्नयुवा रोजगार, महिला सशक्तीकरण, मार्गदर्शन केंद्र आदि विभिन्न कार्यक्रमो की शरद बागडी द्वारा शुरुवात
18) भाजपा सांस्कृतिक आघाडी व कलादालन फाऊंडेशन द्वारा आयोजीत गीत गायन स्पर्धा मे संदीप जोशी, भोजराज डुंबे, किशोर पालनदुरकर व संपर्क प्रमुख देवेंद्र दस्तुरे के हाथो सत्कार मुर्ती शरद बागडी का जाहिर सत्कार व समाजसेवा गौरव पुरस्कार से सम्मानित
19) गीत गायन स्पर्धा के विजेताओ को मुख्य अतिथी शरद बागडी व सौ. ऋतुजा गडकरी (केंद्रिय भुतल मंत्री नितीनजी गडकरी की पुत्रवधु) के हाथो पुरस्कार वितरण.




भाजपा महामंत्री संदीप जोशी के हाथो जाहिर सत्कार कार्यक्रम में समाजरत्न एवं समाज गौरव पुरस्कार स्विकारते हुए शरद गोपीदासजी बागड़ी

### शुभेच्छुक



विनोद रणछोडदासजी मोहता, हिंगनघाट | गिरीश व्यास विधायक, नागपुर, महा. प्रदेश प्रवक्ता बीजेपी | ललित विठ्ठलदासजी लोया | गिरधरलाल सिंगी नागपुर | गिरधारीलाल मंत्री नागपुर | मनीष रॉय सलाहाकार गृहमंत्री, छत्तीसगड़ | मधुसुदन सारडा नागपुर



राजकुमार सिंगी नागपुर | Adv. Asif Shaukat Qureshi | ऐड कैलाश कानूगो भूतपूर्व न्यायाधीश, नागपुर | अनिल सारडा नागपुर | ब्रिजरतन चांडक नागपुर | डॉ.राजकुमार राठी नागपुर | गिरीश वझलवार नागपुर | मनोज मोहता कलकत्ता | कृष्णकांत बागडी इंदौर | नरेंद्र लाहोटी नागपुर | प्रदीप जाजु नागपुर | श्रीकांत बागडी उज्जैन | कमल चांडक नागपुर

# पूर्वांचल उपाध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला



## रमेश तापड़िया

अभा माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष रहे एवं अभा माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट को अध्यक्ष के रूप में सेवा देने वाले रमेश तापड़िया चाहे ज्ञानेश्वर काठमांडू नेपाल में निवास कर रहे हों, लेकिन देश का सम्पूर्ण समाज भी उनकी सेवा भावना से अच्छी तरह परिचित है। स्व. श्री घासीराम तापड़िया के यहाँ जन्मे रमेश तापड़िया को पैतृक रूप से सेवा के संस्कार मिले और फिर समाज के अग्रजों के साथ ने इन्हें परवान चढ़ा दिया। बी.कॉम. तक शिक्षित श्री तापड़िया वर्तमान में नेपाल का प्रतिनिधित्व करते हुए पूर्वांचल उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी हैं। उनका परिवार श्री बालाजी जिला नागौर का मूल निवासी है। यहाँ उनका पैतृक मकान है। अतः अभी-भी वहाँ उनके परिवार का आना-जाना सतत जारी है। इससे देश के समाज में भी उनका सदैव जीवंत सम्पर्क रहा है। व्यावसायिक रूप से श्री तापड़िया साबुन निर्माण, डेयर उद्योग, प्रापर्टी व्यवसाय आदि से सम्बद्ध है।

### समाज संगठन में योगदान

श्री तापड़िया लंबे समय से समाज संगठन में सक्रिय हैं। वे अ.भा. माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष के रूप में सेवा दे रहे हैं। इसके साथ अध्यक्ष अभा माहेश्वरी सेवा संगठन, सलाहकार नेपाल माहेश्वरी परिषद नेपाल, सचिव माहेश्वरी कुंज (न्यास), वृंदावन (यूपी) आदि के रूप में सेवा दे चुके हैं। अभा माहेश्वरी युवा संगठन के सप्तम सत्र के अध्यक्षीय कार्यकाल में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ दो बार युवा महाधिवेशन, वृहद युवा उद्यमी मेला, आपणो उत्सव, ज्ञान गंगा प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रमों का आयोजन सफलतापूर्वक किया। गुजरात में आए भूकंप के बाद माहेश्वरी युवा संगठन ने आवश्यकता की सामग्री उपलब्ध करवाई व 86 माहेश्वरी परिवारों को आवास निर्माण कर उपलब्ध करवाए। वर्ष 2015 में नेपाल में आये महाप्रलयंकारी भूकंप में माहेश्वरी समाज काठमांडू द्वारा गठित भूकंप राहत एवं पुनर्स्थापना समिति द्वारा किये गये सेवा कार्यों में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा भी कई संस्थाओं द्वारा किये गये सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया।

### अन्य विशिष्ट सेवाएँ

श्री तापड़िया सिर्फ समाज की संस्थाओं तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि अन्य कई धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक संस्थाओं में भी अपनी सक्रिय भागीदारी कर रहे हैं। इसके अंतर्गत वे संस्थापक अध्यक्ष बिहार प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन, अध्यक्ष बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी युवा मंच, महामंत्री नेपाल राष्ट्रीय मारवाड़ी परिषद, अध्यक्ष आमाको माया छात्रावास (जनजाति कल्याण आश्रम काठमांडू) आदि के रूप में भी अपनी सेवा दे चुके हैं। उनकी विशेषता ही यही है, हर जरूरतमंद की सेवा के लिये सदैव अग्रसर रहना।

### क्या हैं प्रमुख लक्ष्य

श्री तापड़िया ने बताया कि वे पूर्वांचल के सभी ग्राम-नगर में निवासरत माहेश्वरी बंधुओं को महासभा की मुख्य धारा से जोड़कर महासभा की कार्य योजनाओं व संचालित न्यासों की जानकारी से अवगत कर उनका लाभ जरूरतमंद समाजबंधु तक पहुँचाना चाहते हैं। इसके साथ पूर्वांचल में एक छात्रावास का निर्माण, महासभा के मुख पत्र का प्रचार-प्रसार, वैवाहिक सम्बंध में सहयोग, उच्च शिक्षित युवा-युवती को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना एवं उनकी सामाजिक आवश्यकता व समाज को उनकी आवश्यकता से परिचित करना तथा समय-समय पर व्यक्तित्व विकास प्राधिकरण शिविर, व्यावसायिक प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर, युवा उद्यमियों के साथ व्यावसायिक परिचर्चा जैसे सेमिनार आंचलिक व प्रादेशिक स्तर पर आयोजित करवाना प्रमुख लक्ष्य हैं। इसके साथ उनकी और भी समाज हित की कई योजनाएँ हैं।

## कैलाश काबरा



स्व. श्री रामकरण काबरा के यहाँ 15 जनवरी 1957 को जन्मे गुवाहाटी (आसाम) निवासी कैलाश काबरा पूर्वांचल से उपसभापति प्रत्याशी पद के हैं। इसके पीछे उनका लक्ष्य आसाम का महासभा में प्रतिनिधित्व करना है। श्री काबरा खाद्य तेल के वृहद व्यवसाय व उद्योग से संबंधित हैं। श्री काबरा स्वयं तो गत 30 वर्षों से सतत रूप से समाज को अपनी समर्पित सेवा दे ही रहे हैं, साथ ही उनकी धर्मपत्नी सरला काबरा भी अपना सक्रिय योगदान दे रही है। श्रीमती काबरा स्थानीय महिला समिति तथा पूर्वोत्तर स्तर पर मंत्री रही हैं और वर्तमान में अ.भा. माहेश्वरी महिला संगठन में पूर्वांचल की उपाध्यक्ष के रूप में सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने लगातार दो सत्रों तक अभा मारवाड़ी महिला संगठन की अध्यक्ष के रूप में भी सराहनीय योगदान दिये हैं। अब दोनों पति-पत्नी कंधे से कंधा मिलाकर समाज की सेवा में समर्पित होना चाहते हैं।

### समाज संगठन में सेवा

चाहे पद पर रहे या रहे हों, श्री काबरा गत 30 वर्षों से समाज संगठन से सम्बद्ध होकर सेवा दे रहे हैं। वे वर्ष 2002-04 में माहेश्वरी सभा गुवाहटी के अध्यक्ष, वर्ष 2009-12 में पूर्वोत्तर माहेश्वरी सेवा न्यास के चेयरमैन तथा आसाम माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट गुवाहाटी के उपाध्यक्ष रहे व अभा माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट लोहार्गल के स्थायी ट्रस्टी हैं। अभा माहेश्वरी महासभा प्रतिभा सम्मान (महेश रत्न) प्रधान समिति के संयोजक, अभा माहेश्वरी सभा गुवाहाटी के सलाहकर, आसाम माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट गुवाहटी के ट्रस्टी के रूप में वर्तमान में भी अपनी सेवा दे रहे हैं। समाज के नवउद्यमियों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही संस्था श्री आदित्य विक्रम बिड़ला मेमोरियल व्यापार सहयोग केंद्र चेन्नई के ट्रस्टी के रूप में भी अपनी सेवा दे रहे हैं।

### विशिष्ट योगदान

समाज की सेवा के साथ ही श्री काबरा कई अन्य समाजसेवी तथा व्यावसायिक संस्थाओं को भी अपनी सेवा दे रहे हैं। इसके अंतर्गत ऑल आसाम ब्रोकर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व मस्टर्ड ऑयल प्रोड्यूसर आर्गेनाइजेशन के उपाध्यक्ष रहे हैं। वर्तमान में श्री काबरा श्री गुवाहाटी गोशाला को एक्जीक्यूटिव मेंबर, कामरूप चेंबर ऑफ कॉमर्स गुवाहाटी को उपाध्यक्ष श्री भूतनाथ सेवा समिति गुवाहाटी को ट्रस्टी तथा सेंट्रल आर्गेनाइजेशन फॉर ऑइल एंड ट्रेड इंडस्ट्रीज साल्वेंट एक्सट्रैक्टर एसोसिएशन ऑफ इंडिया, लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी एवं श्री मारवाड़ी दाताबाया औषधालय आदि कई संस्थाओं को सदस्य के रूप में सम्बद्ध होकर अपनी सक्रिय सेवा दे रहे हैं।

### ये रहेगा प्रमुख लक्ष्य

श्री काबरा ने अपने घोषणा-पत्र में कई उद्देश्य तय किये हैं। इनमें प्रमुख रूप से पूर्वांचल की जगन्नाथपुरी में जहाँ अभी तक माहेश्वरी भवन नहीं है, माहेश्वरी भवन का निर्माण करवाना, पूर्वांचल में हॉस्टल (छात्रावास) बनाने हेतु इसमें सहयोगी या ट्रस्टी बनकर सहयोग देना, समाज में विधवा सहयोग, सामूहिक विवाह, कन्या विवाह, मंदिर निर्माण, बीमारी हेतु सहयोग प्रदान करना, विकृत सामाजिक समस्याओं के समाधान करने में रुचि तलाश, महासभा द्वारा संचालित या नये ट्रस्ट बनने पर सहयोग करना आदि शामिल है। सार रूप में देखा जाए तो श्री काबरा तन-मन-धन से समाज की सेवा करना चाहते हैं।

With Best Compliments from

YARNS
FABRICS
TEXTILES
GARMENTS
TECHNICAL
HOME TEXTILES
AUTOMOTIVE TEXTILES

# Banswara
## Syntex Limited

**Jaikishan Rathi**
**President-Com.**

5th, Floor, Gopal Bhawan, 199, Princess Street, Mumbai-400002
Tel. : +91 22 6633 6571-76, Fax : +91 22 2206 4486, M. +91 9833 1982 19
E-mail : jkrathi@banswarasyntex.com, Website : www.banswarasyntex.com

# पूर्वांचल उपाध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला



## जयकिशन माहेश्वरी

पूर्वांचल उपाध्यक्ष पद हेतु पश्चिम बंगाल से मालदा निवासी ख्यात व्यवसायी एवं इंजीनियर जयकिशन माहेश्वरी (बिहानी) प्रत्याशी हैं। बीकानेर (राजस्थान) के मूल निवासी श्री माहेश्वरी का जन्म स्व. श्री भगवानदास बिहानी के यहाँ 25 जनवरी 1948 को हुआ था। व्यावसायिक रूप से लाइसेंसी सिविल इंजीनियर के रूप में सेवा के साथ ही बिल्डर के रूप में जे.के. कन्स्ट्रक्शन, कार डीलरशिप जे.के. व्हीलस प्रा.लि. तथा मोटर बाइक डीलरशिप प्लेनेट व्हील्स प्रा.लि. का सफलतापूर्वक संचालन मालदा (पं. बंगाल) में कर रहे हैं। उपनी तमाम व्यावसायिक व्यस्तताओं के बावजूद श्री माहेश्वरी ने सदैव समाज संगठन में अपना सक्रिय योगदान दिया है। इसी का परिणाम है कि उन्होंने एक बार नहीं बल्कि दो सत्रों तक पश्चिम बंगाल माहेश्वरी सभा में प्रदेश अध्यक्ष तथा एक बार प्रदेश मंत्री पद की जिम्मेदारी भी निभाई है।

### समाज संगठन में योगदान

समाज में श्री माहेश्वरी जिला व प्रदेश ही नहीं बल्कि राष्ट्र स्तर पर एक जाना-माना नाम हैं। कारण यह है कि उनकी जहाँ कहीं भी आवश्यकता लगी, तन-मन-धन से अपनी सेवा दी है। सेवा पथ से जुड़े तो उनकी सेवा उन्हें सम्मान दिलाने में भी पीछे नहीं रही। श्री माहेश्वरी ने अध्यक्ष मालदा जिला सभा (23वां सत्र), प्रदेश मंत्री प. बंगाल मा. सभा (25वां सत्र), प्रदेशाध्यक्ष प. बंगाल प्रदेश मा. सभा (26वां सत्र) व प्रदेशाध्यक्ष (एलिट) प. बंगाल प्रदेश मा. सभा (28वां सत्र) की जिम्मेदारियाँ निभाई हैं। इसके साथ ही वे अध्यक्ष माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट मालदा व मालदा नागरिक समिति के सक्रिय कार्यकारी सदस्य के रूप में भी सेवा दे रहे हैं।

### अन्य विशिष्ट सेवाएँ

व्यावसायिक क्षेत्र में श्री माहेश्वरी मालदा बिल्डर्स एसोसिएशन अध्यक्ष तथा व्यावसायिक संगठन एफओसीए तथा डब्ल्यूबी के काउंसिल सदस्य हैं तथा चैंबर ऑफ कॉमर्स मालदा के उपाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं। सेवा क्षेत्र में लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के वर्ष 2000-01 में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रहे हैं तथा मालदा डिस्ट्रिक्ट रेडक्रॉस सोसायटी, मालदा डिस्ट्रिक्ट सेंट जॉन एम्बुलेंस एसोसिएशन तथा नेशनल सोसायटी फॉर प्रीवेन्शन ऑफ ब्लाइंडनेस मालदा के एक्जीक्यूटिव सदस्य के रूप में सेवा दे रहे हैं।

### क्या है प्रमुख लक्ष्य

इस पद को लेकर उनका प्रमुख लक्ष्य पूर्वांचल का महासभा में एक सशक्त एवं सचल अंचल के रूप में स्थापित करना है। ''महासभा संगठन आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश अंतर्गत सभी जिला सभा एवं स्थानीय सभा के जरूरतमंद परिवारों तक महासभा की योजनाओं का लाभ पूर्वांचल अंतर्गत आने वाले महासभा कार्यकारी मंडल एवं कार्यसमिति सदस्यों को सक्रिय रूप से जोड़कर पहुंचाना भी प्रमुख लक्ष्य है। पूर्वांचल अंतर्गत दो या तीन प्रदेश को एकत्रित कर उन प्रदेश के महासभा कार्यकारी मंडल सदस्य, कार्यसमिति सदस्य एवं प्रदेशाध्यक्ष तथा प्रदेश मंत्री को साथ लेकर वर्ष में कम से कम एक बैठक का आयोजन करेंगे। प्रयास यह रहेगा कि इन बैठकों में महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी भी उपस्थित हों ताकि अंचल के प्रदेशों के सर्वांगीण विकास के विषय पर चिंतन एवं मंथन कर के क्रियान्वयन करने का अवसर मिले। पूर्वांचल अंतर्गत सभी प्रादेशिक सभा के कार्यकर्ताओं को अपनी प्रदेश सभा को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने हेतु आधुनिक तकनीकी प्रक्रिया के माध्यम का प्रयोग करने के लिए उत्साहित करना व समय-समय पर प्रादेशिक सभाओं में उपस्थित होकर महासभा की गतिविधियों से अवगत करना भी उनकी जिम्मेदारी रहेगी।



With
Best
Compliments
from

Company Identification No. U51100GJ1989PLC012428
SURYA GROUP

# Surya Exim Limited

3040, Jash Textile & Yarn Market, Ring Road, SURAT (Guj.)-395 002, INDIA
**Tel. :** 0261-2325005, 2326040, 2328839, 4083100/101
**Fax :** 0261-4083120, 2328842
**E-mail :** info@surya-exim.com, suryaexim@hotmail.com, jpsaboo@hotmail.com
**Website :** www.surya-exim.com

# पूर्वांचल संयुक्त मंत्री पद के लिए आमने-सामने



## नंदकिशोर लखोटिया

कोलकाता निवासी नंदकिशोर लखोटिया एक ऐसे समाजसेवी हैं, जिनका समाज संगठन में 26 वर्षों से सक्रिय योगदान रहा है। वर्तमान में श्री लखोटिया महासभा के 27वें सत्र में दिसंबर वर्ष 2014 में गठित वृहत्तर कलकत्ता प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के प्रदेशाध्यक्ष हैं। इस दौरान की गई प्रदेश की सेवाओं ने उन्हें एक विशिष्ट पहचान दी है। प्रदेश की सभी सभाओं को साथ लेकर प्रथम बार वर्ष 2015 में महेश नवमी उत्सव का विशाल शोभायात्रा तथा सहभोज के साथ आयोजन किया। इसी दौरान 40 लाख रुपए की धन राशि से प्रथम बार स्वास्थ्य व शिक्षा के लिये प्रदेश के प्रथम ट्रस्ट का निर्माण किया। विवाह योग्य युवक-युवतियों की जानकारी के लिये प्रदेश स्तर पर वेबसाइट का निर्माण भी करवाया। ''प्रतिभा सम्मान समारोह'' के माध्यम से समाज की प्रतिभाओं के सम्मान की अनूठी परंपरा की शुरुआत भी की गई।

### समाजसेवा में योगदान

श्री लखोटिया ने वर्ष 1990 में कोलकाता में वृहत्तर कलकत्ता प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के आतिथ्य में आयोजित अभा माहेश्वरी महासभा की कार्यकारी मंडल की बैठक की व्यवस्था संभालकर अपनी समाजसेवा की शुरुआत की। फिर 1997 में अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा कलकत्ता प्रदेश में आयोजित ''विशाल युवा अधिवेशन'' की जिम्मेदारी संभाली। वर्ष 2000 में पुनः अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन के हावड़ा अंचल में आयोजित ''राष्ट्रीय अधिवेशन में संयोजक'' के रूप में योगदान दिया। महासभा के 26वें सत्र में कोलकाता प्रदेश से ''महासभा कार्यसमिति'' में रहे। अभा माहेश्वरी युवा संगठन के ''लोहार्गल'' में विशाल भवन निर्माण के प्रकल्प हेतु गठित ''अर्थ संग्रह'' समिति में मंत्री के रूप में दायित्व निभाया। 2004 में अभा माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा कोलकाता में आयोजित ''आपनो उत्सव'' कार्यक्रम में ''मुख्य संयोजक'' की सफल भूमिका का निर्वहन किया।

### विशिष्ट योगदान

वर्ष 1990 में हावड़ा अंचल में ''हावड़ा युवा मंच का गठन'' करने के पश्चात संगठन में मंत्री व अध्यक्ष के दायित्वों का निर्वाह किया। वर्ष 1990 में हावड़ा अंचल में माहेश्वरी सभा हावड़ा के कार्यालय हेतु उपयोगी जगह देखकर सभा के स्वामित्व युक्त कार्यालय हेतु जगह क्रय की जो आजकल समाज की गतिविधियाँ चलाने में बहुत उपयोगी है। समाजहित में कुछ विशिष्ट करने वाले के रूप में ही उनकी पहचान है।

### प्रमुख लक्ष्य

श्री लाखोटिया की इस पद को लेकर प्राथमिकता कोलकाता महानगर में पूर्वांचल से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए आने वाले विद्यार्थियों के आवास के लिए ''छात्रावास निर्माण'' की योजना को क्रियान्वित करने के प्रयासों को पुनः बल देना, पूर्वांचल में निवास करने वाले समाजबंधुओं के लिए ''मैरिज ब्यूरो'' का संचालन एवं बेवसाइट का निर्माण करना, महासभा की 28वें सत्र में ली जाने वाली नवीन योजनाओं में पूर्वांचल को सक्रिय भागीदारी निश्चित करना तथा प्रादेशिक, जिला, तहसील इत्यादि स्तर पर पैदा होने वाले विवादों का बातचीत के माध्यम से सभी के सम्मान को ध्यान में रखते हुए समाधान करना प्रमुख रूप से शामिल है।

## घनश्याम करनानी



इस अंचल से संयुक्त मंत्री पद के प्रत्याशी हैं, समाज के समर्पित व तेजतर्रार समाजसेवी कोलकाता निवासी घनश्याम करनानी। श्री करनानी की विशिष्ट पहचान 26वें सत्र में समाज के सबसे कम उम्र पदाधिकारी के रूप में बनी, जब वे इसमें संयुक्त मंत्री चुने गये। श्री करनानी गत सत्र में प्रत्याशी नहीं रहे, लेकिन महासभा के चुनाव में उनका सक्रिय योगदान अवश्य रहा जिसे हर कोई जानता है। वर्तमान में वे श्री कोठारी बंधु शौर्य स्मृति ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी के रूप में भी अपनी सेवा दे रहे हैं। समाज में उनकी पहचान एक ऐसे क्रांतिकारी समाजसेवी के रूप में है जिन्होंने सदैव ही सकारात्मक सोच का अलख जगाते हुए, गलत परंपराओं और नीतियों का दबंगता के साथ विरोध किया है। उनकी इसी पहचान ने समाज में उन्हें दिलवाया है, विशिष्ट स्थान।

### समाज संगठन में योगदान

15 साल की आयु से सामाजिक कार्यों से जुड़ाव हुआ, क्योंकि पूरे परिवार की धार्मिक कार्यों में रुचि थी। 26वें सत्र में महासभा के संयुक्त महामंत्री नियुक्त हुए। 27वें सत्र में श्री कोठारी बंधु शौर्य स्मृति ट्रस्ट प्रबंध न्यासी बने। सर्वप्रथम समाज संगठन से माहेश्वरी सभा हावड़ा द्वारा आयोजित 5 नवंबर 2000 दीपावली प्रीति सम्मेलन से जुड़े। बाद में कार्यकर्ता के रूप में 2001 में होली प्रीति मिलन सम्मेलन संयोजक का कार्यभार संभाला। माहेश्वरी सभा हावड़ा 2002 में माहेश्वरी महासभा में कोषाध्यक्ष एवं 2006 में संगठन मंत्री, माहेश्वरी युवा संगठन हावड़ा 2000 में युवा अधिवेशन मंच संचालन अध्यक्ष, 2001 में सांस्कृतिक मंत्री रहे। वृहत्तर कलकत्ता प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के 24वें सत्र में कोषाध्यक्ष, 26वें सत्र में कार्यसमिति सदस्य रहे। अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के 24 से 27वें सत्र तक कार्यकारी मंडल सदस्य तथा 25वें सत्र में प्रोफेशनल सेल के सदस्य रहे। श्री आदित्य विक्रम बिड़ला मेमोरियल व्यापार सहयोग केंद्र में ट्रस्टी सदस्य, हिंद मोटर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में निमित अमृत हॉल के निर्माण में समाज के गणमान्य व्यक्तियों से आर्थिक सहयोग प्राप्त कराने में उनका अग्रणी सहयोग रहा।

### विशिष्ट योगदान

राउर केला, बृजराज नगर बालेश्वर (ओडीशा) केशरदेशराजाटन माहेश्वरी समाज के द्वारा भवन निर्माण हेतु अर्थ संग्रह में सहयोग दिया। कपिलमुनि चेरिटेबल ट्रस्ट में आजीवन ट्रस्टी हैं। यहां ट्रस्ट गंगा सागर में वर्ष व्यापी निःशुल्क भोजन एवं आवास की व्यवस्था करता है। बाबा वासुकिनाथ सेवा ट्रस्ट में आजीवन ट्रस्टी, नागरिक स्वास्थ्य मंच में 2011-13 आई कैंप मंत्री, बुरानाबाजार फायर रिलीफ कैंप में संयुक्त संयोजक नियुक्त किया गया। श्री श्री सिद्धि विनायक भक्त मंडल (2006), श्री श्याम परिवार मंडल हावड़ा (2001-2002) व राजस्थान विकास परिषद (हावड़ा शाखा) 2002-2003 में अध्यक्ष रहे। आजीवन सदस्य भारत रिलीफ सोसायटी, कोलकाता वस्त्र व्यवसाय समिति, लोक संस्कृति, माहेश्वरी क्लब, पुष्कर सेवा समिति, निम्बुतला स्पोर्टिंग क्लब कोलकाता पिंजरापोल सोसायटी आदि कई संस्थाओं में भी सेवा दे रहे हैं।

### प्रमुख लक्ष्य

कोलकाता में माहेश्वरी समाज पूर्वांचल के गेस्ट हाउस व प्रदेश कार्यालय का निर्माण, पूर्वांचल के संगठन को मजबूत करने के लिये पूर्ण रूप से प्रयास करना, समय पर पूर्वांचल कार्यकारी मंडल की बैठके करवाना, पूर्वांचल के उपसभापति के साथ प्रदेशों में भ्रमण कर संगठन को मजबूत करना, प्रदेश द्वारा गठित ट्रस्टों को आर्थिक सहयोग करवाना, माहेश्वरी पत्रिका के सदस्यों की वृद्धि में सहयोग एवं विज्ञापन का प्रयास करना, माहेश्वरी महासभा की ईकाई महिला संगठन एवं युवा संगठन के कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान करना तथा उनकी जो भी योजनाएँ हैं, उन्हें क्रियान्वित करवाने में सहयोग करना आदि शामिल है।

With Best Compliments from

An Infrastructure Company Established
Since 1924

# GANNON DUNKERLEY & Co., Ltd.

**Regd. Office**
New Excelsior Building, 3rd Floor, A.K. Nayak Marg,
Fort, Mumbai - 400 001
Tel. : 022-2205 1231, Fax : 022-2205 1232

Offices

- Ahmedabad
- Hyderabad
- Kolkata
- Mumbai
- New Delhi

# दक्षिणांचल उपाध्यक्ष पद के लिए आमने-सामने



## रमेशकुमार बंग

महासभा के वर्तमान 27वें सत्र में अर्थमन्त्री पद पर रहे रमेशकुमार बंग इस सत्र में दक्षिणांचल उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार हैं। वे दि ए.पी. को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के चेयरमैन व आन्ध्रप्रदेश माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष भी रहे हैं। श्री बंग स्वयं तो एक सशक्त उम्मीदवार हैं ही, साथ ही इनके पास समाज संगठन की सेवा का दीर्घ अनुभव भी हैं। समाज की विभिन्न संस्थाओं और संगठनों से सम्बद्ध रहे हैं। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि बैंकिंग क्षेत्र में उनका विशिष्ट योगदान है। उनके नेतृत्व में ए.पी. महेश को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड ने न सिर्फ राज्य में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई, बल्कि अन्य राज्यों में भी अपना विस्तार कर उसके बहुराज्यीय शेड्यूल सहकारी बैंक होने का गौरव प्राप्त किया।

### समाजसेवा में योगदान

श्री बंग समाज के लिए एक जाना माना नाम हैं। वे दि ए.पी. महेश को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड के चेयरमैन इमीरेट्स हैं, साथ ही आन्ध प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारियों का भी निर्वहन कर रहे हैं। विभिन्न संस्थाओं के अन्तर्गत श्री बंग श्री आदित्य विक्रम बिड़ला मेमोरियल व्यापार सहयोग केन्द्र चैन्नई के प्रबन्ध समिति सदस्य, आन्ध्र प्रादेशिक माहेश्वरी सभा ट्रस्ट हैदराबाद के उपाध्यक्ष, श्री माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट हैदराबाद के प्रबन्ध न्यासी तथा अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट इन्दौर के न्यासी भी हैं। आन्ध्र प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष तथा अखिल भारतीय माहेश्वरी युवा संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहे हैं। वे जिस पद पर भी रहे, वहाँ समाज ने उनकी उपलब्धियों को देखा और सराहा है। युवा संगठन से उनका हमेशा से सक्रिय जुड़ाव रहा है।

### अन्य उपलब्धियाँ

माहेश्वरी समाज के साथ-साथ अन्य कई समाजसेवी संस्थाओं से भी श्री बंग सम्बद्ध हैं और रहे हैं। इसके अन्तर्गत वे दि ए.पी. को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक्स एण्ड क्रेडिट सोसायटी ऐसासिएशन के अध्यक्ष व अ.भा. वैश्य महासम्मेलन के मन्त्री जैसे महत्त्वपूर्ण पद पर रहे हैं। इसके अतिरिक्त हैदराबाद के आन्ध्रप्रदेश माहेश्वरी शिक्षा कोष ट्रस्ट के प्रबन्ध न्यासी, माहेश्वरी विद्यालय कबूतरखाना के प्रबन्ध समिति सदस्य तथा मारवाड़ी हिन्दी विद्यालय, बैगम बाजार के प्रबन्ध समिति सदस्य के रूप में भी अपनी सेवा देते रहे हैं। श्री बंग आन्ध्रप्रदेश मारवाड़ी सम्मेलन उपाध्यक्ष तथा युवा मंच के अध्यक्ष, राजस्थानी स्नातक संघ अध्यक्ष, अ.भा. युवा वैश्य महासम्मेलन (आ.प्र.) के उपाध्यक्ष, महर्षि वेद व्यास प्रतिष्ठान, पुणे के न्यासी तथा हैदराबाद सेक्युरिटीज एण्ड इण्टरप्राइजेस लि. के निदेशक रहे हैं। बैंकिंग क्षेत्र में योगदानों के लिये उन्हें विभिन्न संस्थाओं द्वारा ''एक्सीलेंस अवार्ड'' तथा समाज सेवा के लिए ''भारत गौरव'', ''युवा रत्न'' तथा ''मूण्डवा विभूति'' जैसे कई



## अशोक बंग

अ.भा. माहेश्वरी महासभा के महत्वपूर्ण पदों में से ही एक महामंत्री पद के गत सत्र में प्रत्याशी रहे अशोक बंग अब दक्षिणांचल उपाध्यक्ष पद हेतु चुनावी मैदान में हैं। श्री बंग दक्षिणांचल सचिव तथा चेतना लहर के राष्ट्रीय संयोजक भी रहे हैं। श्री बंग का जन्म एक स्वतंत्रता सेनानी परिवार में स्व. श्री बंकटलाल व स्व. श्रीमती जानकीबाई बंग के यहाँ हुआ। पुणे विश्वविद्यालय से वर्ष 1974 में एम.बी.ए. की उपाधि प्राप्त श्री बंग पैकेजिंग उद्योग तथा कन्स्ट्रक्शन व्यवसाय से सम्बंधित हैं। अपने प्रयासों से श्री बंग ने व्यावसायिक जगत में एक अच्छी प्रतिष्ठा अर्जित की। माहेश्वरी समाज संगठनों से सतत् जुड़ाव है। इस दौरान वे विभिन्न स्तर पर कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं।

### समाजसेवा में योगदान

समाज संगठन से श्री बंग वर्ष 1980 से तब से सम्बद्ध हैं, जब महाराष्ट्र प्रदेश माहेश्वरी सभा की स्थापना हुई थी। समाज ने जो भी जिम्मेदारी दी उसे उन्होंने निभाया। इसके अन्तर्गत स्थानीय संगठन में श्री बंग नाशिक माहेश्वरी युवक मंडल तथा नाशिक जिला माहेश्वरी सभा के मानद मंत्री अध्यक्ष रहे है। महाराष्ट्र प्रदेश माहेश्वरी सभा को संगठन मंत्री के रूप में अपनी सेवा दी और इसके बाद अ.भा. माहेश्वरी महासभा से कार्यसमिति सदस्य के रूप में सम्बद्ध हो गये। महासभा के 23 वें सत्र में प्रथम बार गठित राष्ट्रीय प्रोफेशनल सेल के राष्ट्रीय सहसंयोजक, 24 वें सत्र में कार्यकर्ता प्रशिक्षण समिति के राष्ट्रीय संयोजक तथा 25 वें सत्र में महेश उच्च शिक्षा अभियान के भी राष्ट्रीय संयोजक की जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। महासभा के वर्तमान 26वें सत्र में श्री बंग दक्षिणांचल-संयुक्त मंत्री है और इसके साथ ही ''चेतना लहर अभियान'' के राष्ट्रीय संयोजक भी हैं। इसके अन्तर्गत पारिवारिक मुद्दों पर विभिन्न स्थानों पर टॉक शो का आयोजन किया जाता है।

### अन्य उपलब्धियाँ

अपनी अन्य समाजसेवी गतिविधियों के अन्तर्गत श्री बंग लायन्स क्लब नाशिक के अध्यक्ष,नाशिक इण्डस्ट्रीज मेन्युफेक्चरिंग ऐसोसिएशन के उपाध्यक्ष तथा महाराष्ट्र में अपनी 19 शाखाओं के माध्यम से दृष्टिहीनों के लिये कार्य कर रही संस्था नेशनल एसोसिएशन फॉर दी ब्लाईंड के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। वर्तमान में नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। व्यावसायिक संस्थाओं के अन्तर्गत श्री बंग ''नाशिक इण्डस्ट्रियल कोऑपरेटिव इस्टेट'' तथा ''नाशिक इंजीनियरिंग क्लस्टर लिमिटेड'' इन दोनों ही संस्थाओं से डायरेक्टर के रूप में सम्बद्ध हैं। व्यवसाय जगत की प्रतिष्ठित संस्था महाराष्ट्र चेम्बर ऑफ कॉमर्स से सदस्य के रूप में भी सम्बद्ध होकर अपनी सेवा दे रहे हैं।

स्थापित : 1969 ॥ जय महेश ॥ पंजीबद्ध संस्था

महेश नवमी के पावन पर्व पर



सभी समाजबन्धुओं, बहिनों एवं युवा साथियों को हार्दिक शुभकामनाएं

समाजबन्धुओं के समर्पण का प्रतीक, मानव सेवा को समर्पित,
तीव्र गति से विकास-पथ पर अग्रसर, आप सबकी आस्था का केन्द्र।

# श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन

प्रधान कार्यालय :- **पुष्कर - 305022 (राजस्थान)**

फोन : 0145-2772038, 2773128, 2773321, 2772546 टेलीफैक्स : 0145-2773451

**शाखाएं : वृंदावन, हरिद्वार, बद्रीनाथ, नाथद्वारा, चारभुजा-गढ़बोर, रामदेवरा, जतीपुरा-गोवर्धन, नाशिक, जोधपुर**



- जोधपुर में ''एम्स हॉस्पिटल'' के समीप सेवा सदन के रोगी सहयोगी सेवा-केन्द्र 'आरोग्य-भवन' लोकार्पित।
- शाखा- नाथद्वारा में भव्य नवीन ''श्रीनाथ भवन'' का निर्माण कार्य प्रारम्भ।

## सेवा-सदन के भावी समारोह

- वृन्दावन में नव-निर्मित ''राधाकृष्ण भवन'' का लोकार्पण।
- पुष्कर में नव-निर्माणाधीन भव्य भोजनशाला एवं ''अन्नपूर्णा भवन'' का लोकार्पण।

**सेवा-सदन की भावी योजनाएं** शाखा विस्तारान्तर्गत तरुपति एवं जगन्नाथपुरी में योजनाएं प्रस्तावित। शीघ्र ही भूमि क्रय करने हेतु प्रयासरत् है।

**भावी योजनाओं में सदैव की भांति पूर्ण सहयोग की आशाओं के साथ -**

जुगलकिशोर बिड़ला
अध्यक्ष
मो. 9414111384

शिवरतन मानधना
वरिष्ठ उपाध्यक्ष
मो. 94141 35913

रमेश छापरवाल
महामंत्री
मो. 98290 78221

दिनेश माहेश्वरी
कोषाध्यक्ष
94141 27377

उपाध्यक्ष- प्रहलाद शाह (राठी) - मो. 94141 32927, कैलाश मूँदड़ा - मो. 92140 45425,
अमृतलाल मूँदड़ा - मो. 98244 78000, मुरलीधर झँवर - मो. 94141 47307
मंत्री- सोहनलाल मूँदड़ा - मो. 94149 16781, कैलाश सोनी - मो. 94140 52337,
जयकिशन बलदुआ - मो. 98290 70644, श्रीभगवान बंग - मो. 98285 70681
प्रचार मंत्री- राधेश्याम मणियार - मो. 97254 22442

# पश्चिमांचल उपाध्यक्ष पद के लिए आमने-सामने



## राधेश्याम परवाल

जयपुर (राज.) में 30 मई 1943 को स्व. श्री गंगाकिशन परवाल के यहां जन्मे राधेश्याम परवाल एक ऐसे समाज सेवी हैं, जिनकी समाज सेवा की यात्रा विद्यार्थी जीवन के दौरान ही मात्र 17-18 वर्ष की उम्र में प्रारंभ हो गई थी। फिर यह ऐसी चली कि इसे नौकरी या व्यावसायिक व्यस्तता भी थाम नहीं पायी। बी.कॉम., एम.ए. (समाज शास्त्र) तथा सी.ए.आई.आई.बी. तक शिक्षा प्राप्त श्री परवाल ने अपने कॅरियर की शुरुआत सन् 1961 में की और 1969 तक 5 विभिन्न प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों में सेवारत रहे। वर्ष 1969 से 2001 तक दि बैंक ऑफ राजस्थान लि. में सेवारत रहे एवं बैंक के केंद्रीय कार्यालय जयपुर से वरिष्ठ प्रबंधक के रूप में स्वैच्छिक सेवा निवृत्त हुए। अपनी सेवा निवृत्ति में उन्होंने राष्ट्रहित में कोई स्पेशल वी.आर.ए. स्कीम का लाभ भी नहीं लिया। समाज में श्री परवाल की पहचान नवगठित पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के प्रथम अध्यक्ष के रूप में है। श्री परवाल एक श्रेष्ठ लेखक व सम्पादक के रूप में भी कई पत्र-पत्रिकाओं को सेवा दे चुके हैं।

### समाज संगठन में योगदान

सन् 1961 से श्री माहेश्वरी नवयुवक मंडल जयपुर से कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सम्बद्ध हुए और प्रचार-संगठन मंत्री तथा मंत्री रहे। श्री माहेश्वरी विवाह सुधार समिति कलकत्ता में 1966 से 1968 तक राजस्थान प्रदेश सह संयोजक, प्रदेश समिति में सह मंत्री व पूर्व उपाध्यक्ष (राष्ट्रीय कार्यकारिणी) रहे। महासभा में 1977 से निरंतर कार्यकारी मंडल सदस्य एवं 24 वें सत्र (2002-2005) में संयुक्त मंत्री (पश्चिमांचल) व 27 वें सत्र में कार्य समिति सदस्य रहे। महासभा प्रोफेशनल प्रकोष्ठ में 23वें सत्र में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रहे। राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा में तदर्थ समिति के सह संयोजक, 16 वर्ष तक महामंत्री /मंत्री, पंचम सत्र में कार्यकारिणी सदस्य, षष्ठम् व सप्तम सत्र में उपाध्यक्ष (जयपुर संभाग) रहे। पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा में 9 मार्च 2014 से पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के प्रथम प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्यरत रहे। जयपुर जिला माहेश्वरी सभा में स्थापना से करीब 6 वर्ष तक मंत्री, द्वितीय सत्र में उपाध्यक्ष एवं पंचम सत्र में अध्यक्ष रहे। श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर में पत्रिका प्रकाशन विज्ञापन समिति के सदस्य एवं दो बार विधान संशोधन समिति सदस्य रहे।

### विशिष्ट योगदान

श्री परवाल बैंक ऑफ राजस्थान जयपुर ऑफिसर्स सोसायटी तथा इलाहबाद बैंक एवं बैंक ऑफ राजस्थान एम्पलाइज कैडिट एंड थ्रिफ्ट को ऑपरेटिव सोसायटी के कोषाध्यक्ष तथा अम्बर टॉवर डेवलपमेंट, सोसायटी के महामंत्री रहे हैं। बैंकर्स के संगठन एआईबीपीएआरसी में डिप्टी जनरल सेक्रेटरी व राजस्थान युनिट उपाध्यक्ष रहे। बैंक ऑफ राजस्थान रिटायर्ड स्टॉफ सोसायटी को राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में सेवा दे रहे हैं। इसके साथ ही श्री महेश मेडिकल रिलीफ सोसायटी-जयपुर, अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन- पुष्कर, वरिष्ठ नागरिक संस्थान राजस्थान, मेवाड़ कला संस्कृति विकास संस्थान-भीलवाड़ा, अ.भा. वैश्य महासम्मेलन- नई दिल्ली, वन बंधु परिषद, जयपुर शाखा आदि कई संस्थाओं से सदस्य के रूप में सम्बद्ध है।

## देवकरण गग्गड़



पश्चिमांचल में उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी हैं रायला जिला भीलवाड़ा (राजस्थान) निवासी शिक्षाविद् देवकरण गग्गड़। श्री गग्गड़ की समाज में पहचान एक प्रबुद्ध चिंतक के रूप में है। अपनी वाणी व लेखनी दोनों से ही श्री गग्गड़ ने समाज को मार्गदर्शन देकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है व तन-मन से समाज की सेवा की इस भावना व समाजजनों के आग्रह ने ही उन्हें सेवा के लिये आयोजित इस चुनावी समर में प्रत्याशी बनाया है। इसमें उनका मुकाबला जयपुर निवासी समाजसेवी राधेश्याम परवाल से है। वैसे श्री परवाल समाज के कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं, लेकिन श्री गग्गड़ की एक शिक्षाविद् की छवि फिर भी उनके लिये सहयोगी बनी हुई है। श्री गग्गड़ ने 40 वर्ष के शिक्षाविद् के अपने कार्यकाल में 18 वर्ष उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक व 22 वर्ष तक प्रधानाचार्य के रूप में सेवा दी है।

### समाज संगठन में योगदान

श्री गग्गड़ 22 वर्ष की आयु से ही बिना किसी पद लालसा के समाज की सेवा कर रहे हैं। भीलवाड़ा की श्री महेश सेवा समिति के संस्थापकों में से एक हैं। यह समिति विद्यालयों तथा आईटीआई का संचालन कर रही है, जिनमें 3600 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। भीलवाड़ा नगर तथा जिलाध्यक्ष संस्थापक सदस्य के रूप में सेवा दे रहे हैं। संगठन के अंतर्गत भीलवाड़ा नगर तथा जिला सभा को मंत्री के रूप में भी सेवा दे चुके हैं। इसके साथ ही संयुक्त राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा में कार्यसमिति सदस्य तथा संगठन मंत्री रहे हैं। संयुक्त राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सम्मेलन में संयोजक के दायित्व का निर्वहन किया है। दक्षिणी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के कार्यसमिति सदस्य के दायित्वों का भी निर्वहन कर रहे हैं।

### क्या हैं प्रमुख लक्ष्य

श्री गग्गड़ का उपाध्यक्ष के रूप में सपना महासभा की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाना तो है ही, साथ ही निर्णयों को समर्पित भाव से लागू करना भी है। पश्चिमांचाल के सभी प्रदेशों में समन्वय बैठाने हेतु प्रतिवर्ष प्रदेशों की कार्यसमिति की सम्मिलित बैठक बुलाने की भावना है। सभी प्रदेशों की उनकी आवश्यकता एवं परिस्थितियों को ध्यान में रख पूर्ण सत्र की वार्षिक योजना बनवाई जाएगी तथा बैठकें मूल्यांकन कराया जाएगा। समाज में घटते हुए लिंग अनुपात की गंभीर समस्या के निदान हेतु बेटी बचाओ, बेटियां बढ़ाओ तथा बेटे एवं बेटियों की शादी 24 व 21 वर्ष की अवधि तक करने हेतु अभियान चलाने का प्रयास किया जाएगा।

> यदि कोई व्यक्ति आपको
> गुस्सा दिलाने में सफल रहता है,
> तो समझ लीजिये
> आप उसके हाथ की कठपुतली है।

# शुभ दीपावली

दीपोत्सव के मंगलमय अवसर पर आप सभी को
बहुत-बहुत बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं
ज्योतिपर्व आपके जीवन में आत्मिक उन्नति कर
उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करे।





**वैद्यराज रमेश कुमार माहेश्वरी**
संयुक्त मंत्री ( मध्यांचल )
अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा

कार्यालय :
15, बलवंत ऑर्केड, प्रथम तल, जोन-II, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल ( म.प्र. ) 462011
फोन : 0755-4271431, 9425005394, 9300132220
E-mail : rkm1551@gmail.com, jamna151@gmail.com



*With Best Compliments From*



*Structural Consultant*

# Computech Engineers

*Excellence Through Expertise*



**Shyam Bhandari**
Mo. : 098241-34900

*We Build Relation*

HG-10, ITC, Majuragate,
Ring Road,
SURAT (Guj.)
Ph : (O) 3053867, 4004867
E-mail : shyam_computech@yahoo.com





माहेश्वरी समाज की नारी शक्ति के सर्वोच्च संगठन अ.भा. माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष के रूप में बागडोर संभाली है, प्रो. कल्पना गगडानी ने। 'श्री माहेश्वरी टाईम्स' से उनसे जाने समाज व समाज की महिलाओं को लेकर उनके सपने। प्रस्तुत हैं, उनसे लिये साक्षात्कार के अंश।

▸▸ SMT Team

# समाज मिल-जुलकर रहने का नाम प्रो. कल्पना गगडानी

**▸▸ सर्वप्रथम मैं श्री माहेश्वरी टाईम्स परिवार की ओर से अ.भा. माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष चुने जाने पर आपको बधाई देता हूं।**

धन्यवाद!

**▸▸ मन में प्रश्न उठा रहा है कि बिना मतदान के सर्वसम्मति से पदाधिकारी का चयन आसान नहीं होता, लेकिन महिला संगठन में तो यह हमेशा ही होता रहा है। आखिर इतनी आसानी से सर्वसम्मति बनती कैसे है?**

आपकी जिज्ञासा स्वाभाविक है। अखिल भारतीय स्तर पर स्थान जिला, प्रदेश, अंचल तक फैली संस्था में अपने सर्वोच्च पदों पर सर्वसम्मति से चयन होना कठिन कार्य लगता है किंतु महिला संगठन की स्वस्थ परंपरा, बहनों में आपसी सामंजस्य, काम के प्रति लगाव एवं कार्य करने वालों को प्रथम स्तर से आगे बढ़ाने, सीढ़ी दर सीढ़ी ऊपर उठाने की क्षमता का सही आकलन करने की स्वस्थ एवं पारदर्शी परंपरा ने इस जटिल कार्य को आसान बना दिया है।

**▸▸ इस सर्वसम्मति के लिए प्रक्रिया क्या है?**

सर्वसम्मति के लिये बड़ी ही आसान प्रक्रिया है। स्थानीय स्तर पर सक्रिय सदस्य, जिला सभा की निगाह में आता है। जिले में अच्छा कार्य करने वालों को प्रदेश आगे बढ़ता है। प्रदेश के सक्रिय कार्यकर्ताओं का अपने भ्रमणों, कार्यक्रमों में राष्ट्रीय पदाधिकारी परखते हैं और राष्ट्रीय समितियों के पदों पर श्रेष्ठ कार्य करने वालों को भूतपूर्व अध्यक्षों का विश्वास प्राप्त होता है।

**▸▸ क्या महासभा की तरह नाराज प्रत्याशी को चुनाव में खड़ा होने का हक है?**

महासभा की तरह ही क्यों, किसी भी संस्था में प्रजातांत्रिक ढंग से अपना हक रखने का अधिकार होता है। हमारे यहाँ भी पिछले एक दो सत्र में जिला या प्रदेश में सर्वसम्मति जानने के लिये सदन की गुप्त राय ली गई। हमारा सौभाग्य है कि हमारी बहनें चुनाव, चुनाव से होने वाली गुटबाजी, असामाजिक व्यवहार एवं उससे होने वाले संस्था के नुकसान को समझती है। चयनकर्ताओं की सूझबूझ एवं निष्पक्षता ही तो सब में विश्वास पैदा करती है। साथ ही सभी पुरानी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को हम किसी न किसी रूप में जोड़े रखते हैं।

**▸▸ आप लंबे समय से महिला संगठन से जुड़ी हैं और सक्रिय रूप से सेवा देती रही हैं। आखिर आप संगठन में कैसे आईं?**

आपकी बात सही है कि मैं पिछले चार सत्रों से महिला संगठन से जुड़ी हूँ। मुझसे पहले से भी कई बहनें जुड़ी हैं। मेरा आगमन संगठन में एक संयोग था। मुझे महासभा के एक-दो कार्यक्रमों में "विशिष्ट वक्ता" के रूप में बुलाया गया था। वहां हमारी पूर्व अध्यक्षों ने मेरे विचार सुने। मनोरमाजी ने मुझसे कहा कि पढ़े लिखे लोग संस्था से जुड़े ये हमारी इच्छा है। लताजी ने मुझे अपने विशेष कार्यक्रम सतरंगी झँकार में समीक्षक के रूप में आमंत्रित किया। कार्यक्रम एवं इनकी बड़ी संख्या में पूरे भारतवर्ष से बहनों की उपस्थिति से मैं भाव विभोर हो गई। मन ने कहा यदि मैं अन्य सामाजिक संस्थाओं के लिये काम करती हूँ तो मुझे अपने समाज के लिये भी कुछ अवश्य करना चाहिये। ये मेरा सामाजिक ऋण है, जिसे चुकाने का ये श्रेष्ठ अवसर है। गीताजी ने अपने सत्र में मुझे अपने विचारों एवं नवीन कार्यक्रमों को रखने का भरपूर अवसर दिया और फिर से विमलाजी, शोभाजी, सुशीलाजी के साथ जमकर काम किया।

**▸▸ इस दौरान आपको क्या कमियाँ लगी जिन्हें आप अपने कार्यकाल में दूर करना चाहेंगी?**

आप कमियों की बात कर रहे हैं, तो कमियां नहीं हैं। हाँ वक्त की माँग को देखते हुए बदलाव लाना पड़ता है। महिला संगठन ने पिछले सत्रों से हमेशा वक्त की जरूरत समझी। प्रारंभिक सत्रों में बहनों को घर की चाहरदीवारी से निकालकर कुप्रथाओं को हटाया गया। संगठन को राष्ट्रीय स्तर से अंचल प्रदेश जिला, स्थान इकाई में जोड़ा गया। उद्योग व्यवसाय के अवसर दिये गये। प्रतिभाओं को मंच दिया गया, तो संगठन सत्र दर सत्र विकास कर ही रहा है।

**▸▸ वर्तमान में तलाक समाज की सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। इस पर नियंत्रण के लिए महिला संगठन क्या करेगा?**

तलाक की समस्या संपूर्ण भारतीय समाज के सामने मुंह बायें खड़ी है। हमारा समाज भी अछूता नहीं है। हम पिछले तीन सत्रों से इस पर काम कर रहे हैं। मैंने स्वयं भी अपनी वर्कशॉप के माध्यम से इसमें काम किया है। अनेकों टॉक शो किये हैं। इस सत्र में भी यह हमारी प्राथमिकता रहेगी। अपनी समितियाँ, सुगंधा, संबोध, सुश्रिता, संजोग, सुरम्य और सुरभि के माध्यम से इस दिशा में हम बहुत काम करेंगे।

**▸▸ आपकी नजर में महिलाओं के लिए क्या ज्यादा जरूरी है कॅरियर या परिवार?**

आपका यह प्रश्न मुझे ऐसा लग रहा है कि कोई इंसान से पूछे क्या लोगे, हवा या भोजन। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, परिवार उसकी प्राथमिकता है, परंतु परिवेश बदला है। शिक्षित महिलाएँ, छोटे परिवार, भरपूर समय, बढ़ती बाजारी एवं खर्चीली संस्कृति में नौकरी पेशा महिलाएँ एक सुंदर समाधान है। दोनों में आसानी ने संतुलन बनाया जा सकता है। मेरे सर्वेक्षण में हमने पाया कि कामकाजी महिलाएँ बड़े अच्छे ढंग से परिवार व परवरिश संभालती हैं। कीमती समय व उपयोगी समय वे देती हैं। जो थोड़ी बहुत समस्या हैं वह नासमझी, गलत परवरिश का परिणाम है।

**महिलाओं के स्वालम्बन के लिए भी क्या संगठन कोई योजना बनाएगा?**

महिला स्वावलंबन इस सत्र में हमारी बड़ी प्राथमिकता है। हमारी सुश्रीता समिति का कार्य क्षेत्र बहुत बड़ा है। इसके अंतर्गत हम महिला शिक्षा, स्त्रियोचित गुणों का विकास, आर्थिक स्वावलंबन, विशिष्ट दक्षता (स्किल डेवलपमेंट) इंटरप्रिनरशिप हेतु फंडिंग व नई मार्केटिंग करेंगी। माहेश्वरी महिलाओं का व्यवसायी ग्रुप, सोशल मीडिया, सुविधा उद्योग मेले, प्रोडक्ट प्रमोशन, ब्राँडिंग आदि हमारी प्राथमिकता रहेगी।

**यह मुद्दा अक्सर उठता है कि संगठन समाज के आम आदमी तक अभी भी नहीं पहुंच पाया। यह स्थिति महिला संगठन में भी है। इसके लिए आप क्या करना चाहेंगी?**

संगठन समाज के सभी लोगों तक न पहुंचे तो वह सार्थक हो ही नहीं सकता। हमारा प्रयास हर माहेश्वरी महिला तक पहुंचना है। इसके लिये हमारी समिति संगुधा, सुशांत, सौष्ठा, संपर्क, संबोध एवं सुरम्य जी तोड़ काम कर करेगी। हर महिला का स्वास्थ्य एवं गांवों तक सर्वसुविधा, सस्ते पर्यटन कार्यक्रमों द्वारा एक-दूसरों का मेल मिलाप शहरों को गांवों से जोड़ना, बच्चों की सामाजिक मेहमाननवाजी इसे सफल करेगी। इंटरनेट बेवसाइट, फेसबुक एवं व्हाट्अप द्वारा राष्ट्रीय संगठन नियमित रूप से हर स्थान से जुड़ेगा। टेक्नोलॉजी का सही अर्थों में हम फायदा उठायेंगे। हमारी समिति संपर्क और मांगों में बंटी हैं। अतः इसे अवश्य सफल बनायेंगी।

**महिला संगठन के अब तक लगभग जितने भी कार्यक्रम होते रहे उनमें आर्थिक रूप से कमजोर महिलाएं शामिल ही नहीं हो पातीं, कारण इनका अधिक शुल्क होना। क्या इस मुद्दे पर भी संगठन विचार करेगा?**

श्री माहेश्वरी टाइम्स जैसी समयानुरूप आवरण वाली पत्रिका से इस तरह के निहायती संकीर्ण साम्यवादी आरोप की मैंने कल्पना भी नहीं की थी। कार्यक्रमों को समाज के लोगों के सामान्य रहन-सहन के स्तर तक ले जाना, अपने कार्यक्रमों को देश में हो रहे अन्य कार्यक्रमों के स्तर तक ले जाना समय की मांग है। अच्छी बैठक, आवास, भोजन, यातायात व्यवस्था, अब लक्झरी नहीं प्राथमिकता है। स्तरीय कार्यक्रम नहीं करेंगे तो अगली पीढ़ी को कैसे जोड़ेंगे? पर इसका ये अर्थ लगाना कि सामान्य महिला नहीं जुड़ती, पूरी तरह से गलत है। हमारे हर कार्यक्रमों में योग्य होनहार महिलाओं को आर्थिक अभाव में कभी निराश नहीं होना पड़ा। प्रदेश जिला अपनी ऐसी साथियों का भार वहन करता है। महिला सेवा ट्रस्ट भार वहन करता है, उद्योग मेले में फ्री स्टॉल, कार्यक्रमों में रजिस्ट्रेशन फ्री रखा जाता है। महिला सेवा ट्रस्ट तो बनाया ही इस कार्य हेतु है। इस सत्र में हमारी समिति सुरम्य एवं सुश्रीता की तो सबसे बड़ी जवाबदारी है।

**आपकी भावी योजना क्या है?**

महिलाओं का सर्वांगीण विकास ही इस सत्र के प्रमुख उद्देश्य हैं। इसमें सर्वप्रथम पूर्व से संगठन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं तथा कार्यक्रमों का सुचारु संचालन होगा। समाज की हर वर्ग की महिलाओं को संगठन से अपनी विभिन्न समितियों के सहयोग से जोड़ेंगे। समयानुकूल महिलाओं की कॅरियर व परिवार में सामंजस्य की सोच का विकसित करने के लिये विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। समाज व समाज की नारी का हर समस्या पर चिंतन इस सत्र की सबसे बड़ी विशेषता रहेगी। ये कैसे सफल होंगे, इसका प्रमाण ही विभिन्न समितियों का गठन है।

**आप समाज को क्या संदेश देना चाहेंगी?**

समाज को संदेश नहीं देना चाहती बल्कि प्रार्थना करना चाहती हूँ कि समाज होता ही है, मिलजुलकर कार्य करने का नाम। आइये इस एकापेश सत्र में एक और एक एकादश नहीं असंख्य शक्ति, सामर्थ्य, सोच का संगठित सामाजिक स्वरूप निर्मित करें। सम्यक सोच, सुदूर दृष्टि, सुदृढ़ कार्य से हम सब सजायें सृष्टि! धन्यवाद


## मंगल एवं शुभकामनाओं के साथ...

दीपों का यह त्यौहार मानवीय जीवन में अनन्त समृद्धि - सुख और शान्ति लेकर काली अमावस्या के घोर अँधेरे में उज्ज्वल- आभा युक्त सजलप्रकाश के संग प्रवेश करता है। यह विलक्षण महापर्व शुभ और मंगल सन्देशों से पूरे वर्ष का जोश प्रवाहित कर देता है। हम भगवान् महेश से प्रेरित आल्हादित जीवन जीने वाले 'माहेश्वरी' हैं। स्वयं से ज्यादा समस्त की मंगलकामना करने को सर्वदा उद्यत रहते हैं। परसेवा को व्रत मानकर जीवन जीने की कला हमारी विशेषता मानी जाती रही है।

आइये , शिथिलता का त्याग कर सामाजिक उत्थान के मार्ग पर कदम ताल करें। श्री महागणेश जी माताश्री महालक्ष्मी जी के संग माहेश्वरीत्व के कण-कण में विराजित होकर अन्त्योदय से हमारी यात्रा का मार्ग प्रशस्त करें। सभी बंधुओं से दीपावली की रामाश्यामा।



विनीत :

**जुगलकिशोर सोमाणी**

जयपुर

संयुक्तमन्त्री (पश्चिमाञ्चल)


अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा

एस - 2, पर्ल एन्क्लेव, 97, बृज मण्डल कॉलोनी, कालवाड़ रोड , झोटवाड़ा, जयपुर-302012 ( राज )

मोबाइलः 09314521649, 09414011649, E-mail : jksomanijaipur@gmail.com

# आपके सहयोग से बनेगा नया भारत

## नोटबंदी के बाद जनता के लिए सुविधाएँ



**नोटबंदी के बाद रियायतें** (24.11.2016 तक)

पुराने नोट चलेंगे निम्न स्थानों पर–

- एयरलाइन्स/रेल्वे।
- सरकारी अस्पताल।
- केन्द्र/राज्य सरकारों/स्थानीय निकायों को देय भुगतान।
- किसानों को राज्य/केन्द्रीय, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि से बीज की खरीदी में छूट (सिर्फ 500 रुपये के नोट पर)।
- बिजली और पानी के बिलों का भुगतान।
- सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा नियंत्रित फ्यूल पम्प और गैस विपणन।
- सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों की बसें।
- श्मशान और कब्रस्तान।
- विदेशी पर्यटकों का आगमन और रवानगी।

**श्री नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री, भारत

**बैंक से पैसा निकालने में रियायतें**

- केवाईसी अकाउंट में जमा करने की कोई सीमा नहीं।
- एक व्यक्ति द्वारा सीमा के भीतर प्रतिदिन 2000/– रुपये तक एटीएम से निकालने की सुविधा।
- बैंक काउंटर से एक सप्ताह में अधिकतम 24000/– रुपये का आहरण (एटीएम सहित)।
- व्यवसायियों/व्यापारियों द्वारा चालू खाता से 50 हजार रुपये तक बैंक काउंटर से आहरण।
- शादी के लिए बैंक काउंटर से 2.5 लाख रुपये का आहरण।
- किसान केवाईसी अकाउंट में बचत/केसीसी से 25 हजार रुपये तक निकाल सकते हैं।
- इलेक्ट्रानिक ऑनलाइन/प्लास्टिक हस्तांतरणों पर कोई सीमा नहीं।
- आरटीजीएस का समय बढ़ाकर शाम 6:30 बजे तक (24.11.2016 तक)।
- बैंक द्वारा निजी अस्पतालों के लिए जमा और हस्तांतरणों को प्राथमिकता।



**D79932**

कालाधन, आतंकवाद और भ्रष्टाचार को रोकने तथा नकली नोटों के चलन को बंद करने के लिए नोटबंदी का क्रांतिकारी कदम उठाने पर गतिशील, दूरदृष्टा और युगपुरुष प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को हार्दिक बधाई... अभिनंदन.

**शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी


आपने जो रास्ता चुना है वह आपके बारे में बहुत कुछ कह जाता है, इसीलिए आपने सफलता कैसे प्राप्त की है उतनी ही महत्वपूर्ण है जितना की सफल होना। संगम का विश्वास समाज का विश्वास जितना है और हम उसी की सफलता को अपनी सफलता मानते हैं। आज इसी मूलमंत्र ने हमें मदद की है अपने व्यापार सहयोगियों के साथ सर्वश्रेष्ठ सम्बन्ध का विकास करने में। एक अच्छे एवं सफल व्यवसाय करने का यही एक मात्र मूलमंत्र है।
Sangam
Value through values
आप कहाँ जा रहे हैं ये महत्वपूर्ण नहीं है
आपने क्या रास्ता चुना है यह महत्वपूर्ण है।
SPINNING
55 THOUSAND MTON PER ANNUM
36 MW CAPTIVE POWER
WEAVING
30 MN METER PER ANNUM
FABRICS PROCESSING
50 MN METER PER ANNUM
DENIM
40 MN METER PER ANNUM
KNITTING
3 THOUSAND M TON PER ANNUM
SEAMLESS GARMENT
30 LAC PIECES PER ANNUM
AN ISO 9001:2008 CERTIFIED ORGANISATION
3 STAR EXPORT HOUSE STATUS
AMONGST INDIA'S LEADING 500 COMPANIES BY ECONOMIC TIMES
TEXTILE | STEEL | INFRASTRUCTURE | POWER | www.sangamgroup.com | info@sangamgroup.com
CSR INITIATIVES : SANGAM UNIVERSITY | ITM BHILWARA | SMT KESAR BAI SONI HOSPITAL | SANGAM SCHOOL OF EXCELLENCE

मधुबनी पेंटिंग वे हैं, जिनका निर्माण भगवान राम-सीता के विवाह के समय हुआ था। ये उस समय की सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग्स में से एक थीं। भगवान राम व माता सीता के विवाह के समय जनकजी ने कई ख्यात कलाकारों को बुलवाकर उनसे इनका निर्माण करवाया था। इस कला का उत्पत्ति स्थल मुख्य रूप से मिथिला (बिहार) रहा है। कलांतर में ये लुप्तप्रायः सी होने लगी थी। जब ख्यात कलाकार 47 वर्षीय सीमा अनिलकुमार मोदानी ने इसे जाना तो न सिर्फ स्वयं इस कला में सिद्धहस्त होने का दृढ़ संकल्प ले लिया बल्कि इसे सम्पूर्ण विश्व में प्रतिष्ठित करवाना भी प्रमुख लक्ष्य बना लिया। उनके प्रयासों का ही नतीजा वर्तमान में "मधुबनी पेंटिंग्स" की प्रतिष्ठा के रूप में दिखाई दे रहा है। मधुबनी अब सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि अमेरिका, इंग्लैंड, जापान आदि कई देशों में भी लोकप्रिय हो रही है।

## ऐसे चुना सांस्कृतिक कला का मार्ग

वैसे तो सीमा की शिक्षा समाजशास्त्र विषय के साथ एम.ए. तक हुई लेकिन उन्हें बचपन से ही पेंटिंग्स का बहुत शौक रहा है। इन्होंने कई तरह की पेंटिंग्स को शौक के साथ सीखा जैसे कि ऑइल पेंटिंग्स, फॅड पेंटिंग्स, ग्लास पेंटिंग, स्प्रे पेंटिंग आदि। ये आधुनिक कला और सांस्कृतिक कला दोनों का बराबर रूप से सम्मान करती हैं और इन्होंने इसलिए मधुबनी को चुना ताकि लोग अपनी सांस्कृतिक कला के बारे में जानें। इन्होंने





अपनी आमंत्रण-पत्रिका में भी मधुबनी की विस्तृत जानकारी दी है। सीमा को मधुबनी के बारे में जो बात सबसे अच्छी लगती है, वो है उसकी खूबसूरती और सादगी। मुख्य रूप से सीमा ने मधुबनी में भगवान राम-सीता, राधा-कृष्ण, सूर्य, मां दुर्गा यहां तक की हनुमानजी और अर्द्धनारीश्वर को भी स्थान दिया है। साथ ही औरत के विविध रूप, मछलियां, पशु पक्षी और ट्री ऑफ लाइफ भी मुख्य आकर्षण रहे हैं।


## ट्रेडिशनल खजाना में कई रत्न

सीमा मोदानी ने हमारी हजारों वर्ष पुरानी भगवान श्री राम के समय की मधुबनी पेंटिंग्स की प्रदर्शनी का आयोजन गत दिनों 21 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक अहमदाबाद की मशहूर 'सत्या आर्ट गैलेरी' में किया। ट्रेडी बॉक्स अर्थात ट्रेडिशनल खजाना में लगभग (तकरीबन) 50 एक्सक्लूसिव पेंटिंग्स को रखा गया, जो सीमा द्वारा स्वयं बनाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन योजना आयोग के उपाध्यक्ष और गुजरात के पूर्व उपमुख्यमंत्री नरहरिभाई अमीन के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शहर की कई जानी-मानी हस्ती मौजूद रहीं, जिन्होंने सीमा की पेंटिंग को खूब सराहा और उनके अपनी सांस्कृतिक कला के प्रति लगाव की भी प्रशंसा की।

**ख्यात चित्रकार सीमा मोदानी की पहचान उनके "ट्रेडी बॉक्स" के द्वारा "परम्पराओं की चितेरी" के रूप में है। वे एक ऐसी कलाकार हैं जिन्होंने हजारों वर्ष प्राचीन रामायणयुगीन चित्रकला मधुबनी को न केवल पुनर्जीवित किया बल्कि उसे सम्पूर्ण विश्व में प्रतिष्ठित भी करवाया।**

# परम्पराओं की चितेरी
# सीमा मोदानी



## पूरी दुनिया में मनायी धूम

सीमा की तमन्ना है कि उनकी अपनी सांस्कृतिक कला को लोगों तक पहुंचाने की ये कोशिश देश-विदेश तक जाए और खूब धूम मचाए। इसके लिये वे तन-मन से इस कला के प्रसार में जुटी हुई हैं। नतीजा यह है कि अब मधुबनी सिर्फ हिंदुस्तान में ही नहीं, अपितु अमेरिका, इंग्लैंड, जापान में भी काफी मशहूर हो चुकी है। सीमा ने अपने खजाने में ट्रेडी बॉक्स की प्रत्येक पेंटिंग को बहुत ही बारीकी से बनाया है, जिसे वे पेपर जेल पेन और एक्रेलिक रंगों की मदद से बनाती हैं। उनकी राह तो अत्यंत कठिन है लेकिन उन्हें विश्वास है कि इसमें अवश्य ही सफल होंगी। सीमा अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पति अनिलकुमार मोदानी और बच्चों शरद व आशु के सक्रिय सहयोग और प्रेरणा को देती है। उनका मानना है कि परिवार के सहयोग के बिना ये सब बिल्कुल भी संभव नहीं था।



## कई संस्थाओं में भी योगदान

श्रीमती मोदानी अपनी चित्रकला की व्यवस्तताओं के बावजूद कई संस्थाओं को सक्रिय रूप से सहयोग दे रही हैं। वे वीएनजी लेडिज क्लब भरुच की अध्यक्ष तथा गुजरात प्रदेश किशोर-किशोरी समिति की संयोजिका भी हैं। इसके साथ ही "अंधजन मंडल" व "ओल्ड एज होम" से भी सम्बद्ध हैं। कलाकार के साथ ही श्रीमती मोदानी "लाफ्टर व योगा ट्रेनर" के रूप में भी अपना सक्रिय योगदान दे रही है। उनके शौक में पेंटिंग्स के साथ डांसिंग, होम डेकोर, प्रेरणास्पृद पुस्तकें पढ़ना, गार्डनिंग आदि भी शामिल हैं।


Net Protector
NP AV
Total Security
PC, Laptop, Tablet, Mobile
Total सुरक्षा
Call :
9272707050 / 9822882566
india antivirus.com

Computerised Horoscope
Most Advanced Mathematical Software in India
Windows based Software
- Accurate Calculations
- Accurate Charts
- Full Screen VIEW Facility
- Use any printer - Dot Matrix or Inkjet or Laser.

Call: 9225664817 020-65601926

Choice of 6 Languages
English
Marathi
Hindi
Gujarati
Kannada
Telugu

Kundali 2012
www.kundalisoftware.com

।। जय महेश ।।

दीप पर्व एवं नूतन वर्ष पर सभी बन्धुओं का हार्दिक अभिनन्दन

## सत्य परेशां हो सकता है पराजित नहीं

।। जय महेश ।।



**श्याम सोनी**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
अ.भा. माहेश्वरी महासभा



**मोहन राठी**
उपाध्यक्ष
अ.भा. माहेश्वरी महासभा (मध्यांचल)



**शरद गट्टानी**
संयुक्त मंत्री
अ.भा. माहेश्वरी महासभा (मध्यांचल)



**राजेन्द्र ईनानी**
अध्यक्ष
पश्चिमी म.प्र. प्रादेशिक
माहेश्वरी सभा



**पुष्प माहेश्वरी**
मानद मंत्री
पश्चिमी म.प्र. प्रादेशिक
माहेश्वरी सभा



**अनिल मंत्री**
संगठन मंत्री
पश्चिमी म.प्र. प्रादेशिक
माहेश्वरी सभा



**रामचन्द्र तोतला**
कोषाध्यक्ष
पश्चिमी म.प्र. प्रादेशिक
माहेश्वरी सभा

हार्दिक शुभकामनाएँ
एवं
बधाइयाँ




## डॉ. रवीन्द्र राठी
कार्यकारी मण्डल सदस्य
अ.भा. माहेश्वरी महासभा
मो. 94250 52183

नई सोच... नई शुरुआत... नई दिशा...

# अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन

आप सभी को सपरिवार

शुभ दीपावली





**कमल भूतड़ा**
राष्ट्रीय अध्यक्ष

**www.abmys.com | email : visionabmys@gmail.com**
**Toll Free Helpline No. : 1800 3002 8800**
**Connect on :**

***Team Yuva Mantra : I am nothing but I can do anything... !!!***




वर्तमान में पूरा देश 500 व 1000 रुपए के पुराने नोट बंद होने से भारी मुद्रा संकट से गुजर रहा है। बैंकों में भी नकदी के लिये लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं। आखिर ऐसा कदम उठाना क्यों जरूरी था और इससे फायदा क्या होगा? आपके इन्हीं प्रश्नों का उत्तर दे रहे हैं, ख्यात पोर्ट फोलियो कन्सल्टेंट शरद बागड़ी...



# क्यों जरूरी हैं अर्थव्यवस्था में कठोर कदम

हमारा देश हजारों सालों की विरासत-सभ्यता लिये युवाओं, उच्च तकनीक, खनिज-मिनरल आदि हर तरह से परिपूर्ण है, परंतु 80 प्रतिशत नागरिक हर तरह की तकलीफ, गरीबी, भूखमरी से परेशान हैं। देश की पूरी पूंजी व संपत्ति का 80 प्रतिशत हिस्सा सिर्फ 10 प्रतिशत लोगों के हाथ में जमा होने के कारण अधिकतर आम जनता गरीबी रेखा के नीचे जीवन जी रही है। परचैसिंग पावर सिर्फ 10 प्रतिशत हाथों में होने के कारण हमारी अर्थव्यवस्था कमजोर दिख रही है। अमीरी-गरीबी का फर्क दिन-प्रतिदिन बढ़रहा है। इस कारण समाज में कई तरह की परेशानियां व वैमनस्य बढ़रहा है। अर्थव्यवस्था की कमजोरी का मूल कारण असामान्य रूप से देश की संपदा व आमदनी का जनता में बंटवारा होना है। इसका सबसे बड़ा कारण हमारे व्यापार व लेन-देन का 90 प्रतिशत हिस्सा नकदी में होता है, उसमें पारदर्शिता नहीं है। अतः 125 करोड़ की जनता होने पर भी इनकम टैक्स चुकाने वाले नगण्य हैं।

## क्या कहते हैं शास्त्र

छत्रपति शिवाजी महाराज का मंत्र ''अर्थ मुलोहि धर्मा'' अर्थात हर धर्म, घर, परिवार, समाज, देश क्षेत्र के पीछे अर्थ, पैसा जरूरी है। शिवपुराण व चाणक्य नीति कहती है, जैसे भँवरा फूल पर बैठकर बिना फूल को नुकसान व चोट पहुंचाए रस चूस लेता है व दूसरे दिन फूल फिर रस पैदा कर लेता है। उसी तरह सरकार राज्य व देश की प्रजा को बिना चोट पहुंचाए व तकलीफ दिए टैक्स वसूल करे। बिना पैसों के सरकार भी नहीं चल सकती है। कारण सरकार को सड़क, पानी, बिजली, अस्पताल, शिक्षा के लिये पैसा चाहिये। अगर सरकार को लोगों की कमाई व आमदनी के अनुपात में टैक्स नहीं मिलेगा तो सरकार जनता को सुविधा नहीं दे सकती है।

## क्यों हो रही है अर्थव्यवस्था कमजोर

हमारी अर्थव्यवस्था की दूसरी कमजोरी सोना व पेट्रोलियम पदार्थ हैं। जनता का मोह सोना खरीद कर तिजोरी में जमा करना है। सोना या तो सही तरीके से आयात होकर आयात ड्यूटी चुकाकर आता है या स्मगलिंग होकर। दोनों ही तरीके में सोने की कीमत डॉलर में चुकाई जाती है। दूसरा बड़ा आयात पेट्रोलियम का है जिसको भी सरकार डॉलर देकर खरीदती है। एक समय हमारा एक रुपया एक डॉलर के बराबर था जो आज कमजोर होते-होते एक डॉलर की कीमत सत्तर रुपए तक पहुंच गई है। 70-80 प्रतिशत लेन-देन नकदी में होने से टैक्स कलेक्शन कम होता है, कालाधन बढ़ता है, दुश्मन देश, आतंकवादियों को नकली नोट बाजार में चलाने का मौका मिलता है।

## नोटबंदी का फैसला क्यों उचित

इन सब व्यवस्था को सुधार कर महंगाई के चक्र को रोकने व अर्थव्यवस्था व रुपये को मजबूत करने के लिये सरकार को देश व 80 प्रतिशत जनता के हित के लिये बहुत कड़क बोल्ड स्टेप लेना बहुत जरूरी है। अगर समय रहते यह कदम नहीं उठाये गये तो एक दिन महंगाई का गुब्बार फूटेगा व इतनी बड़ी जनता व देश को संभालना मुश्किल होगा। हमारे प्रधानमंत्री मोदीजी ने पूरी देश के हालात व अर्थव्यवस्था को समझकर सुधारने के लिये पहला कदम 500 व 1000 रुपये के पुराने नोट को बंद करने का लिया जो बहुत ही जरूरी है। ऐतिहासिक व बहादुरी भरा कदम है। यह सिर्फ नोटबंदी नहीं है, सरकार नोटबंदी व कुछ समय के लिये बैंकों से रुपये निकालने पर अंकुश व सीमा लगाकर जनता की सोच भी बदलना चाहती है। लोग घरों में पैसा नहीं रखकर बैंकों में जमा करेंगे, इससे बैंक जरूरतमंद को कम ब्याज पर शिक्षा व व्यापार आदि के लिये पैसे दे सकेंगे।

## सबसे बड़ा कारण

नोटबंदी का असली मकसद नकली नोटों को सिस्टम से बाहर करना, कालाधन खत्म करना, हवाला, आतंकी फंडिंग रोकना व जनता के पास पड़ा पैसा बैंक सिस्टम में लाना। अभी कालाधन रियल स्टेट, जमीन-जायदाद व सोने में भी पड़ा है। इसको भी समयबद्ध तरीके से खत्म कर बाहर लाना जरूरी है। यह सब एक प्रकार से हमारे देश की अर्थव्यवस्था को दीमक की तरह खोखला कर रहे हैं। कैंसर की तरह फैल रहे हैं। इस लंबी बीमारी है, इलाज में समय लगेगा। कुछ समय के लिये तकलीफ भी होगी परंतु आने वाले उज्ज्वल भविष्य के लिये कुछ सख्त कदम उठाना अति आवश्यक हैं। इससे धीरे-धीरे हमारा रुपया मजबूत होगा। रोजगार बढ़ेंगे। सबको शिक्षा व स्वास्थ्य का लाभ मिलेगा। देश व समाज मजबूत व खुशहाल होगा। नये भारत का निर्माण होगा।

# जावंधिया परिवार, ठेनी (बनखेड़ी)

## नर्मदा शुगर प्रा.लि.

राजेश जावंधिया
मो. 094259-13000

साली चौका

विनीत जावंधिया
मो. 094259-12000

## रामदेव शुगर प्रा.लि.

अशोक जावंधिया
मो. 094259-23000

बनखेड़ी

किशोर जावंधिया
मो. 094259-16000

## शक्ति शुगर प्रा.लि.

विवेक जावंधिया
मो. 094250-41414

गाडरवारा

गगन जावंधिया
मो. 094071-23000

## श्रीजी शुगर एंड पावर प्रा.लि.

बैतूल

विवेक जावंधिया
मो. 094250-41414

Manufacturers of : High Quality White Crystal Sugar, Co-Generation of Electricity

E-mail : ramdevsugar@yahoo.com

वैभव जावंधिया
मो. 094071-13000

## श्रीनाथ ट्रेडर्स

अनिल जावंधिया

अनाज एवं तिलहन व्यवसायी

बनखेड़ी (म.प्र.)

फोन : 07576-228730 (दु.)
मो. : 094250-40817

मो. : 094259-14000
094250-40817
फोन : निवास
228018, 228445
228528, 228330

## श्रीजी ट्रेडर्स

जहाँ विश्वास ही परम्परा है

पिपरिया

E-mail shrinathtraders@sify.com

## जय गिरराज राईस एंड एग्रो मिल्स प्रा.लि.

खापरखेड़ा

उदित जावंधिया
मो. 081207-14000

उमंग जावंधिया
मो. 076938-14000

## हिमालय बिल्डर्स

वेदांश जावंधिया
मो. 086025-11000

भोपाल



## सम्मान-स्वाभिमान-स्वातन्त्र्य का समर

# मानवाधिकार

**मानवाधिकार वास्तव में मानवीय संवदेना पर चिंतन है, जो हमें पशुओं से भिन्न बनाता है। इस मुद्दे पर हमेशा से चिंतन होता ही रहता है, बस उसका स्वरूप भिन्न रहा है। इसके बावजूद वर्तमान में भी मानवाधिकारों का हनन पूरी तरह थमा नहीं है, बस हर जगह इसका स्वरूप भिन्न है। यह औद्योगिक प्रतिष्ठानों में श्रमिकों के श्रम के शोषण के रूप में भी मौजूद है।**



▸▸ हरिप्रकाश राठी, जोधपुर (मो. 094141-32483)

इस आलेख के प्रारंभ में मुझे 326 बीसी में सिंकदर व पोरस के मध्य झेलम नदी के किनारे हुए उस ऐतिहासिक 'हैडपसम युद्ध' का स्मरण हो आया है जब पराजय के बाद पोरस को बंदी बनाकर सिकंदर के दरबार में पेश किया गया। पोरस ने यह युद्ध बहादुरी से लड़ा था। यहां तक कि सिंकदर ने भी इस युद्ध में पोरस के शौर्य एवं युद्ध कौशल की सराहना की थी। दरबार में लाये पोरस से सिकंदर पूछता है 'तुम्हारे साथ क्या सुलूक किया जाए?' यहां पोरस का सटीक उत्तर ऐतिहासिक बन गया। बंदी पोरस कहता है कि ट्रीट मी एलेक्जेंडर द वे एक किंग ट्रीट्स अनादर किंग यानी सिकंदर तुम मेरे साथ वह सुलूक करो जो एक राजा दूसरे राजा के साथ करता है। सिकंदर इस उत्तर से इतना अभिभूत हुआ कि उसने पोरस को व्यास नदी के ईर्द-गिर्द अनेक इलाकों का राज्य तक दे दिया। हालांकि यह इतर बात है एवं जैसा कि अनेक इतिहासकारों का मत भी है कि सिकंदर के निधन के पश्चात् उसके सैनिकों ने पोरस का वध कर दिया था।

### सभी को न्यायपूर्ण व्यवहार का हक

पोरस का उत्तर मानवाधिकार के पन्नों का अमिट लेख है। हर व्यक्ति को यहां तक कि युद्ध बंदी तक को यह हक है कि उसके साथ न्यायपूर्ण व्यवहार किया जाए। सम्मान, स्वाभिमान, स्वायतता, स्वातंत्र्य एवं निजता के साथ जीने का व समानता का अधिकार सभी के लिए है। अगर विश्व के किसी भी एक देश में इन अधिकारों का हनन होता है तो निःसंदेह इसके दुष्प्रभाव विश्वव्यापी बनते हैं। यहां तक कि धर्म, वर्ग, कौम एवं नर-नारी के आधार पर भी इन अधिकारों को कम-ज्यादा नहीं किया जा सकता। महाभारत के द्यूत प्रसंग में आर्त अबला द्रोपदी भीष्म से यही तो प्रश्न करती है पितामह क्या स्त्री पुरुष की संपत्ति है अथवा फिर क्या उसकी एक अलग वैयक्तिक सत्ता भी है, अगर वह उसकी संपत्ति नहीं है तो फिर वह द्यूत में किस तरह लगाई जा सकती है? भीष्म तब निरुत्तर हो जाते हैं। वह यही प्रश्न तब युधिष्ठर से करती है कि तो वह भी सर झुकाकर बैठ जाते हैं।

### भयावह है क्रूरता की दास्ता

अगर आप अब तक विश्व इतिहास पर दृष्टि डालें एवं मनुष्य द्वारा किये गये जुल्मों की दास्तां पढ़ें तो कदाचित आप कह उठेंगे कि मनुष्य क्या पशु से भी बदतर है? इतिहास गवाह है कि अब तक स्त्रियों पर बेपनाह जुल्म हुए हैं। अनेक देशों में उन्हें वोटिंग राइट्स भी नहीं हैं। कुछ देशों, धर्मों में स्त्री अशिक्षा, उसे दोयम दर्जे का नागरिक मनाना आम बात है। कुछ अन्य देशों में तो प्रेम तक को व्याभिचार, अडल्टरी कहकर ऐसा करने वालों पर अमानुषिक जुल्म ढाये जाते हैं। जाति सम्मान की आड़ में हमारे देश में भी अनेक स्त्रियां हिंसा का शिकार हुई हैं। आज भी अनेक देशों में स्त्रियों का भग यानी क्लीटोरस बचपन में बर्बरता से हटा दिया जाता है ताकि स्त्री यौनिक सुख का चरम जाने ही नहीं। कोड़े बरसाये गये हैं। बच्चों की ट्रैफिकिंग, उनका यौनिक शोषण विश्वभर में आम है। गुलामी प्रथा, दास-दासी प्रथा विश्वभर में सदियों तक रही हैं। युद्धबंदियों पर जुल्म तो क्रूरता की पराकाष्ठा छू गये हैं। उन्हें कतार में खड़ाकर बंदूकों तक से भून दिया जाता है। उनके गले में जलते हुए टायर डालना, आंखें फोड़ना, अंग-भंग करने की घटनाएँ युद्ध में आम हैं। युद्ध के समय हुए बलात्कार तक के वीडियो क्लिपस उपलब्ध हैं। पूर्व के ऐतिहासिक युद्ध में भी स्त्रियों के साथ बलात्कार आम बात थी।

### क्रूरता के पीछे वैज्ञानिक कारण

ऐसी क्रूरता का उद्‌भव मनुष्य में कब हो गया? वस्तुतः मनुष्य मूलतः शिकारी था एवं जानवरों को मारकर पेट भरता था। सभ्यताओं के उत्थान के साथ-साथ वह कृषि, व्यापार, उद्योग एवं अन्य उच्चतर कार्यों में भी संलग्न हुआ लेकिन उसके भीतर का शिकारी आज भी जिंदा है। यह शिकारी जब-जब जागता है, अंगड़ाई लेता है, मनुष्य क्रूर, हिंसक होकर वीभत्स कर्म कर डालता है। हत्या, बलात्कार, लूटमार, शोषण आदि के नेपथ्य में यह शिकारी ही बोलता है। हमारे चार तीखे दांत एवं नाखून उसी शिकारी के इतिहास चिह्‌न है। प्रसंगवश यह लेख लिखते समय मैंने बीच में ही फोन कर जोधपुर की ख्यात दंत चिकित्सक डॉ. सूरज माहेश्वरी से इन दांतों के बारे में जानने की इच्छा प्रकट की, तो उन्होंने बताया कि यह टियरिंग टीथ हैं एवं ड्रेक्यूला टीथ के नाम से जाने जाते हैं।

### कैसे करें मानवीयता का उन्नयन

हमारा चेतस, आध्यात्मिक उन्नयन ही इस शिकारी की शिकस्त दे सकता है। जिसकी चेतना जागृत है वह स्वभावतः समदर्शी होगा। उसे सर्वत्र सब में ईश्वर का अंश ही नजर आएगा। साधु-शैतान आपको हर युग में मिल जाएंगे। लेकिन यह समयसिद्ध तथ्य है कि अंततः विजय सत्य की, साधुता की, प्रेम की ही होती है। प्रभु राम रामचरित मानस में संत असंत की क्या खूब व्याख्या करते हैं कि संत चंदन के वृक्ष की तरह एवं शैतान कुल्हाड़े के तरह होता है। *काटहि परस मलय सुन भाई, निज गुन देहि सुगंध बसाई* अर्थात् कुल्हाड़ा चंदन के पेड़ को काटता है तो भी चंदन का वृक्ष उसे बदले में सुगंध से भर देता है। चंदन इसीलिए तो देवताओं के सिर चढ़ता है एवं कुल्हाड़ा अंततः अग्नि में झोंक दिया जाता है।

दीपावली एवं नूतन वर्ष के पावन पर्व पर समाज बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएं



# सीतादेवी तोषनीवाल चेरिटेबल ट्रस्ट

ट्रस्टी

**नेमीचन्द तोषनीवाल**

पूर्व अध्यक्ष

वृहत्तर कलकत्ता प्रादेशिक माहेश्वरी सभा

**मदनगोपाल माहेश्वरी**

**विष्णुगोपाल तोषनीवाल**

57-ए, बालीगंज सर्कुलर रोड, कोलकाता-700019

फोन- (नि.) 033-24614925, (कार्या.) 22682676

मो. 094332-77426




# हम बदले, पर हमारी सोच नहीं

▸▸ सत्यनारायण राठी, नागपुर

**न सिर्फ लड़कों बल्कि विवाह योग्य बेटियों के रिश्ते करने में भी समाज परेशानी महसूस कर रहा है। कारण यह है कि हम उच्च शिक्षित हो गये, हमारे बच्चे उच्च शिक्षित हो गये अर्थात् हम तो बदल गये लेकिन फिर भी देखा जाए तो विवाह संबंध तय करने में हमारी सोच नहीं बदल गई। आज भी हम पुरानी सोच में ही जी रहे हैं।**

## जन्म पत्रिका ही सबकुछ

आज भी हम जन्म पत्रिका मिलान करना सबसे जरूरी समझते हैं। जरा सी कम संख्या में गुण मिलने पर आये हुये अच्छे रिश्ते को भी ना कर देते हैं। मन के संतोष के लिये पत्रिका मिलान करना भले ही जरूरी हो किंतु मिलान हेतु प्राप्त हुई पत्रिका का सही होना भी उतना ही जरूरी है। आप पत्रिका मिलान जरूरी समझते हैं तो अवश्य मिलान करें किंतु पत्रिका के चक्कर में हाथ लगा हुआ, पसंद आया अच्छा रिश्ता भी ना गंवाएँ। सबसे पहले पत्रिका की सत्यता, समय की जाँच भी अवश्य कर लेवें क्योंकि पत्रिका में दिये जन्म समय में भी फर्क हुआ तो पत्रिका के फल में बहुत बड़ा बदलाव हो जाता है।

## लड़का-लड़की से अधिक योग्य जरूरी नहीं

हम प्राचीन काल से पुरुषवादी सोच में ही जी रहे हैं। आज भी विवाह सम्बंध में लड़के को लड़की से अधिक योग्य होने पर ही स्वीकारा जाता है। यह सोच लड़का हो या लड़की दोनों के परिवारों में समान है। यही कारण है कि लड़की से अधिक उम्र, कद, शिक्षा तथा आय के लड़के की ही तलाश की जाती है। नहीं मिलता तो समान पर संतोष हो जाता है। आधुनिक दौर में जब हम कहते हैं कि नारी पुरुष से कम नहीं तो ऐसे फैसले क्यों नहीं लेते जो पुरुष ले सकता है। जब पुरुष अपने से कम योग्य युवती से विवाह कर सकता है, तो युवती क्यों नहीं?

## देहात से परहेज क्यों

माता-पिता चाहते हैं कि उनकी बेटी का रिश्ता किसी बड़े शहर के लड़के के साथ निश्चित हो। देहात या छोटे गांव में रहने वाली लड़की भी आजकल बड़े शहरों का सपना देख रही है, लेकिन हकीकत देखें तो आज देहात, छोटे शहर पहले जैसे नहीं रहे। वहां भी सारी सुख-सुविधाएँ एवं मनोरंजन के साधन उपलब्ध हैं। बेटियों को सुख केवल बड़े शहर में रहने से नहीं मिलता। सुख प्राप्त करने के लिए पैसा बहुत काम आता है। जीवनसाथी की जेब अगर खाली हो, तो बड़े शहर में रहने से क्या फायदा? इसलिये देहात या शहर नहीं बल्कि योग्यता देखें।

## संयुक्त परिवार से दूरी

अधिकांश लड़कियाँ संयुक्त परिवार में जाने से डरती हैं। माता-पिता भी उसकी इस विचारधारा को बढ़ावा देते हैं और वे अपनी बेटी के लिये छोटा सा परिवार ढूंढते हैं, जिसमें जिम्मेदारी अधिक न हो। हम स्वयं संयुक्त परिवार का विरोध करते हैं और दूसरी तरफ संस्कारों के क्षरण का रोना भी रोते हैं। याद रखें संस्कार सिर्फ संयुक्त परिवारों से ही बच सकते हैं। यह अपने आप में पारिवारिक "सैफ्टी शील्ड" भी होते हैं। संयुक्त परिवारों में कुछ परेशानियाँ भी हो सकती हैं, लेकिन इनसे होने वाले फायदे कहीं अधिक हैं। अतः अपनी बेटियों को संयुक्त परिवार की अच्छाइयाँ भी बताएँ। यदि सभी स्थितियाँ अनुकूल लगें और बेटी भी तैयार हो तो संयुक्त परिवार से परहेज न करें।

## कॅरियर वाली बहू क्यों नहीं

अगर आप पढ़ी लिखी बहू चाहते हों तो यदि वह घरेलू जिम्मेदारियाँ संभालकर कॅरियर बनाना चाहती हो तो इसमें आपको क्या हर्ज है। बहू भी नौकरी करेगी तो पैसा तो जोड़ेगी, घर आने वाली लक्ष्मी को नहीं ठुकराना चाहिये। कॅरियर ओरिएंटेड महिला बोल्ड रहने से घर के साथ बाहरी जिम्मेदारियाँ भी वह संभाल सकेगी, विशेषतः राशन लाना, बैंक में जाना, इलेक्ट्रिक/पानी का बिल भरना या शॉपिंग करना। लड़कियों को भी पारिवारिक व कॅरियर की जिम्मेदारियाँ में बैलेंस बनाने के लिये मानसिक रूप से तैयार होना चाहिये। यदि यहाँ अपनी सोच सही रहेगी तो कोई परेशानी आएगी ही नहीं।

With Best Compliments from



**Kasat Stone Industries**
**Kasat Bricks**
**Riddhi Stone Industries**
**Hotel Govind**
**Amar Traders**

KG KASAT GROUP
Ashok s. Kasat - 9673737379
Sharad S. Kasat - 9422779997

'Labh', Paldhi (M.S.) - 425103, **Ph.** : 02588-255280, 225231
**Fax** : 02588-255202, 9422779977, **E-mail** : kasatgroups@gmail.com

दीपावली एवं नववर्ष पर
सभी माहेश्वरी बन्धुओं को हमारी हार्दिक शुभकामनाएं



श्रीकांत भूतड़ा
मो.9414152776

रामकुमार भूतड़ा
महामंत्री
अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा
मो. 9414153043

अमित भूतड़ा
मो.9414415579

# कमला ग्रेनाईट इण्डस्ट्रीज

जी-101,रिक्को इण्ड.एरिया तृतीया चरण,जालौर (राजस्थान)
फोन-02973-223956,224043 फैक्स -02973-225376

## सहयोगी प्रतिष्ठान

### श्रीकान्त ग्रेनाईट्स
जी-100, रिक्को इण्ड.एरिया
तृतीया चरण,जालौर
फोन -02973-224043,
मो.9414152776

### आर.के. ग्रेनाईट्स
जयपुर बाईपास रोड,
मदनगंज-किशनगढ़
फोन -01463-250530
मो.9829180971

### आर.के. ग्रेनाईट्स
जी-98-99, रिक्को इण्ड. एरिया,
तृतीया चरण, जालौर
फोन-02973-225376, 225377
मो. 9414415579

### दिग्विजय ग्रेनाईट्स
जी-221, रिक्को इण्ड. एरिया,
तृतीया चरण,जालौर
फोन-02973-225088,
224198

# असाध्य नहीं है अस्थमा



**आम तौर पर यह मान्यता है कि अस्थमा अर्थात् दमा ने एक बार पकड़ा तो पूरी जिंदगी खांसते हुए ही गुजरेगी, लेकिन यह सत्य नहीं है। आधुनिक चिकित्सा में इसका पूर्ण समाधान हो या न हो लेकिन फायटोथैरेपी में काफी हद तक है।**

▸▸ डॉ. एस.एल. जैन, उज्जैन

आजकल श्वसन संबंधी रोगियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। श्वसन एक जानलेवा बीमारी है। दमा यह रोग किसी भी व्यक्ति को किसी भी मौसम में हो सकता है। गर्मी के मौसम में, सर्दी के मौसम में, वर्षा के मौसम में और कुछ लोग हमेशा अस्थमा से पीड़ित रहते हैं। अस्थमा श्वसन मार्ग (ब्रॉन्क्रियल्स) से संबंधित एक रोग है। गले की सांस की नली को ट्रैकिया कहते हैं। यह आगे दो नलियों में बंट जाती हैं, जिन्हें ब्रोंकाई कहते हैं। इन दोनों में से एक नली दायें और दूसरी बायें फेफड़े में चली जाती है। जब इन दोनों नलियों में तथा फेफड़े में श्लेष्मा जमा हो जाता है, यह निकाले नहीं निकलता, खांस-खांसकर, बड़ी मुश्किल से निकलता है तथा रोगी को सांस लेना भी मुश्किल होता है, तब इसे दमा कहते हैं। यह कई तरह का होता है, जैसे-एलर्जिक, ब्रोंकाइल, साईकोसोमैटिक (मनः कायिक) व जेनेटिक (आनुवांशिक) आदि।

## क्या है सामान्य पहचान

वैसे तो अस्थमा के लक्षण व्यक्ति विशेष के अनुसार बदल सकते हैं। लेकिन सामान्य रूप से अस्थमा के लक्षण दिखाई देते हैं-सर्दी-जुकाम के साथ बार-बार न्यूमोनिया होना, छाती से सायं-सायं की आवाज, जकड़न, रात में और सुबह कफ की शिकायत होना, सांस की नली में हवा का प्रवाह निर्बाध रूप से न होना, सांस लेने में कठिनाई, खांसना, बेचैनी, भय, दम घुटना, उल्टी, पेट खराब, बार-बार मल त्यागना (मोशन) आदि। प्रारंभ में ये लक्षण मौसम में बदलाव या अत्यधिक गर्मी या अत्यधिक सर्दी में दिखाई देते हैं।

## क्या हैं अस्थमा के प्रमुख कारण

खांसी, जुकाम तथा नजला रोग अधिक समय तक रहने से दमा हो सकता है। दवाइयों (जैसे इन्हेलर आदि) के अधिक प्रयोग के द्वारा या तो साइड इफैक्ट या कफ सूख जाने से भी दमा हो सकता है। फेफड़ों में कमजोरी, हृदय में कमजोरी, गुर्दों में कमजोरी, स्नायु मंडल में कमजोरी तथा साइनस रोग हो जाने के कारण दमा रोग हो सकता है। पर्यावरण प्रदूषण, एलर्जी, मौसम, इत्र, परफ्यूम जैसी खुशबू से दमा रोग हो सकता है। कुछ लोगों को रूई के बारीक रेशे, आटे की धूल, कागज की धूल, घासफूस, कुछ फूलों के पराग कण, पशुओं के बाल, फफूंद से एलर्जी हो जाती है, जिससे अस्थमा रोग हो सकता है। मानसिक तनाव, क्रोध तथा अधिक भय के कारण भी दमा रोग हो सकता है। मिर्च मसाले, तले भूने मिलावटी खाद्य पदार्थ, गरिष्ठ भोजन, खानपान के गलत तरीके, पाचन नली में जलन उत्पन्न करने वाले पदार्थों के सेवन से दमा रोग हो सकता है। आनुवांशिक कारण, ठंडी हवा, गर्म और उमस भरी हवा में सांस लेने से दमा के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। धूम्रपान, मद्यपान और तंबाकू के सेवन से अस्थमा रोग हो सकता है।

## कई रोगों का भी सहयोगी

अस्थमा के साथ बवासीर का होना- सही तरीके से मल का निकलना अस्थमा के रोगियों के लिए बेहद जरूरी है। कुछ लोगों को दमा व बवासीर एक साथ होता है, जो बड़ा नुकसानदायक है। दमा एक शीतल रोग है व बवासीर उष्ण ऐसे व्यक्ति कोई गर्म चीज खा लेते हैं, तो बवासीर की समस्या बढ़ जाती है। अगर कोई ठंडी चीज खा लेते हैं, तो उसके अस्थमा के लक्षण बढ़ जाते हैं। यह स्थिति बहुत खतरनाक होती है।

## दमा के साथ थायराइड

थायराइड के साथ दमा होने पर हृदय गति बहुत धीमी या बहुत ही तेज हो जाती है। कोलेस्ट्राल बढ़ जाता है, खून गाढ़हो जाता है। इम्यूनिटी पॉवर (रोग प्रतिरोधक क्षमता) कम हो जाती है। पाचन क्रिया (पाचन तंत्र) कमजोर हो जाती है। व्यक्ति डिप्रेशन का शिकार हो जाता है। याददाश्त कम हो जाती है।

**दमा के साथ हृदय रोग-** दमा के साथ हृदय रोग बढ़जाता है। ठंडा पसीना आना, घबराहट होना, ब्लड प्रेशर लो या हाई होना, हार्ट अटैकतौं (हड्डी) क्षीण हो जाती है। कमर धनुषाकार में झुक जाती है। हाथों में किसी वस्तु को पकड़ने की ताकत नहीं रहती।

## क्या करें-क्या न करें

**पथ्य ( खाने योग्य )-** आटा मोटा पीसा इस्तेमाल करें। शहद, सलाद, ताजी सब्जियाँ, गाय के दूध का पनीर, अंकुरित अनाज आदि का इस्तेमाल कर सकते हैं। रात का भोजन कम व सायंकाल ही कर लें।

**अपथ्य ( नहीं खाना है )-** मांस, मछली, सफेद चीनी, केक में पेस्ट्री, मैदा के बिस्किट, सफेद डबल रोटी व मैदे से बनी चीजें न खाएं। घी, मक्खन, तेल आदि न खाएं।

## फायटोथैरेपी में है उपचार

अस्थमा एक ऐसा जानलेवा रोग है जो रोगी को धीरे-धीरे दीमक की तहर खत्म करता है। अतः रोग अधिक गंभीर होने से पूर्व ही इलाज करवाने में रोगी स्वस्थ होकर सामान्य व्यक्ति की तरह जीवन जी सकता है। फायटोथैरेपी क्लीनिक, उज्जैन (मप्र) के अनुसार दमा जैसे असाध्य रोग, फायटोथैरेपी (मार्डन हर्ब) के उपचार से कुछ दिनों में ठीक हो सकता है। फायटोथैरेपी दो शब्दों से मिलकर बना है। ग्रीक भाषा का शब्द फायटो का अर्थ पौधे व पादप है तथा थैरेपी का अर्थ उपचार। फायटोथैरेपी प्राकृतिक, वनस्पति, खनिज लक्षण के मूल तत्व का अर्क है। मार्डन हर्ब होने से इसके द्वारा असाध्य रोगों का बिना किसी दुष्प्रभाव के शीघ्र व दीर्घकालीन उपचार होता है।

**सम्पर्क-** हेल्थिली फायटोथैरेपी क्लीनिक अलखधाम नगर, साँवेर रोड, उज्जैन (मप्र)-4561010, हेल्पलाइन नंबर 95222-84222

WITH BEST COMPLIMENTS FROM

# THE PACKAGING PEOPLE

## Kraft Paper Mill
## Shriniwas Board and Paper Pvt Ltd, Dewas

**Corrugated Box:**
Shree Packers (MP) Pvt Ltd, Ujjain an ISO 9001-2008 Certified Co
Vyanktesh Corrugators Pvt Ltd,Ujjain an ISO 9001-2008 Certified Co
Automatic 3/5 Ply Plant

**HDPE Container & Accessories**
**Arpit Plastics Pvt Ltd, Ujjain**
**Shriji Polymers Pvt Ltd, Ujjain**
**Caps & Bottle for Pharmaceuiticals**
**(President's Award Winning Unit)**

**Manufacturers of All types of Corrugated Boxes, Dye Cut Boxes, Laminated and Offset Printed Cartons for Domestic & Export for Textile, Cosmetics, Engineering, Automobile, Pharmaceuticals, Food & Beverages , DMF approved facility for Bottles and CR Caps.**

**Contact Number:0734-2527320-23 Fax Number:0734-2519691**
**Email:anand@packingpeople.com Website:www.packingpeople.com**

**आँखें जीवन की खुशियों की खिड़कियाँ हैं। यदि ये ही बंद हो जाएँ तो फिर पूरा जीवन ही अंधकारमय हो जाता है। ग्लुकोमा अर्थात कांच बिंदु आँखों की ऐसी खतरनाक बीमारी है, जो हमेशा के लिये रोशनी छिन सकती है। इसमें भी दुर्भाग्य यह है कि अक्सर रोगी स्वयं इसके लक्षणों को समझ ही नहीं पाता।**

▸▸ डॉ. नवीन डी. सोनी, अमरावती



# आँखों का सबसे बड़ा खतरा ग्लुकोमा



कांच बिंदु यानी काला पानी आँखों की एक ऐसी बीमारी है जिसमें हमारी नजर अपरिवर्तनीय रूप से परिवर्तित हो जाती है। इस बीमारी में आँखों के प्रेशर के बढ़ने से धीरे-धीरे हमारी पीछे की नस सूख जाती है और अंधत्व का खतरा उत्पन्न हो सकता है। इससे गई रोशनी फिर नहीं आती। पर समय पर जांच, निदान और इलाज करने से अंधत्व से बचा जा सकता है। कांच बिंदु एक आम तौर पर होने वाली पर कम निदान होने वाली बीमारी है। कारण यह है कि जल्दी या बीमारी के प्रथम पड़ाव पर मरीज को महसूस नहीं होते हैं। प्रायः कांच बिंदु 40-45 साल की उम्र के बाद ही होता है।

## क्या है इसकी पहचान

आम तौर पर काँच बिंदु अर्थात ग्लुकोमा की समस्या का पता बीमारी के अधिक बढ़जाने पर ही चलता है। इसका कारण यह है कि सामान्यतः लोग इसके लक्षणों को ही नहीं जानते। इतना ही नहीं यह भी जरूरी नहीं कि सभी लक्षण एक साथ ही दिखाई दें। आमतौर पर इनमें से कुछ लक्षण ही दिखाई देते हैं। आँखों में या पलकों और भौहों में दर्द होना, आँखों में रुक-रुककर झाग या पानी आना, प्रकाश के चारों तरफ इंद्रधनुषी रंग का दिखना, धुंधली नजर होना, दृष्टि का क्षेत्र या परिधि कम होना, चश्मे के नंबर में हर महीने में बदलाव आना आदि इसके प्रमुख लक्षण हैं। यदि ये समस्याएँ महसूस हों, तो सचेत हो जाएँ।

## क्यों होती है यह समस्या

यह बीमारी वंशानुगत (अनुवांशिक), जन्मजात, अज्ञानहेतुक (सबसे ज्यादा मरीज इसी कारण के रहते हैं) मानी जाती है। इसके साथ ही इस रोग के प्रमुख कारणों में कुछ ड्राप या टेबलेट (गोली) के साइड इफैक्ट्स, आँखों पर जोर की मार लगना, काला मोतिया या पूर्ण मोतिया पकने से अथवा उसके फटने से आँखों के अंदर के पानी के रिसाव की जगह कम होना तथा मधुमेह (डायबिटीज), हाय ब्लड प्रेशर इत्यादि भी शामिल है।

## क्या बरतें सतर्कता

नियमित रूप से आँखों की जाँच करवाते रहे, इससे कांच बिंदु को उसके पहले पड़ाव में ही ठीक किया जा सकता है। सामान्यतः 40 से 60 वर्ष की उम्र में प्रत्येक एक से डेढ़साल में व 60 के बाद प्रत्येक 1 वर्ष में आँखों की जांच करना चाहिए। यदि ऊपर बताए हुए लक्षण महसूस होते हैं, तो आँखों की जाँच तत्काल करवाएँ। चिकित्सक अपने परीक्षण में आँखों का दाब, आँखों की परिधि के साथ आँखों के दृष्टि क्षेत्र की जाँच भी करते हैं। अन्य कोई विशिष्ट जांच जो आपके आँख के डॉक्टर आपको सुझाव दें अवश्य करवाएँ। आपके डॉक्टर काँच बिंदु का उपचार आई ड्रॉप्स, मौखिक गोलियो, लेजर ऑपरेशन अथवा शल्य क्रिया से कर सकते हैं।


TIN-3207 1773385



With Best Compliments from

Wholesale Dealers in

2x2 Blouse Matching Lining, Cloth, Saree Falls & Fancy Duppatta etc.

Shree Bhagwati Fabrics

B.L. Dhiran 094470 50589 | Ramesh Dhiran 093886 07728

29, D.D. Bazar, Ground Floor
Gopala Prabhu Road, Ernakulam-035
Ph. : 0484-2372474



दीपावली एवं नववर्ष की सभी माहेश्वरी बन्धुओं को
हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएँ



।। जय महेश ।।


।। जय महेश ।।

क्षितिज सोमानी

98290 87990 | 96729 87990

अध्यक्ष, जिला माहेश्वरी युवा संगठन, भीलवाड़ा
उपाध्यक्ष, अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन युवा शाखा, भीलवाड़ा
वरिष्ठ पत्रकार, पुलिस पब्लिक प्रेस, भीलवाड़ा

## दीपावली एवं नववर्ष
### के अवसर पर सभी सामाजिक बन्धुओं को
## हार्दिक शुभकामनाएँ



# रामनिवास राठी

*पूर्व उपसभापति, अ.भा. माहेश्वरी महासभा*
*माहेश्वरी ऑफ द ईयर - 2012*

35, न्यू क्लॉथ मार्केट, अहमदाबाद (गुज.), मो. 098250-66687
e-mail : rbrathi35@yahoo.com

## अपने मूल पर टिके रहें, जड़ों से नहीं कटें



■ पं. विजयशंकर मेहता
(जीवन प्रबन्धन गुरु)

हर मनुष्य के दो जन्म हुए हैं, एक शरीर के तल पर, दूसरे आत्मा के तल पर। हमने जन्म देने वाली स्त्री को माँ और जिस धरती के खंड पर जन्म लिया गया उसे मातृभूमि कहा है। अपने मूल पर टिके रहना, अपनी जड़ों से न कटना यह एक नैतिक दायित्व, मूल्य है। वर्षों में सब कुछ बदल जाता है, मूल्य नहीं बदलते। मातृभूमि के साथ-साथ आपका परिवार भी आपकी जड़ें हैं, आपकी पहचान है, इसलिए प्रेमपूर्वक उससे जुड़े रहें।

अपनी मातृभूमि से प्रेम करने के भाव का अर्थ है, जहां हमारा जन्म हुआ, उससे जुड़े रहना। आध्यात्मिक भाषा में यूं कहा जाए कि आत्मा के तल पर जन्म हुआ है तो आत्मा से जुड़े रहें, अपने भीतर उतरें, थोड़ें स्वयं के निकट बैठें। सारी दुनिया घूमें परंतु अपनी मातृभूमि, अपने परिवार को नहीं भूलें। वैसे ही शरीर पर टिकें, संसार में घूमें पर अपनी आत्मा को विस्मृत नहीं करें।

अमीर खुसरो ने फारसी में नुह सिपिहर नामक मनस्वी में लिखा है कि हिंदुस्तान मेरी मातृभूमि है। इसलिए इससे मुझे बहुत प्रेम है। हजरत पैगंबर ने भी फरमाया है, देश प्रेम धार्मिक निष्ठा का ही अंग है। अमीर खुसरो तो यहां तक लिख गए कि दिल्ली हजरते देहली है। देहली की खूबसरती यदि मक्का शरीफ सुन ले तो वह भी आदरपूर्वक हिंदुस्तान की तरफ अपना रुख मोड़ ले। इस्लामी दीन में मक्का शरीफ का रुतबा दुनिया जानती है। इसकी तुलना दिल्ली से करने की हिम्मत अमीर खुसरो ने इसलिए की थी कि वे मातृभूमि के प्रेम को दर्शाना चाहते थे।

भारत में इस्लाम की नींव मोहम्मद गौरी ने डाली थी। कई मुसलमान शासकों ने भारत के सांस्कृतिक, धार्मिक दृश्य को तहस-नहस किया तो कई मुस्लिम बादशाहों ने इसे संवारा भी। इसीलिए बहुत कुछ गुजर जाता है पर जो रह जाता है, वह है मूल्य। खुसरो जैसे लोग उन्हीं मूल्यों पर अपनी कलम चलाते हैं। मातृभूमि से प्रेम का एक ऐसा भी अर्थ है कि अपने भीतर उतरो, यहीं खुदा है, ईश्वर है और वह सब कुछ है जैसा हम होना चाहते हैं।





## दोषों को दूर करना ही उन्नति की सीढ़ी

किसी फकीर के पास एक सेठ ज्ञान लेने पहुंचा, उसने कहा फकीर साहब मुझे समझाइये कि इंसान दुनिया में सुखी कैसे रहे, और भगवान को कैसे पाये। फकीर ने उपदेश दिया, "देखो भाई, भार रहित होकर ही भगवान तक पहुंच सकते हो। अपने आप को हल्का करो।" सेठ ने कहा महाराज मैं आपकी बात समझ नहीं सका। आप क्या कहना चाहते हैं, फकीर ने कहा ऐसा करो कि यह जो पहाड़ है, इसकी थोड़ी ऊंचाई पर मैं रहता हूँ, मेरे पास यह छोटे पाँच पत्थर है, तुम इन्हें वहाँ पहुंचा दो। इसके बाद मैं तुम्हें उपदेश दूंगा। मैं बूढ़ा हूँ, इसलिए आराम से आऊंगा। तुम वहाँ पहुंचकर मेरा इंतजार करना। फकीर ने सेठ को पाँच छोटे पत्थर दिये, वे छोटे पत्थर भी कम भारी नहीं थे। सेठ ने उठा तो लिए लेकिन जैसे-जैसे चढ़ाई चढ़ने लगा बोझ भी लगा ऊपर चढ़ना जरूरी था इसलिए बोझ हल्का करने के लिए पहला पत्थर फेंक दिया। तब हलका महसूस हुआ और आराम से ऊपर चढ़ने लगा। परंतु फिर थोड़ा और भार लगने लगा। अभी और ऊपर चढ़ना था। बोझ हल्का करने के लिए एक पत्थर और कम कर दिया। हल्का लगा ऊपर चढ़ने लगा। चढ़ाई सख्त थी, पर हलका होने से खुशी हुई और आराम से चढ़ने लगा। थोड़ा चढ़ने के बाद फिर बोझ लगने लगा और हल्का होने के लिए सारे पत्थर फेंक दिये और खुशी-खुशी ऊपर चढ़ गया। सेठ थका हारा ऊपर पहुंच गया और देखता है कि सामने फकीर साहब बैठे हैं।

सेठ कहने लगा, फकीर साहब मैं आपकी परीक्षा में सफल नहीं हो सका। अब आप जो उपदेश देना चाहें कृपा कर दीजिए।

महात्मा ने बड़े प्यार से उसे बिठाया और कहा देखो भाई इंसान जैसे ऊपर ऊंचाई पर पहुंचना चाहता है, वैसे हल्का होना पड़ता है। अगर तुम अपने आप को हल्का नहीं करते तो यहाँ ऊपर नहीं पहुंच पाते। ऊंचाई पर पहुंचने के लिए हल्का होना पड़ता है। जो मैंने तुम्हें 5 पत्थर दिये वो और कुछ नहीं काम, क्रोध, लोभ, मोह और अंहकार हैं। आदमी इन पाँच पत्थरों का त्यागकर ही भगवान तक पहुंच सकता है।

भगवान के मंदिर तक पहुंचना आसान नहीं हैं और आराम भी है। अपने आप को हल्का कर एक झटके में वहाँ पहुंच सकते हो। आनंद की बात तो यह है कि जैसे ही पहला पत्थर फेंका तुम्हारी हिम्मत बढ़ी, हृदय में खुशी हुई और लगा कि रास्ते में कठिनाइयां हैं, पर ऊपर चढ़ने की हिम्मत बढ़ी। ऐसे में तुम जैसे अपने आपको शक्तिशाली बनाते जाओगे तो प्रसन्नता होगी। इंसान जहाँ-जहाँ भी बंधा हुआ है, मजबूर है, बेबस है। वहीं उस पर कोई न कोई भार भी लदा हुआ है। अतः भार को हल्का करें।

■ **नरदेव आर्य,** विचारक, सिकंदराबाद

सभी देशवासियों को दीपावली पर्व एवं नववर्ष की
हार्दिक शुभकामनाएँ



बनवारीलाल जाजू
अध्यक्ष- गीता भवन ट्रस्ट, इन्दौर
भू.पू. उपसभापति- अ.भा. माहेश्वरी महासभा

आदर्श शीतगृह प्रा. लि.
ASG

ADARSH SHEET GRAH PVT.LTD.

Regd. off.: 115-B, Industrial Estate, INDORE-452 003
Cold Storage : Sanatorium Road. RAU -453 331 (M.P.)
PH.: (Off.) 2421014,2330564,2330810,
Rau-2856201,2856102 Resi.: 2516540-41-42-44



श्री द्वारिकाधीश विजयते
भगवान श्रीकृष्ण की कर्मभूमि
द्वारकाधाम
में 'श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट' द्वारा संचालित
अत्याधुनिक सुविधायुक्त एकमात्र माहेश्वरी अतिथि गृह



माहेश्वरी सेवा कुंज
21, द्वारकेश पार्क सोसायटी (अम्बुजा प्लाट), नागेश्वर रोड, देवभूमि द्वारका-361335 (गुजरात),
दूरभाष- 02892-235553 / 235554, मो. 097271-22111
E-mail : maheshwarisewakunj@gmail.com
आप अपना आरक्षण ई–मेल अथवा फोन से करवा सकते हैं

उपलब्ध सुविधायें
- ए.सी. व टी.वी. से सुसज्जित 47 डबल बैडरूम (अटैच्ड लैट, बॉथ)।
- 4 फैमिली ए.सी. हॉल (6 व्यक्तियों की क्षमता वाले)।
- अत्याधुनिक किचन के साथ वातानुकुलित भोजनशाला।
- वाई–फाई सुविधा से युक्त पूरा भवन
- विभिन्न मंजिलों पर जाने के लिये दो लिफ्ट की सुविधा।
- स्वच्छ आर ओ पेयजल की सुविधा
- भव्य एयरकंडीशन सत्संग हॉल।
- कार पार्किंग की सुरक्षित व्यवस्था।

श्यामसुंदर कासट (अध्यक्ष)
मो.- 098315-55555

रामस्वरूप जैथलिया (महामंत्री)
मो.- 096490-79999

विनोद कुमार बांगड (कोषाध्यक्ष)
मो. 094142-12835

**आपणी बोली** — *स्वाति जैसलमेरिया, जोधपुर*

# ईमानदारी री जीत



खम्मा घणी सा हुक्म आप मैं सब इण बात सूं वाकिफ हाँ कि जिंदगी रा दिन हो या साल रफ्ता-रफ्ता गुजर ही जावे देखते ही देखते इण बरस रो आखिरी महीनो भी आ गयो और यो भी गुजर जाईं। मुट्ठी में बंद रेत ज्यान फिसलता दिन देख हुक्म एक कवि री या लाइन याद आवे- 'ये दिन भी नहीं रेवेगा' समझ में नहीं आवे कवि यों वाक्य आशा री किरण रे रूप में लिखियो या चेतावनी रे रूप में। हुक्म दिन अच्छा हुवे या बुरा गुजर ही जावे। बुरा दिन मुश्किल सूं कटे अच्छा दिन झटपट। प्रधानमंत्री मोदीजी 500-1000 नोटों पर रोक लगा ने हुक्म अमीरों रो जीणो मुश्किल कर दियो जो बिस्तर में, अलमारी में, अंडरग्राउंड नोटों री गड्डिया छुपा ने आपरो भविष्य उणमें उज्जवल देखता था वे रातोंरात गरीब हूँ गया। काली कमाई पर सीधो 'साइलेन्स अटैक' कर मोदीजी जापान भाग गया पर म्हे तो हुक्म थाणे गले री कसम खाने केहवा जिंदगी में रती भर काली कमाई नहीं की। अजी काळी कमाई तो छोड़ो ससुरी सफेद कमाई भी नहीं कर पाया क्योंकि आपाणे देश में लिखण पढ़ण और नाटक करने कमाणे ने मेहनत रो काम माने ही नहीं हुक्म आपने एक दो नहीं दर्जनों एड़ा नाम गिणवा देवा जो म्हाणे कनु लिखवा तो लियो पर मेहनतानो देवण रे समय फक्त अपना दांत दिखा दिया।

हुक्म पिछला कुछ दिनों सूं मोदी रो निणन्य कंगाली री हालात में लाने रख दीयो। पति सूं छुपा छुपा ने थोड़ा बहुत बड़ा बड़ा नॉट पर्स में भरिया था वे तो रातोंरात बंद हूँ गया। बैंक जावा तो वठे लंबी लाइन देख हौसलां पस्त हूँ जावे हुक्म अगर छः घंटा लाइन में खड़ा हूँ गया तो छः बरस खाट सूं नहीं उठ पावाला। संदूक में दो-चार सौ रुपया मिल गया तो दूध-दलियों खरीद ने दिन निकालियां। एक बार तो यूँ लागयों कि मोदीजी काले चोरो रो दंड म्हाणे जेड़ा फकीरों ने दियो है क्योंकि जण हिम्मत जुटा ने लाइन में खड़ा हुआ तो एक भी आमिर लाइन में नहीं दिखियो जग्गू धोबी, रामलाल पोलिश वाळा, कल्लू हजामत करण वालो, कमला सफाई वाळी, या म्हाणे जेड़ा लोग लाइन में खड़ा था। पर हुक्म नजर वठे लाग्योड़ी टीवी चैनल पर पड़ी तो दिमाग री नसाँ हिलगी हुक्म करोड़ों-करोड़ों 500-1000 रुपया अमीरों से घरों सूं निकलियां कई लोग तो बोरियां भर-भर नदी में बहा दिया। हुक्म सालों बाद 10वीं कास में पढ्योड़ो 'विमुद्रिकरण' रो पाठ याद आ गयो

विमुद्रिकरण जीनो अर्थ है हुक्म जण किन्ही देश री अर्थव्यवस्था में काळो धन एक सीमा सुं अधिक बढ़जावे तो उन्हें खत्म करण वास्ते विमुद्रिकरण रो सहारो लेवणो पड़े जिने तहत जो अधिक मुद्रा हुवे उन्हें नष्ट कर नई मुद्रा ने मार्केट में लावे जिन्हें सूं जो धन काळी कमाई कर छुपा ने तिजोरियां भरे वे सब धरी की धरी रे जावे। सच में हुक्म मोदीजी रे इण फैसले ने दिल सूं सेल्यूट करा की देश सूं भृष्टाचारी, काला बाज़ारी खत्म हुने स्वच्छ सुंदर भारत जिनमे हर आम इंसान सुख सुं आपरो जीवन यापन कर सकेला ...

— जुगलकिशोर सोमानी, जयपुर

# राजिया रा दूहा



*राजिया रा दुहा ..... प्रसिद्ध राजस्थानी कवि स्व. किरपा रामजी खिडिया की रचना ....*

**कीन्धोड़ो उपगार नर क्रतघण माने नहीं;**
**लानत दे ज्यां लार रणजी ऊडावो , राजिया .....**

**अर्थ :** कृतघ्न मनुष्य किसी का उपकार मानता ही नहीं है, ऐसे मनुष्य की अवहेलना करनी चाहिए, लानत भेजनी चाहिए - यही नीति है. **आज के सन्दर्भ में :** वर्तमान में मानो कृतघ्नता का तूफ़ान चल रहा है, ऐसी स्थिति में नेकदिल, देशभक्त, परोपकारी महानुभाओं को माँ भारती की सेवा में अपने आप को झोंक देना चाहिए.

# मुलाहिज़ा फरमाइये



आईना जब भी उठाओ, तो पहले 'खुद देखो'
फिर 'दिखाया करो।'

खुद की पहचान बहुत जरूरी होती है
वरना, ताउम्र जी-हुजूरी होती है।

अभी साथ था..अब खिलाफ है,
वक्त का भी आदमी जैसा हाल है।

शख्सियत अच्छी होगी तभी दुश्मन बनेंगे,
वरना बुरेलोगों कोयहाँ देखता कौन है।

गुनहगारों की आँखों में झूठे गुरुर होते हैं,
यहाँ शर्मिंदा तो सिर्फ बेकसूर होते हैं।

उम्मीद ना करो इस दुनिया से किसी से हमदर्दी की
बड़े प्यार से जख्म देते हैं, शिद्दत से चाहने वाले।

कितना कुछ जानता होगा वो शख्स मेरे बारे में
मेरे मुस्कुराने पर भी जिसने पूछ लिया कि तुम उदास क्यों हो ?

▸▸ ज्योत्सना कोठारी, मेरठ




सौजन्य से...

*With Best Compliments From...*

# VIDYA WIRES PVT. LTD.


(An ISO 9001 : 2008 Certified Company)



**Shyam Sundar Rathi**

## excellence through experience

- Enamelled Copper Wires & Strips
- Paper Insulated Copper Conductors
  ( Mica / Nomex / Kraft / Crepe / Fibre Glass / Dauglass / Cotton / Polyester )
- MPCC - Connection Cables
- Bare Copper Wires
- Bunched & Stranded Copper Ropes / Earthing Cable
- Copper Tapes / PVC Copper Tapes



**DEALERS ENQUIRIES SOLICITED**

**Regd. Office & Factory**
123, G.I.D.C. Vithal Udyognagar,
Dist. Anand (Gujarat), INDIA
Ph.: +91 9228010700-09, +91 (2692) 236125.
Email: sales@vidyawire.com
www.vidyawire.com

श्री ॐ गं गणपतये नमः

# संकेत सितारों के



पं. विनोद रावल
(ज्योतिर्विद)
फोन : 0734-2515326

**मेष-** यह माह आपके लिये शुभ रहेगा। व्यापार में उन्नति होगी। घर में मांगलिक कार्य होंगे। अपनों से मुलाकात होगी। रुका धन प्राप्त होगा। रचनात्मक कार्य में मन लगेगा। लंबी यात्रा होगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। समय के अनुकूल कार्य पूरे होंगे। संतान सुख प्राप्त होगा। स्थान परिवर्तन के योग रहेंगे। राजकीय कार्य पूरे होंगे। लाटरी शेयर्स से दूर रहें। हानि होगी। परिचय का लाभ मिलेगा। मित्रों से सहयोग मिलेगा।

**वृषभ-** इस माह में आपको उन्नति के अवसर मिलेंगे। पिता से लाभ मिलेगा। अधिकारी वर्ग से सहयोग प्राप्त होगा। सामाजिक व धार्मिक कार्यों में भाग लेंगे। राजकीय कार्यों से लाभ व संतान के कार्यों से खुशी मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। व्यस्तता बढ़ेगी। जीवन साथी से वैचारिक मतांतर रहेंगे। वाणी एवं क्रोध पर नियंत्रण रखें नहीं तो बने कार्य बिगाड़ लिया करेंगे। धन लाभ एवं शुभ कार्यों में व्यय होगा।

**मिथुन-** यह माह आपके लिये सामान्य व्यतीत होगा। अधूर कार्य पूरे होंगे। व्यापार में सुधार व धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। यात्रा से लाभ मिलेगा। संतान के कार्यों में खुशी होगी। अपनों से सहयोग मिलेगा। व्यस्तता बढ़ेगी, धन लाभ होगा। पिता से लाभ किंतु माता के स्वास्थ्य की चिंता बनी रहेगी। जीवन साथी से मनमुटाव बना रहेगा। जल्दबाजी से कार्य बिगाड़ लेंगे। व्यय अधिक बढ़ेगा। अच्छे अवसर गंवायेंगे। अस्वस्थता बनी रहेगी।

**कर्क-** यह माह आपके लिये मिश्रित फलदायी रहेगा। न्यायालयीन प्रकरणों से दूर रहें, आलस्य को त्यागें। राजकीय कार्यों से लाभ एवं सफलता मिलेगी। यात्रा से लाभ, जीवन साथी से विवाद एवं संतान के स्वास्थ्य की चिंता बनी रहेगी। घर में मांगलिक कार्य होंगे। पुत्र संतान की प्राप्ति व विरोधी सक्रिय रहेंगे। सुख-समृद्धि बढ़ेगी। अध्ययन में रुचि बढ़ेगी। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। विवाद से बचें। अपनों से धोखा मिलेगा। रुके कार्य पूर्ण होंगे। लंबी यात्रा के सुअवसर प्राप्त होंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह-** यह माह आपके लिये अनुकूल व्यतीत होगा। शुभ समाचार प्राप्त होगा। माता-पिता से लाभ एवं भाइयों का सहयोग मिलेगा। उन्नति के अवसर व अधूरे कार्य पूरे होंगे। न्यायालयीन प्रकरणों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि होगी। यश प्राप्त होगा। जीवन साथी का सहयोग व विलासिता से समय व्यतीत होगा। संतान की चिंता, खर्च अधिक होगा। वाहन सुख, मकान सुख प्राप्त होगा। व्यापार में मंदी बनी रहेगी। शत्रु से सावधानी बरतें।

**कन्या-** यह माह आपके लिये सामान्य रहेगा। नौकरी में तबादला, काम की भागीदारी बनी रहेगी। कार्यों में सफलता मिलेगी। शुभ समाचार मिलने से खुशी व दाम्पत्य सुख प्राप्त होगा। व्यापार में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। हास-परिहास संग समय व्यतीत होगा। परोपकारी कार्य करेंगे। संतान की चिंता होगी। मानसिक तनाव रहेगा। स्थान परिवर्तन होगा। अपनों से भेंट पर प्रसन्नता मिलेगी। सुख-समृद्धि बढ़ेगी। नये कार्य प्रारंभ करेंगे, लाभ होगा।

**तुला-** यह माह पारिवारिक सुख में वृद्धिदायक होगी, हास-परिहास संग समय व्यतीत होगा। मन प्रसन्न होगा। परिवार में शुभ समाचार से खुशी मिलेगी। मांगलिक कार्य होंगे। संतान सुख प्राप्त होगा किंतु पिता से वैचारिक मतांतर होंगे। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा। सुख-समृद्धि बढ़ेगी। नये काम से लाभ, जीवन साथी का पूरा सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा से लाभ होगा। स्थान परिवर्तन होगा। भागदौड़ अधिक बनी रहेगी। परोपकारी कार्य से यश मिलेगा।

**वृश्चिक-** यह माह आपके लिये मिश्रित फलदायी रहेगा। सरकारी कार्यों से लाभ व रुके कार्य पूरे होंगे। लक्ष्य पूरे हो जाने से प्रसन्नता मिलेगी। अचानक यात्रा होगी। विद्यार्थी वर्ग को प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता मिलेगी। संतान के कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। न्यायालयीन प्रकरणों में खर्च। पारिवारिक सुख में कमी जीवन साथी से मनमुटाव बना रहेगा। अपनों से धोखा विरोधी बढ़ेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। मित्र सहयोग देंगे। धन संबंधी मामलों में सावधानी रखें।

**धनु-** यह माह आपके लिये लाभदायक रहेगा। मान-सम्मान प्राप्त होगा। परीक्षा में सफलता मिलेगी। मांगलिक कार्यों पर खर्च होगा। मेहमानों का आगमन बना रहेगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यापार में लाभ होगा। परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा। भौतिक सुख सुविधा प्राप्त होगी। नये कार्यों से लाभ होगा। जीवन साथी से सहयोग एवं लाभ मिलेगा। समय अनुकूल बना रहेगा। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिंता बनी रहेगी। न्यायालयीन प्रकरणों से लाभ होगा।

**मकर-** इस माह आपका यश-सुख एवं समृद्धि बढ़ेगी। मित्र सहायक रहेंगे, शत्रु परास्त होंगे। नये अवसर का लाभ मिलेगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। स्थान परिवर्तन करेंगे। रुके कार्य हो जाने से मन प्रसन्न रहेगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। व्यापार में उन्नति व वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। अपने प्रयासों से मन चाहे परिणाम मिलेंगे। यात्रा से लाभ होगा। जीवन साथी से मधुर संबंध के साथ खट्टा मीठा व्यवहार बना रहेगा।

**कुंभ-** यह माह आपके लिये आनंददायक व्यतीत होगा। संतान सुख मिलेगा। नौकरी में प्रमोशन मिलेगा। पारिवारिक सुख, व्यापार में वृद्धि, पिता से सहयोग मिलेगा। वाहन, मकान क्रय करेंगे। रुका धन मिलेगा। राजकीय पक्ष से लाभ, नये परिचय का लाभ मिलेगा। माता एवं जीवन साथी से मतभेद बना रहेगा। संतान के कार्य से मन दुःखी रहेगा। मित्र सहयोग करेंगे। व्यय अधिक होगा। लॉटरी से दूर रहें।

**मीन-** यह माह आपके लिए सफलतादायक रहेगा। पिता के सहयोग से मन प्रसन्न होगा। तीर्थ यात्रा के सुअवसर प्राप्त होंगे। रुके कार्य पूरे होंगे। मांगलिक कार्यों पर खर्च होगा। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। परिवार में खुशी के माहौल के साथ समय व्यतीत करेंगे। संतान की उन्नति कार्यों से मन प्रसन्न होगा। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। उदर विकार से कष्ट बना रहेगा। व्यय अधिक होगा। धार्मिक कार्यों पर खर्च अधिक होंगे।

## श्री नरसिंहदास भूतड़ा



**इंदौर.** गुमाश्ता नगर में निवाससरत श्री नरसिंहदास भूतड़ा (कन्नौद वालों) का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप संतोष तथा संजय भूतड़ा के पिता तथा कन्नौद के पत्रकार विनोद भूतड़ा के ताऊजी थे।

## श्री कन्हैयालाल लड्ढा

**इंदौर.** गुमाश्ता नगर हाउसिंग सोसायटी अध्यक्ष प्रहलाददास लड्ढा के छोटे भाई, पश्चिमांचल के उपाध्यक्ष कमल-किशोर लड्ढा व माहेश्वरी स्कूल ट्रस्ट के मंत्री पवन लड्ढा के काकाजी, श्री कन्हैयालाल लड्ढा (गुणावद वालों) का श्रीजी शरण गत 20 अक्टूबर को हो गया है। आप अपने पीछे दो पुत्र-राजेश एवं इंदौर जिला संयुक्त मंत्री विजय (बाजा) व एक पुत्री श्रीमती ममता मूंदड़ा व चार पोते सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## श्री सुभाष कचोलिया

**पुलगांव ( वर्धा ).** समाज के सक्रिय सदस्य श्री सुभाष कचोलिया का 48 वर्ष की अवस्था में गत दिनों हृदयाघात से असामायिक निधन हो गया। आप पुत्र-पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं।

## श्रीमती नीलू मूंदड़ा



**जीरापुर.** वरिष्ठ समाज सेवी व जीरापुर-वासा गोविंदा (तिरुपति बालाजी) मंदिर के संस्थापक ओ.पी. मूंदड़ा व श्रीमती शंकुतला देवी की पुत्रवधू तथा ख्यात व्यवसायी ज्ञानस्वरूप मूंदड़ा की धर्मपत्नी श्रीमती नीलू मूंदड़ा का गत 9 नवंबर को बोन कैंसर से 52 वर्ष की अवस्था में असामयिक निधन हो गया। आप कोटा (राजस्थान) निवासी श्री रतनलाल-शकुंतला मंत्री की सुपुत्री थीं। आप अपने पीछे विवाहित पुत्र प्रशांत मूंदड़ा तथा बहन प्रियंका गांधी (नागपुर) सहित पौत्र-पौत्री, नाती-नातिन तथा देवर लोकेंद्र सहित भरापूरा शोकाकुल परिवार छोड़ गई हैं। स्व. श्रीमती मूंदड़ा ने आजीवन धार्मिक व सामाजिक गतिविधियों में अपना सक्रिय योगदान दिया है।

## श्री श्यामसुंदर मालपाणी



**कारंजा ( वाशिम ).** समाज के वरिष्ठ सदस्य श्री श्यामसुंदर मालपाणी का 67 वर्ष की अवस्था में गत 8 अक्टूबर को देहावसान हो गया। आपका समाजसेवी तथा धार्मिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आप अपने पीछे 2 पुत्र तथा 2 पुत्रियों का भरापूरा शोकाकुल परिवार छोड़ गये हैं।

## श्री सतीश कुमार सारडा

**अंजनगांवसुरजी ( अमरावती ).** समाज के सक्रिय सदस्य श्री सतीश कुमार सारडा का गत 9 नवंबर को 56 वर्ष की अवस्था में असामयिक निधन हो गया। आप अपने पीछे 1 पुत्र व 1 पुत्री सहित भरापूरा शोकाकुल परिवार छोड़ गये हैं।

## श्री मानिकचंद बागड़ी द्वारा मरणोपरांत नेत्रदान



**बरहमपुर.** कर्मठ वरिष्ठ कार्यकर्ता मानिकचंद बागड़ी का निधन बरहमपुर (ओडीशा) में गत दिनों हो गया। आपने अपनी माता जमनादेवी के पदचिह्नों पर चलते हुए मरणोपरांत "नेत्रदान" कर मिशाल कायम की। आप अभामा महासभा के कार्यकारी सदस्य श्यामसुंदर बागड़ी (कोलकाता) के ज्येष्ठ भ्राता थे। अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।


**जल देवता**

वेद-पुराण-कुरान-बायबिल
सहित सभी धर्मग्रन्थों ने भी कहा है-
'जल है तो कल है'।
इन्हीं सन्दर्भों से सन्दर्भित
**डॉ. विवेक चौरसिया**
के जल पर केन्द्रित लेखों का संग्रह
'जल देवता'.




जिनमें आप पायेंगे
न सिर्फ भारतीय संस्कृति
बल्कि सम्पूर्ण विश्व ने
स्वीकारी है
जल की महत्ता.

**Rs. 150/-**
डाक खर्च सहित

**खूबसूरती से जीएँ 55 के बाद**

55 के बाद की जिन्दगी सपनों का
अन्त नहीं बल्कि उन्हें
साकार करने का स्वर्णिम समय है.
बस इसके लिए जरूरी है
खूबसूरती से जीना कैसे जीएँ...
इसी के सूत्र बताती है




**डॉ. एच.एल. माहेश्वरी**
की पुस्तक
"खूबसूरती से जीएँ
55 के बाद".

**Rs. 120/-**
डाक खर्च सहित

आपसे कहा जाता है -
- संकट निवारण हेतु पानी में नारियल बहा दें।
- सांप दिखे तो काम टालें।
- नल को पानी टपकता न छोड़ें।

... और भी बहुत कुछ **तो फिर...**

**ऐसा क्यों?**
aisa kyon
जिसमें छुपा है आपके हर क्यों का जवाब




प्रश्न उठना स्वाभाविक है -
**"ऐसा क्यों?"** लेकिन इसका
उत्तर देगा कौन?
**इसका उत्तर देगी गहन
अध्ययन से संजोई पुस्तक**

**Rs. 100/-**
डाक खर्च सहित

**ऋषिमुनि प्रकाशन**

90, विद्यानगर, साँवेर रोड, उज्जैन (म.प्र.) फोन - 0734-2526561, 2526761, मो. 094250-91161

ADITYA BIRLA
GRASIM

# GRASIM INDUSTRIES LIMITED



ADITYA BIRLA GROUP

## Aditya Birla Group

The Aditya Birla Group is India's first truly multinational corporation with a US$ 24 billion turnover. Its 85 state-of-the-art manufacturing units and sectoral services employ over 100,000 people in 20 countries. The group's businesses cover divers sectors including viscose staple fibre, metals, cement, branded apparel, financial services etc.

**Birla Cellulose**
Fibres from nature

**Birla Cellulose** - Fibres from Nature

Soft , comfortable, bright and durable, the magic of cellulosic fibres is taking the globe by storm.

The Birla Cellulose logo is inspired by nature. The circle of leaves represents the renewable and sustainable cycle of nature. The leaves represent the natural softness of the products . The vibrant field of green symbolizes conterntorartness, performance and durability. Nature remains at the heart of all Birla Cellulose's sub-brands:

Birla Cellulose **viscose**

Birla Viscose, the first generation product. Is depicted by the fresh green of summer.

Birla Cellulose **modal**

Birla Modal, the second generation product. uses the rich orange of autumn.

Birla Cellulose **excel**

Birla Excel, the third generation product. Is represented by a contemporary lavender of spring


Fibre Marketing Office
1101 & 1102 Ocean
11th Floor,
Opp. Vadodara Central Mall
Vikaram Sarabhai Marg, Vadiwadi
Vadodara-390023
Tel. : +91+265-6171200
Fax : +91+265-2339626

Marketing & Business Dev. Div.
Hub Town Solaris
5th Floor, 501a & 502
Prof. N.S. Phadake Marg
Andheri (East)
Mumbai-400069
Tel : +91+022-61957700
Fax : +91+022-61957702

* शुभकामनाएं *



RituRaj
INFRATEC LTD.
SURAT

RITURAJ TEXTILE HUB
RITURAJ UNIQUE TEXTILE MARKET
RITURAJ MUMBAI FANCY MARKET
SAKET TEXTILE MARKET
CALIXTO TEXTILE MARKET
CALIXTO 9
MANGALAM 63

Rajendra Chandak (Rajubhai) : +91 93747 23455
Badal Chandak : +91 78786 12345

RITURAJ INFRATEC LTD

HEAD OFFICE :
C-3122-3123-3124, 1st Floor,
Millennium Textile Market
Ring Road, Surat - 395002
Ph. : (O) 0261 2353772
www.riturajinfratec.com





RNI-MPHIN/2005/14721
Po.-Malwa Division/244/2013-2016
Despatch Date - 02 December, 2016

If Undelivered Please Return To
SRI MAHESHWARI TIMES
90, Vidya Nagar (Behind Tedi Khajur Dargah),
Sanwer Road, UJJAIN (M.P.) - 456010
Ph. 0734-2526561, 2526761, Mo. : 94250 91161
E-mail : smt4news@gmail.com




FREE REGISTRATION AT www.srimaheshwarimelapak.com